# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-06-2022

# कबाड़ हो रहीं गाड़ियों की नीलामी कर कमाए 4.69 लाख

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिले के पांच थानों में कबाड़ हो रही गाड़ियों को नीलाम कर बुधवार को 4 लाख 69 हजार 300 रुपये की राजस्व की आमदनी हुई। जिले के उरुवा बाजार, हरपुर बुदहट, चिलुआताल, गीडा और सहजनवां थानों से कुल 116 गाड़ियों की नीलामी हुई। जल्द ही अन्य थानों में भी नीलामी की जाएगी। बताया जा रहा है कि करीब एक दशक बाद थानों से गाड़ियों की नीलामी हुई है।

एसएसपी दफ्तर के मुताबिक, एक जुलाई को पिपराइच, दो जुलाई को खोराबार, चार जुलाई को झंगहा और पांच जुलाई को चौरीचौरा थाने से वाहनों की नीलामी होगी। जहां उचित बोली लगाकर इन पुरानी गाड़ियों को कोई भी खरीद सकेगा। खोराबार में नीलामी के लिए 12 बाइकें चिह्नित की गई हैं। दरअसल, बुधवार को चिलुआताल, उरुवा, चौरीचौरा और हरपुर बुदहट समेत चार थानों पर नीलामी रखी गई थी। लेकिन, बरसात की वजह से चौरीचौरा में नीलामी प्रक्रिया नहीं हुई। अब चौरीचौरा में आगामी दो जुलाई को यह कार्रवाई होगी। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर थानों पर वर्षों से पड़े लावारिस वाहनों की नीलामी कराई जा रही है। इसके लिए चार से पांच थानों का रोस्टर बनाकर नीलामी कराई जा रही है। गाड़ियां नीलाम होने से थाने भी साफ हो गए हैं।

## गोरखपुर के 29 थानों में हैं 50 हजार गाड़ियां

**हादसे** या फिर चोरी की गाड़ियों के बरामद होने के बाद कई बार मालिक तक पुलिस नहीं पहुंच पाती है। ऐसे वाहन थाने में खड़े होते है और फिर कबाड़ हो जाते हैं। जिले के 29 थानों पर वर्तमान में करीब 50 हजार गाड़ियां पड़ी हैं, जो खराब हो रही हैं। इन गाड़ियों को चिह्नित कर उनके नीलामी के लिए एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी को नोडल अधिकारी बनाया गया। बुधवार से रोस्टर के अनुसार चार-चार थानों पर एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में नीलामी प्रक्रिया शुरू कराई गई है।

# निर्धारित से ज्यादा मूल्य लेने पर सेल्समैन को जेल

**सहजनवां।** इलाके के मिनवां में स्थित बीयर की सरकारी दुकान से एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) से ज्यादा रुपये लेने पर सेल्समैन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को बुधवार को जेल भिजवा दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। पकड़े गए आरोपी की पहचान पीपीगंज के जंगल अगही निवासी सतीश कुमार के रूप में हुई।

जानकारी के मुताबिक, सहजनवां क्षेत्र के मिनवां में देसी के साथ ही अंग्रेजी और बीयर की लाइसेंसी दुकान संचालित होती है। क्षेत्रीय लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की कि दुकान का सेल्समैन बीयर की एक बोतल पर प्रिंट रेट से अधिक मूल्य लेता है। मंगलवार की शाम को आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह की जांच में आरोप साबित हुआ। प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह की तहरीर पर बीयर की दुकान के सेल्समैन पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# दुष्कर्म के आरोपी को जेल भेजा

गोरखपुर। पिपराइच इलाके की एक नाबालिग लड़की से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने जेल भिजवा दिया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान पिपराइच के खूनीपुर निवासी तस्लीमशाह के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, पिपराइच थाने में झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में केस दर्ज किया था। आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। ब्यूरो

# कबाड़ हो रहीं गाड़ियों की नीलामी कर कमाए 4.69 लाख

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** जिले के पांच थानों में कबाड़ हो रही गाड़ियों को नीलाम कर बुधवार को 4 लाख 69 हजार 300 रुपये की राजस्व की आमदनी हुई। जिले के उरुवा बाजार, हरपुर बुदहट, चिलुआताल, गीडा और सहजनवां थानों से कुल 116 गाड़ियों की नीलामी हुई। जल्द ही अन्य थानों में भी नीलामी की जाएगी। बताया जा रहा है कि करीब एक दशक बाद थानों से गाड़ियों की नीलामी हुई है।

एसएसपी दफ्तर के मुताबिक, एक जुलाई को पिपराइच, दो जुलाई को खोराबार, चार जुलाई को झंगहा और पांच जुलाई को चौरीचौरा थाने से वाहनों की नीलामी होगी। जहां उचित बोली लगाकर इन पुरानी गाड़ियों को कोई भी खरीद सकेगा। खोराबार में नीलामी के लिए 12 बाइकें चिह्नित की गई हैं। दरअसल, बुधवार को चिलुआताल, उरुवा, चौरीचौरा और हरपुर बुदहट समेत चार थानों पर नीलामी रखी गई थी। लेकिन, बरसात की वजह से चौरीचौरा में नीलामी प्रक्रिया नहीं हुई। अब चौरीचौरा में आगामी दो जुलाई को यह कार्रवाई होगी। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर थानों पर वर्षों से पड़े लावारिस वाहनों की नीलामी कराई जा रही है। इसके लिए चार से पांच थानों का रोस्टर बनाकर नीलामी कराई जा रही है। गाड़ियां नीलाम होने से थाने भी साफ हो गए हैं।

## गोरखपुर के 29 थानों में हैं 50 हजार गाड़ियां

**हादसे** या फिर चोरी की गाड़ियों के बरामद होने के बाद कई बार मालिक तक पुलिस नहीं पहुंच पाती है। ऐसे वाहन थाने में खड़े होते है और फिर कबाड़ हो जाते हैं। जिले के 29 थानों पर वर्तमान में करीब 50 हजार गाड़ियां पड़ी हैं, जो खराब हो रही हैं। इन गाड़ियों को चिह्नित कर उनके नीलामी के लिए एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी को नोडल अधिकारी बनाया गया। बुधवार से रोस्टर के अनुसार चार-चार थानों पर एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में नीलामी प्रक्रिया शुरू कराई गई है।

# पुलिस की गोली से संतकबीरनगर का हिस्ट्रीशीटर घायल

## 25 जून की रात दंपती को बंधक बनाकर की थी लूटपाट, गहने-तमंचा व बाइक बरामद, पुलिस टीम को 25 हजार का इनाम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। हरपुर बुदहट में मंगलवार की देर रात हुई मुठभेड़ में संतकबीरनगर का हिस्ट्रीशीटर रणजीत यादव पुलिस की गोली से घायल हो गया। घायल बदमाश को पुलिस ने इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश रणजीत ने 25 जून की रात में हरपुर बुदहट इलाके में दंपती को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

आरोपी पर 14 गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। उसके पास से पुलिस ने लूटे गए गहने, तीन मोबाइल फोन, तमंचा, कारतूस, खोखा और बाइक बरामद की है। मुठभेड़ करने वाली टीम को एसएसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम दिया। पकड़ा गया बदमाश संतकबीरनगर के महुली थाने के उसरापार गांव का मूल निवासी है।

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि हरपुर बुदहट के देवरिया गांव के पास संतकबीरनगर सीमा पर हरपुर बुदहट के एसओ नीतिन श्रीवास्तव और सिकरीगंज थानेदार दीपक सिंह को मंगलवार की देर रात बदमाशों के होने की सूचना मिली थी। सूचना पर सीमा के पास पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक से युवक आता दिखा। पुलिस ने उसे रोका तो वह फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस ने खुद को बचाते हुए आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। इस दौरान बदमाश के दाहिने पैर में घुटने के पास गोली लग गई और वह बाइक से गिर पड़ा। पूछताछ में उसने 25 जून की रात लूट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया है।



पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ हिस्ट्रीशीटर रणजीत यादव। संवाद



पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार रणजीत यादव की मोटर साइकिल। संवाद

### हरपुर बुदहट में बंधक बनाकर की थी लूट

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार रणजीत ने ही 25 जून की रात में हरपुर बुदहट इलाके के हिजना निवासी जयप्रकाश सिंह के बेटे सोनी सिंह और उनकी पत्नी को 7 घंटे घर में बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। सोनी सिंह हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। वे 25 जून की रात अपनी पत्नी सपना के साथ थे। दोनों की शादी अभी छह माह पूर्व ही हुई थी।

### दो महीने में 7 मुठभेड़, 11 बदमाशों के पैर में लगी गोली

- 12 मई 2022 को कैंट के मोहद्दीपुर में मुठभेड़ में राजघाट निवासी लुटेरे शहजादे के पैर में गोली लगी।
- 2 मई 2022 को बेलघाट इलाके में पुलिस से हुई मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी बदमाश आजमगढ़ के गंभीरपुर थाने के रानीगंज रजौड़ा निवासी तौफिक अहमद उर्फ गुड्डू के पैर में गोली लगी।
- 29 अप्रैल 2022 को कैंट पुलिस की छावनी रेलवे स्टेशन के पास चार लुटेरों से मुठभेड़ हुई। बिहार के कटिहार के कोढ़ा जुराबगंज गांव के बदमाश हैरान कुमार, शिवा, वीरेंद्र और करन उर्फ संजय के पैर में गोली लगी थी।
- 26 अप्रैल 2022 को खोराबार तिहरा हत्याकांड का आरोपी पुलिसवालों की पिस्टल लेकर फायरिंग करते हुए पुलिस अभिरक्षा से भाग रहा था। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से हत्यारोपी संतकबीरनगर निवासी आलोक पासवान के पैर में गोली लगी।
- 25 अप्रैल 2022 को रामगढ़ताल पुलिस की दो लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। गोली से 32 लाख के लूट के आरोपियों चिलुआताल के मोहरीपुर निवासी मनोज और बेलघाट के सिंधवान निवासी अजीत उर्फ सोनू बाबा के पैर में गोली लगी।
- 17 अप्रैल 2022 को चौरीचौरा पुलिस की सोनबरसा बाजार में पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। इसमें जौनपुर के पशु तस्कर इमरान के पैर में गोली लगी थी।

### यह हुआ बरामद

आरोपी के पास से पुलिस ने सफेद धातु की आठ जोड़ी पायल, एक लॉकेट, दो सिक्के, 29 जोड़ी बिछिया, तीन अंगूठी, एक ताबीज, पीली धातु की एक अंगूठी, दो जोड़ी बालियां, कान के एक जोड़ी टप्स, सोने का लॉकेट, नाक की कील दो, एक नथिया, लूटे गए तीन मोबाइल फोन, एक चोरी की बाइक के अलावा तमंचा व कारतूस मिला है।

# जालसाजी के आरोपी को जेल भेजा

महावीर छपरा। पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर जालसाजी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। आरोपी की पहचान बंशीपुर निवासी अजय सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, बिहार और अन्य जगहों के युवकों को विदेश भेजने के नाम पर अजय ने जालसाजी की थी। हरेक से 40 से 60 हजार रुपये वसूले गए थे। मंगलवार को पीड़ितों ने बेलीपार थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

# संपूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी

गोरखपुर। डीएम कृष्णा करूणेश ने 17 दिसंबर तक के लिए संपूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम जारी कर दिया है। समाधान दिवस महीने के पहले एवं तीसरे शनिवार को आयोजित किया जाएगा। शनिवार को अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यदिवस को यह आयोजन होगा। डीएम के मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में सीडीओ अध्यक्षता करेंगे।

डीएम ने बताया कि उनकी अध्यक्षता में दो जुलाई सदर तहसील, 16 जुलाई को खजनी, छह अगस्त को कैंपियरगंज, 20 अगस्त को बांसगांव, तीन सितंबर को चौरी चौरा, 19 सितंबर को सहजनवां, आठ अक्तूबर को गोला, 22 अक्टूबर को सदर, पांच नवंबर को खजनी, 19 नवंबर को कैंपियरगंज, तीन दिसंबर को बांसगांव एवं 17 दिसंबर को चौरी चौरा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा। बाकी तहसीलों में संबंधित एसडीएम अध्यक्षता करेंगे। ब्यूरो

# दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगे सीएम योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर बृहस्पतिवार दोपहर 12:30 बजे गोरखपुर आएंगे। विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि विश्राम करेंगे। शुक्रवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज जाकर संचारी रोग अभियान का शुभारंभ करेंगे। साथ ही जागरुकता का प्रसार करने वाली वैन



व रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी तैयारियां प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। बताया जा रहा है कि वह शहर में जलभराव की स्थिति जांचने के साथ ही विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। ब्यूरो

# कूटरचित दस्तावेज के सहारे हासिल की नौकरी, होगा केस

## मुख्य अभियंता ने चार कर्मचारियों पर केस दर्ज कराने का दिया निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

चार श्रमिकों को कूटरचित दस्तावेज के सहारे फर्जी नौकरी हासिल करने का दोषी, जांच टीम ने पाया है। जोन के चौरीचौरा और पडरौना वितरण खंड के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया है कि उक्त दोषियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराएं। इनको दिए गए वेतन से रिकवरी करवा कर निगम को सूचित करें।
– **एके सिंह**, मुख्य अभियंता, गोरखपुर जोन

**गोरखपुर।** कूटरचित दस्तवेज के सहारे बिजली निगम में नौकरी हासिल करने वाले 4 श्रमिकों पर मुकदमा दर्ज होगा। जांच टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद मुख्य अभियंता ने संबंधित अधिशासी अभियंताओं को कानूनी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

पूर्वांचल वितरण निगम के तत्कालीन मुख्य अभियंता प्रशासन वीके सिन्हा ने 26 जून 2013 को पत्रांक संख्या- 770 के माध्यम से जोन के मुख्य अभियंता (सीई) को निर्देशित किया कि मस्टरोल सूची के कर्मचारी सुदामा व सुरेंद्र यादव की नियुक्त आनंद नगर व ग्रामीण वितरण खंड द्वितीय में कराई जाए। सीई ने तत्कालीन अधीक्षण अभियंता (एसई) को निर्देश दिए कि दोनों की नियुक्ति कर अवगत कराएं। जांच में सामने आया कि कूटरचना कर मस्टरोल गैंग ने दो नाम के साथ चार और नाम जोड़कर नया आदेश तैयार कर दिया। सीई कार्यालय ने इस आदेश पत्र को एसई कुशीनगर को भेजकर नियुक्त करने को कहा। इसी कूटरचित आदेश पर वितरण मंडल कुशीनगर के वितरण खंड पड़रौना के तत्कालीन एक्सईएन ने अक्तूबर 2019 में तीन लोगों की नियुक्ति श्रमिक पद पर कर दी। इसके अलावा जांच में सामने आया कि कसया खंड के तत्कालीन एक्सईएन ने जनवरी-20 में एक कर्मचारी की नियुक्त कर दी। इसके बाद वेतन जारी करने को पत्रावली जोन के उपमुख्य लेखाधिकारी कार्यालय में पहुंची। उपमुख्य लेखाधिकारी ने पत्रावली का अवलोकन कर फाइल आगे बढ़ा दी। इसके बाद सभी नवनियुक्त कर्मचारियों का वेतन बनने लगा। चार श्रमिकों की नियुक्त के बाद कर्मचारी संगठन ने मामले की शिकायत शक्तिभवन से लगायत पूर्वांचल एमडी तक की। मामले का संज्ञान लेकर पूर्वांचल एमडी ने जोन के मुख्य अभियंता को टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए। अक्तूबर 2021 में जोन के मुख्य अभियंता राजेंद्र प्रसाद ने इस गंभीर प्रकरण की जांच के लिए राजीव चतुर्वेदी, एक्सईएन परीक्षण खंड देवरिया, प्रवीण कुमार चौबे, एक्सईएन परीक्षण खंड कुशीनगर व संजय आर्या लेखाकार माध्यमिक कार्यखंड की टीम गठित की। टीम ने सात माह तक मामले की जांच की। इसके बाद 23 मई 2022 को अपनी रिपोर्ट मुख्य अभियंता को सौंपी। इसी पत्र के बाद मुख्य अभियंता ने पड़रौना व चौरीचौरा एक्सईएन को पत्र लिख वैधानिक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

# तय रेट से अधिक रकम वसूलने पर सेल्समैन गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अंग्रेजी व बीयर शप के सेल्समैन एमआरपी से ज्यादा रकम वसूलने का आरोप हैं। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सहजनवां में सामने आया। जिसके बाद पुलिस ने बीयर शप पर काम करने वाले सेल्समैन सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह की तहरीर पर केस दर्ज कराया है। **पिपरौली प्रतिनिधि के** अनुसार सहजनवां के मिनवां स्थित सरकारी अंग्रेजी और बीयर की दुकान की शिकायत आबकारी निरीक्षक को लंबे समय से मिल रही थी। शिकायत थी कि यहां पर सेल्समैन तय एमआरपी से 10 से 20 रुपये चिल्ड करने के नाम पर वसूल रहा था। जिसके बाद आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह बुधवार को अपनी टीम के साथ दुकान पर जांच करने पहुंचे। वे दुकान के पास ही कुछ दूर पर खड़े हो गए। अपने एक कर्मचारी को दुकान पर बीयर की बोतल लाने को भेजा। कर्मचारी ने सेल्समैन से बीयर की बोतल मांगी। जिसपर एमआरपी 150 रुपये प्रिंट था। लेकिन सेल्समैन ने उनसे 160 रुपये मांगे। साथ ही वह 10 रुपये अधिक लेने के लिए अड़ गया और विवाद करने लगा। आबकारी निरीक्षक की सूचना पर सहजनवां पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सेल्समैन को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद पुलिस ने धारा 408 और 64 उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत केस दर्ज कर सेल्समैन पीपीगंज के जंगल अगही निवासी सतीश कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

# लोनिवि ने छोड़ा सड़क से दावा, नाली से केवल पांच फीट खाली होगी सड़क

कौड़ीराम (एसएनबी)। लोक निर्माण विभाग द्वारा अतिक्रमण की नोटिस पाने वाले कौड़ीराम कस्बे के व्यापारियों के लिए बुधवार राहत भरी खवर दे गया। लोक निर्माण विभाग ने सड़क की जमीन खाली कराने का इरादा परिवर्तित कर दिया है। अब दुकानदारों को केवल सड़क किनारे नाली से मात्र पांच फीट जमीन खाली करनी पड़ेगी।

> कौड़ीराम डाक बंगला के बन्द कमरे में बैठक के बाद बनी सहमति
>
> 20 फीट चौड़ी होगी पीसी शर्मा गली, बस स्टेशन से हटेगा अतिक्रमण



इस फैसले से कस्बे के करीब साढ़े तीन सौ दुकानदारों के माथे से अवैध अतिक्रमण का कलंक धुल जाएगा।

एसडीएम बांसगांव दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में बुधवार की शाम कौड़ीराम डाक बंगला में अधिकारियों और व्यापारी पदाधिकारियों की बन्द कमरे में बैठक हुई। करीब एक घण्टे चली बैठक के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क खाली कराने का इरादा बदल दिया। लोनिवि ने अब पूरी सड़क खाली करने के बजाय केवल पांच फीट जमीन खाली करने को कहा है। बाकी जमीन पर वह पहले की तरह काबिज रहेंगे। इसके अलावा पीसी शर्मा गली को 28 फीट के बजाय केवल 20 फीट खाली करने को कहा गया। लोनिवि के इस फैसले से विभागीय नोटिस प्राप्त कर चुके कस्बे के करीब साढ़े तीन सौ दुकानदारों को सीधी राहत मिल गई है। सरकारी सड़क के अवैध कब्जे पर दरियादिली दिखाने वाले अधिकारी रोडवेज बस स्टेशन की जमीन पर कोई भी दलील सुनने को तैयार नही थे।

उन्होंने बस स्टेशन की जमीन से 4 जुलाई तक हर हाल के अतिक्रमण हटा लेने की कड़ी चेतावनी दी। बैठक में एसडीएम बांसगांव दुर्गविजय सिंह, सीओ बांसगांव अंजनी कुमार पाण्डेय, नायब तहदीलदार अभिषेक मिश्रा, लोनिवि के सहायक अभियंता राजेश कुमार, रोडवेज विभाग के सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्मिक परशुराम पाण्डेय, महेश राय, ललित पासवान समेत कौड़ीराम के व्यापारी नेता मौजूद रहे।

**30 जून तक मिली थी अतिक्रमण हटाने की नोटिस**

लोक निर्माण विभाग ने कौड़ीराम कस्बे के नेशनल हाइवे, बांसगांव रोड, पीसी शर्मा गली और गोला रोड पर सड़क की पैमाइश कराया था। विभाग ने करीब 384 दुकानदारों का अवैध निर्माण चिन्हित कर उन्हें नोटिस दिया था। नोटिस में 30 जून तक अवैध निर्माण नही हटाने पर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गयी थी।। लेकिन मियाद पूरी होने से एक दिन पहले पीडब्ल्यूडी द्वारा हाथ पीछे खींच लेने से व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है।

# थाने पर बैठाने के मामले में पिपराइच थानेदार सस्पेंड

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पिपराइच थाने के दरोगा और सिपाही पर केस दर्ज होने के बाद ही वहां के थानेदार इंस्पेक्टर उमाशंकर कुशवाहा पर भी बुधवार को गाज गिर गयी। अवैध रूप से एक शख्स को हिरासत में रखने के आरोप में एसएसपी डा. विपिन ताडा ने इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। साथ ही विभागीय जांच का आदेश भी दे दिया है। विभागीय जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पिपराइच थाने के मौलाखोर निवासी शशि कुमार पुत्र विपिन कुमार ने एसएसपी गोरखपुर को ट्वीट करके बताया था कि 25 जून को गांव के कुछ लोगों ने उनके घरवालों से मारपीट की। इसमें उनके पिता सहित घर के कई लोगों को चोटें आईं। उनके पिता विपिन कुमार ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। पुलिस आई और दोनों पक्ष के लोगों को पकड़कर थाने ले गई।

**थाने में दरोगा और सिपाही ने मांगे थे 25 हजार**

थाने में दरोगा अतुल कुमार सिंह ने उनके ही परिवार पर मुकदमा दर्ज कर दिया। साथ ही यह भी कहा कि शीघ्र 25 हजार रुपये की व्यवस्था करो, नहीं तो गंभीर धाराओं में फंसाकर जीवन खराब कर देंगे। आरोप था कि 25 हजार रुपये की वसूली भी की गई। शिकायत की जांच के बाद मंगलवार को एसएसपी ने दरोगा और सिपाही को सस्पेंड किया था और दोनों पर भ्रष्टाचार का केस दर्ज करा दिया था। अब इस मामले में इंस्पेक्टर की लापरवाही भी सामने आई है, जिसके बाद एसएसपी ने उन्हें भी सस्पेंड कर दिया। एसएसपी ने बताया कि अवैध रूप से एक शख्स को थाने पर बैठाए जाने के आरोप में इंस्पेक्टर को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीओ चौरीचौरा व दो दारोगा सेवानिवृत्त

गोरखपुर (एसएनबी)। गोरखपुर जिले के चौरी चौरा सर्किल के डिप्टी एसपी डा. अखिला नंद उपाध्याय जोन कार्यालय में तैनात दारोगा शिवशंकर सिंह और ऋशिकेश मणि त्रिपाठी तीस जून को विभाग से सेवानिृत हो रहे है। ऐसे में एडीजी अखिल कुमार ने कार्यालय में इन पुलिस कर्मियों को विदाई दी गयी।



मालूम हो कि अखिलानंद उपाध्याय पुलिस विभाग में दारोगा के पद पर तैनात हुए और विभाग में विभाग में साफ सुधरी छवि के वदौलत वह लम्वे समय तक थानेदार के पद पर तैनात रहे। संतकवीरनगर जिले में थाना प्रभारी के दौरान जोन कार्यालय में अटैच हो गये। इस दौरान व एडीजी का पीआरओ के पद पर सेवा देने के दौरान ही प्रमोशन पाकर सीओ वन गए और उनकी इच्छा रही कि सीओ के तौर पर वह गोरखपुर में सेवा दे। उनकी मेहनत और विभाग के प्रति निष्ठा को देखते हुए एडीजी की पहल पर उनकी पोस्टिंग गोरखपुर जिले में हुई और वह चौरी चौर सीओ के पद पर सेवा दी।

इसी प्रकार जोन कार्यालय से सेवानिवृत होने वाले दोनों दारोगा गोरखपुर जिले में लम्वे समय तक विभाग में सेवा दिये और मिलन सार व व्यवहार कुशल के तौर पर आज भी जाने जाते है। इस अवसर पर जोन कार्यालय के स्टाफ आॅफिसर आनंद कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**जोन कार्यालाय में सीओ अखिलानंदऔर शिवशंकर सिंह, ऋशिकेशमणि त्रिपाठी को दी गयी भावभीनी विदाई**

# बासगांव से लापता झब्बू यादव के मामले में अपहरण का केस

**बांसगांव(एसएनबी)।** बासगांव क्षेत्र के बैदौली गांव से रात में लापता वृद्ध के मामले में मुकामी पुलिस ने बीती रात एसएसपी के निर्देश पर अपहरण तथा फिरौती का मुकदमा दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बैदौली बाबू निवासी 72 वर्षीय वृद्ध झब्बू यादव 24 जून की आधी रात के बाद लापता हो गये। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर गुमसुी दर्ज कर वृद्ध की तलाश करने में लगी थी। इस बीच 27 जून को वृद्ध के परिजनों को एक पत्र की फोटो कापी मिली। जिसमें उसकी रिहाई के लिए एक करोड़ रूपये की मांग की गयी है। लेकिन पत्र में न तो भेजने वाले ने अपना नाम व पता लिखा है और न रकम कहां पहुंचानी है उस स्थान का उल्लेख किया गया है। वैसे वृद्ध की तलाश में लगी पुलिस गांव के कई युवकों को उठाकर पूछताछ कर चुकी है। लेकिन पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लग सका है। इस मामले में धारा 364 ए का मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्यवाई कर रही हैं।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली

**हरपुरबुदहट क्षेत्र के चांदपार में मुठभेड़**

**सिकरीगंज और हरपुर बुदहट पुलिस ने किया आपरेशन**

**बकुलही में दम्पत्ति को कमरे में बंद कर लूट की वारदात को दिया था अंजाम**

गोरखपुर (एसएनबी)। मंगलवार की देर रात हरपुर बुदहट में पुलिस एनकाउंटर में लुटेरे के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने घायल अवस्था में उसे हिरासत में लिया और इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। लुटेरे की पहचान संतकबीरनगर के उसरापार गांव निवासी रणजीत यादव उर्फ सोखा के रूप में हुई है। घायल लुटेरे खिलाफ गोरखपुर, संतकबीरनगर और बस्ती जिले के विभिन्न थानों में लूट, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट में पहले से ही 14 केस दर्ज हैं। बीते 25 जून की रात में उसने हरपुर बुदहट इलाके में दंपति को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

एसएसपी डा. विपिन ताडा ने बताया कि हरपुर बुदहट के देवरिया गांव के पास संतकबीर नगर बार्डर के थाने हरपुर बुदहट के एसओ और सिकरीगंज थानेदार मंगलवार की देर रात गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक से एक युवक आता दिखा। पुलिस ने उसे रोका तो वह फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिस ने भी खुद को बचाते हुए आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। इस दौरान बदमाश के दाहिने पैर में घुटने के पास गोली लग गई और वह बाइक से गिर पड़ा। उसकी पहचान रणजीत यादव उर्फ सोखा पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी उसरापार थाना महुली जनपद संतकबीर नगर के रूप में हुई। उसने 25 जून की रात लूट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया है। हरपुर बुदहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, खोखा कारतूस, जिंदा कारतूस और भारी मात्रा में चांदी और सोने के जेवरात बरामद किया है। साथ ही लूट का 3 मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद किया है।पुलिस के अनुसार एनकाउंटर में गिरफ्तार आरोपी रणजीत ने ही 25 और 26 जून की रात में हरपुर बुदहट इलाके के हिजना निवासी जयप्रकाश सिंह बेटे सीबी सिंह और उनकी पत्नी को 7 घंटे घर में बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। सीबी सिंह हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। दोनों की शादी अभी छह माह पूर्व ही हुई थी।



गोली से घायल बदमाश को अस्पताल ले जाती पुलिस।

## दो महीने में सात मुठभेड़,11 बदमाशों के पैर में लगी गोली

⇒12 मई 2022 को कैंट के मोहद्दीपुर में हुए एनकाउंटर में राजघाट निवासी लुटेरे शहजादे के पैर में गोली लगी।

⇒2 मई 2022 को बेलघाट इलाके में पुलिस से हुए एनकाउंटर में 25 हजार के इनामी बदमाश आजमगढ़ के गंभीरपुर थाने के रानीगंज रजौड़ा निवासी तौफिक अहमद उर्फ गुड्डू के पैर में गोली लग गई।

⇒29 अप्रैल 2022 को कैंट पुलिस की छावनी रेलवे स्टेशन के पास चार लुटेरों से मुठभेड़ हुई। बिहार के कटिहार के कोढ़ा जुरावगंज गांव के बदमाश हैरान कुमार, शिवा, वीरेंद्र और करन उर्फ संजय के पैर में गोली लगी थी।

⇒26 अप्रैल 2022 को खोराबार ट्रिपल मर्डर का आरोपी पुलिसवालों की पिस्टल लेकर फायरिंग करते हुए पुलिस अभिरक्षा से भाग रहा था। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से हत्यारोपी संतकबीरनगर निवासी आलोक पासवान के पैर में गोली लगी।

⇒25 अप्रैल 2022 को रामगढ़ताल पुलिस की दो लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसकी गोली से 32 लाख के लूट के आरोपियों चिलुआताल के मोहरीपुर निवासी मनोज और बेलघाट के सिघवान निवासी अजीत उर्फ सोनू बाबा के पैर में गोली लगी।

⇒17 अप्रैल 2022 को चौरीचौरा पुलिस की सोनबरसा बाजार में पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस की गोली से जौनपुर का पशु तस्कर इमरान के पैर में गोली लग गई।

# जिले के बाहरी बदमाशों का गोरखपुर में... गोलियों से WELCOME

संतकबीर नगर के एक बदमाश के पैर में पुलिस ने मारी गोली

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



पुलिस की गिरफ्त में जख्मी अपराधी.

**जब-जब दूसरे जिले के बदमाशों ने पैर फैलाए तो पुलिस ने पैर में ही गोली मारी**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (29 June):** गोरखपुर पुलिस दूसरे जिलों से आए बदमाशों को अच्छे से सबक सिखाना जानती है. इसलिए उनकी मेहमाननवाजी गोली से करती है. ऐसा जानबुझकर नहीं, बल्कि पुलिस को मजबूरी में बदमाश द्वारा फायरिंग करने पर उसका जवाब देने के लिए करना पड़ता है. गोरखपुर जिले के हरपुर बुदहट इलाके में मंगलवार देर रात पुलिस की गोलियां फिर तड़तड़ाईं. यहां संतकबीर नगर के एक बदमाश ने एंट्री मारी, जिसका खामियाजा बदमाश को पैर में पुलिस की गोली खाकर भुगतना पड़ा.

## पुलिस पर चला दी गोली

देवरिया गांव के पास संतकबीर नगर बार्डर के हरपुर बुदहट थाने के एसओ और सिकरीगंज थानेदार मंगलवार देर रात गश्त कर रहे थे. इसी दौरान बाइक से एक युवक आता दिखा. पुलिस ने उसे रोका तो वह फायरिंग करते हुए भागने लगा. पुलिस ने भी खुद को बचाते हुए आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की. इस दौरान बदमाश के दाहिने पैर में घुटने के पास गोली लग गई और वह बाइक से गिर पड़ा. उसकी पहचान रणजीत यादव के रूप में हुई. बदमाश पर संतकबीरनगर और बस्ती जिले के विभिन्न थानों में लूट, हत्या के प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट में पहले से ही 14 केस दर्ज हैं.

## दंपति को बंधक बनाकर की थी लूट

बदमाश को अरेस्ट कर पुलिस ने घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया. पुलिस के अनुसार शॉर्ट एनकाउंटर में अरेस्ट आरोपित रणजीत ने 25 और 26 जून की रात में हरपुर बुदहट इलाके के हिजना निवासी जयप्रकाश सिंह बेटे



घटनास्थल पर पड़ी अपराधी की बाइक.

## पुलिस ने बरामद किए जेवरात

पुलिस ने गिरफ्त में अए अपराधी के कब्जे से एक तमंचा, खोखा कारतूस, जिंदा कारतूस, और भारी मात्रा में चांदी और सोने के जेवरात बरामद किए हैं. साथ ही लूट के 3 मोबाइल फोन और



"चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया. रोकने पर बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया. जवाबी कार्रवाई में अपराधी को गोली लगी. उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## गोरखपुर में इन्होंने खाई गोली

- 2 मई 2022 को बेलघाट इलाके में पुलिस से हुए एनकाउंटर में 25 हजार के इनामी बदमाश आजमगढ़ के गंभीरपुर थाने के रानीगंज रजौड़ा निवासी तौफिक अहमद उर्फ गुड्डू के पैर में गोली लग गई.
- 29 अप्रैल 2022 को कैंट पुलिस की छावनी रेलवे स्टेशन के पास चार लुटेरों से मुठभेड़ हुई. बिहार के कटिहार के कोड़ा जुराबगंज गांव के बदमाश हैरान कुमार, शिवा, वीरेंद्र और करन उर्फ संजय के पैर में गोली लगी थी.
- 26 अप्रैल 2022 को खोराबार ट्रिपल मर्डर का आरोपी पुलिसवालों की पिस्टल लेकर फायरिंग करते हुए पुलिस अभिरक्षा से भाग रहा था. जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से हत्यारोपी संतकबीरनगर निवासी आलोक पासवान के पैर में गोली लगी.
- 17 अप्रैल 2022 को चौरीचौरा पुलिस की सोनबरसा बाजार में पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई. इसमें पुलिस की गोली से

# खूनीपुर में मिला पॉलीथिन का अंबार
# मौका पाकर दुकानदार हुआ फरार

**IMPACT**

## दुकान से पकड़ी 60 बोरी सिंगल यूज प्लास्टिक गोदाम किया सील

### प्रशासन, पॉल्युशन डिपार्टमेंट और नगर निगम प्रवर्तन दल ने की कार्रवाई

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (29 June):** सिंगल यूज प्लास्टिक के चोरी-छिपे चल रहे कारोबार पर अंततः सरकारी मशीनरी का चाबुक चला. बुधवार को प्रशासन, नगर निगम के प्रवर्तन दल और पॉल्युशन डिपार्टमेंट ने बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की. टीम ने खूनीपुर के दुकान से 60 बोरी पॉलीथिन बरामद की. इस दौरान व्यापारियों से नोकझोंक भी हुई. हालांकि, टीम ने सख्ती दिखाते हुए सामान को जब्त कर लिया. इस दौरान दुकानदार प्रो. राकेश गुप्ता वहां से फरार हो गया. उसके गोदाम को भी सील किया गया है.

### व्यापारियों ने किया विरोध

सिंगल यूज प्लास्टिक पर एक जुलाई से प्रतिबंध लगाने की तैयारी है. करीब 5 दिन का जागरुकता अभियान चलाया जाना है, लेकिन नगर निगम प्रशासन पॉलीथिन के चलन पर अब तक रोक नहीं लगा पा रहा था और दैनिक जागरण आईनेक्स्ट ने अभियान के तहत इस कारोबार और निगम प्रशासन की हीलाहवाली को उजागर किया, जिसके बाद बुधवार को अफसर हरकत में आए. सिटी में सिंगल यूज प्लास्टिक की चोरी छिपे बिक्री करने की जनाकारी पर बुधवार को निगम के प्रवर्तन दल और पॉल्युशन डिपार्टमेंट की टीम खूनीपुर चौराहे पर राकेश टेडर्स पहुंची. यहां जांच करने लगी तो प्रो. राकेश गुप्ता ने विरोध किया. इस दौरान अन्य व्यापारी भी आ गए. उन्होंने टीम से नोकझोंक शुरू कर दी. इस पर पुलिस और मौजूद प्रशासनिक टीम ने सख्ती शुरू की तो सभी शांत हो गए. इसके बाद कार्रवाई शुरू हुई तो राकेश गुप्ता वहां से फरार हो गया. टीम ने दुकान से 60 बोरी पॉलीथिन बरामद की. टीम गोदाम पर पहुंची तो वह बंद मिला, इस पर इसे सील कर दिया गया. जब्त सामान को कोतवाली पुलिस के हवाले किया गया है. निगम प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल सीपी सिंह ने बताया, जब्त सामान को सील किया गया है. टीम में पाल्युशन डिपार्टमेंट के रजनीश सिंह, विवेक सैनी मौजूद रहे.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



कार्रवाई के दौरान अफसरों को मिले पॉलीथिन के बोरे.

### सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान शुरू

नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में बुधवार को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान की शुरुआत की. इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर पक्कीबाग, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों को बताया. नगर आयुक्त ने शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सभी के सहयोग की अपील की. कार्यक्रम में विकल्पों में झोला एवं बैक एवं बर्तन बैंक की स्थापना किए जाने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, सहायक नगर आयुक्त डॉ. मणि भूषण तिवारी आदि मौजूद रहे.



नगर आयुक्त ने की सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान की शुरुआत.



धनिया-जीरा के बोरे में पॉलीथिन प्रतिबंध के पहले ₹250/ किलो

STING



प्लास्टिक पर सिर्फ शपथ तैयारी सिंगल एक्शन की भी नहीं

प्लास्टिक पर लगे प्रतिबंध

# इलेक्ट्रिक बस ड्राइवर्स को प्रॉब्लम तो तत्काल ट्रैफिक पुलिस को बताएं

**एसएचओ और ट्रैफिक पुलिस ने ड्राइवर्स और कंडक्टर्स से जानी हकीकत**



ई-बस ड्राइवर-कंडक्टर्स के बीच पहुंचे पुलिस अधिकारी.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (29 June):** महानगर की संचालित हो रही इलेक्ट्रिक बस सेवा पर अराजक तत्वों की ओर से बार-बार बस का शीशा फोड़ने की घटना सामने आ रही है. वहीं ड्राइवर्स और कंडक्टर्स से अभद्रता के मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएचओ और ट्रैफिक पुलिस महेसरा इलेक्ट्रिक बस डिपो पहुंची और इसकी हकीकत जानी. साथ ही उन्होंने ड्राइवर्स को ट्रेनिंग देते हुए परिसर का विजिट भी किया. उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत मिलती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

## बस के ड्राइवर और कंडक्टर से की बात

अराजक तत्वों की तरफ से आये दिन बस का शीशा फोड़ने जाने के मामले को दैनिक जागरण आई नेक्स्ट की टीम लगातार अपने न्यूज पेपर के माध्यम से अवगत कराया. मामले को संज्ञान में लेते हुए एसएचओ और ट्रैफिक पुलिस महेसरा स्थित इलेक्ट्रिक बस स्टेशन डिपो मैनेजर केके मिश्रा से मुलाकात की. पूरे प्रकरण के बारे में जानकारी लेते हुए ड्राइवर्स और कंडक्टर्स से भी बातचीत की. इस दौरान कहा कि यदि किसी प्रकार की कहीं भी प्रॉब्लत होती है या अराजक तत्वों की ओर से संचालन में अवरोध उत्पन्न किया जाता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें. ताकि समय रहते उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए. इसके अलावा ट्रैफिक रूल्स का पालन करने की जानकारी भी दी. डिपो मैनेजर केके मिश्रा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने ड्राइवर्स और कंडक्टर्स के साथ हो रहे अभद्रता के बारे में बसों के संचालन में प्रॉब्लत पैदा करने वालों के बारे में भी डिटेल्स ली. साथ ही कार्रवाई का आश्वासन दिया है.

# पिपराइच थानेदार सस्पेंड, होगी जांच

GORAKHPUR (29 June): पिपराइच थाने के दारोगा व सिपाही पर मुकदमा दर्ज करने के बाद एसएसपी डा.विपिन ताडा ने बुधवार को प्रभारी निरीक्षक उमाशंकर कुशवाहा पर भी कार्रवाई की है. अवैध रूप से एक व्यक्ति को हिरासत में रखने के आरोप में एसएसपी ने प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर उनके विरुद्ध विभागीय जांच शुरू करा दी है. विभागीय जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. ग्राम मौलाखोर निवासी शशि कुमार पुत्र विपिन कुमार ने एसएसपी को ट्वीट कर बताया था कि 25 जून को गांव के कुछ लोगों ने उनके स्वजन से मारपीट की. इसमें उनके पिता सहित परिवार के कई सदस्यों को चोटें आईं. उनके पिता विपिन कुमार ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी. पुलिस आई और दोनों पक्ष के लोगों को थाने ले गई.

# अधिक रेट पर बेच रहा था बीयर और वाइन, सेल्समैन अरेस्ट

GORAKHPUR (29 June): अंग्रेजी और बीयर शॉप के सेल्समैन एमआरपी से ज्यादा रकम वसूल रहे हैं. ऐसा ही एक मामला बुधवार को सहजनवां में सामने आया. जिसके बाद पुलिस ने बीयर शॉप पर काम करने वाले सेल्समैन सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस ने आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर अरविंद सिंह की तहरीर पर की है.

## शिकायत पर हुई जांच

सहजनवां के मिनवां स्थित सरकारी अंग्रेजी और बीयर की दुकान की शिकायत आबकारी निरीक्षक को लंबे समय से मिल रही थी. शिकायत थी कि यहां पर सेल्समैन तय एमआरपी से 10 से 20 रुपए चिल्ड करने के नाम पर वसूल रहा था. जिसके बाद आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह बुधवार को अपनी टीम के साथ दुकान पर जांच करने पहुंचे. वे दुकान के पास ही कुछ दूर पर खड़े हो गए. अपने एक कर्मचारी को दुकान पर बीयर की बोतल लाने को भेजा.

## रेट 150, लिए 160 रुपए

कर्मचारी ने सेल्समैन से बीयर की बोतल मांगी. जिसपर एमआरपी 150 रुपए प्रिंट था. लेकिन सेल्समैन ने उनसे 160 रुपए मांगे. साथ ही वह 10 रुपए अधिक लेने के लिए अड़ गया. आबकारी निरीक्षक की सूचना पर सहजनवां पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सेल्समैन को हिरासत में ले लिया. जिसके बाद पुलिस ने धारा 408 और 64 उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत केस दर्ज कर सेल्समैन पीपीगंज के जंगल अगही निवासी सतीश कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया.

# थानें में गाड़ियों की सेल लगाई, पुलिस विभाग की लाखों रुपए की हुई कमाई



gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (29 June):गोरखपुर के पांच थानों पर लावारिस गाड़ियों की बुधवार को नीलामी हुई. बरसात के बाद भी इन थानों पर बोली लगाने वालों की भीड़ उमड़ी. थाने पर लगी सेल का लोगों ने खूब खुलकर फायदा उठाया. कम दाम में बोली लगाकर गाड़ी मिलने पर लोगों की खूशी का ठिकाना नहीं रहा. जिले के 5 थानें उरूवा बाजार, हरपुर बुदहट, चिलुआताल, गीडा और सहजनवां में कुल 116 गाड़ियों की नीलामी हुई. जिनसे पुलिस विभाग को 4 लाख 69 हजार 300 रुपए का मुनाफा हुआ है. बीस साल बाद थानों में लावारिस गाड़ियों की नीलाम हुई है.

जुलाई में भी होगी गाड़ियों की नीलामी

पांच थाने पर नीलामी के बाद अब जुलाई में भी अन्य थानों पर लावारिस गाड़ियों की नीलामी की प्रक्रिया होगी. पुलिस विभाग के अनुसार 1 जुलाई को पिपराइच, 2 जुलाई को खोराबार, 4 जुलाई को झंगहा और 5 जुलाई को चौरीचौरा थाने पर गाड़ियों की नीलामी होगी. जहां जाकर आप उचित बोली लगाकर इन पुरानी गाड़ियों को खरीद सकेंगे. खोराबार में नीलामी के लिए 12 बाइक चिन्हित किया गया है.

## यहां होनी थी नीलामी

बुधवार को चिलुआताल, उरुवा, चौरीचौरा और हरपुर बुदहट समेत चार थानों पर नीलामी रखी गई थी. लेकिन बरसात की वजह से चौरीचौरा में नीलामी प्रक्रिया नहीं हुई. अब चौरीचौरा में आगामी दो जुलाई को यह कार्रवाई होगी. पुलिस विभाग में एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के निर्देश पर थानों पर वर्षों से पड़े लावारिस वाहनों की नीलामी कराई जा रही है. चार से पांच थानों का रोस्टर बनाकर नीलामी कराई जा रही है.

## बुधवार को इनकी नीलामी

चिलुआताल में कुल 16 गाड़ियों की नीलामी कराई गई. जिसमें 2 टैंपो और 14 बाइक शामिल हैं. इन की नीलामी से 70100 रुपए मिले हैं. वहीं हरपुर बुदहट थाने में 6 बाइक की नीलामी से 47000 की आमदनी हुई. उरूवा बाजार थाने में 8 बाइक की नीलामी से 52 हजार 200 रुपए आमदनी की गई. गीडा और सहजनवां में 86 छोटे बड़े वाहनों को नीलाम कर 3 लाख की आमदनी की गई है.

## नकली सीमेंट बेचने को लेकर मुकदमा

चिलुआताल थाना क्षेत्र में पकड़े गए नकली सीमेंट के मामले में बुधवार को मुकदमा दर्ज किया है. कंपनी के अधिकारी व लखनऊ निवासी नीरज मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को वह मार्केट सर्वे के लिए घूम रहे थे. डोहरिया बाजार में एक मैजिक पर कंपनी के नाम की 60 बोरी नकली सीमेंट लदी थी. मैजिक चालक व तिवारीपुर थाना क्षेत्र के बड़े काजीपुर निवासी गोलू सीमेंट का कोई कागज नही दिखा सका. चिलुआताल पुलिस ने नीरज की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया है.

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पिपराइच थाना पुलिस ने कस्बे के वार्ड नंबर 11 निवासी तसलीम शाह को गिरफ्तार किया है. मंगलवार की शाम पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था. एक व्यक्ति ने तसलीम पर आरोप लगाया था कि आरोपित दो वर्ष से उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था.

## 68 शीशम की लकड़ी बरामद, तस्कर फरार

खजनी थाना क्षेत्र के गाजर जगदीश में मंगलवार की रात वन विभाग की टीम ने ट्रक सहित 68 बोटा अवैध शीशम बरामद किया है. इस दौरान तस्कर टीम को चकमा देकर भाग निकला. प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी खजनी दिनेश चौरसिया ने बताया रात में अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर राजेश शर्मा भाग निकला. चालक पप्पू गौतम को निजी मुचलके पर छोड़ा गया है. उन्होंने बताया कि लकड़ी को गोरखपुर ले जाया जा रहा था.

# बजरंग दल ने आतंकवाद का पुतला फूंका

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। उदयपुर की घटना के विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने प्रांत सह संयोजक दुर्गेश त्रिपाठी के नेतृत्व में महानगर के शास्त्री चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन किया। बजरंग दल के कार्यकर्ता बुधवार को शास्त्री चौराहे पर इकट्ठा हुए। कार्यकताओं ने जिहादियों के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ता उदयपुर में दिनदहाड़े कन्हैयालाल की हत्या की घटना से आक्रोशित थे। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया और राजस्थान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने पर उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या कर वीडियो जारी किया गया है। साथ ही धमकी भी दी गई है।

उन्होंने कहा कि कन्हैया को 7 दिनों से जान से मारने की धमकियां मिल रही थी। थाने में इसकी शिकायत भी दर्ज कराई थी लेकिन तुष्टीकरण के चलते पुलिस प्रशासन ने कन्हैया को किसी प्रकार की सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई। प्रदर्शन में जिला संयोजक नवीन पांडेय, जिला संयोजक आलोक मिश्रा, जिला मंत्री सूर्यनाथ सिंह, जिला विद्यार्थी प्रमुख देवीलाल गुप्ता, जिला संयोजक रंजीत कसौधान, विजय खेमका, नगर अध्यक्ष राजू लुहारुका, सह संयोजक राहुल गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश मल्ल, महानगर चार प्रमुख वेद सिंह, छात्र नेता आकाश सिंह, विकी चंद, तरुण पांडेय, अनुपम, रामेश्वर कश्यप, अमित पांडेय और अनुराग खेमका उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति को भेजा मांगपत्र

विहिंप के युवाओं की शाखा बजरंग दल ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। दल ने मांग की कि राजस्थान की गहलोत सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। कन्हैया लाल हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाकर हत्यारों को मृत्युदंड दिया जाए।

# तय रेट से अधिक रकम वसूलने पर सेल्समैन गिरफ्तार

**10** से 20 रुपये बीयर टंडी करने के नाम पर वसूल रहा था

**150** रुपये प्रिंट था, लेकिन 160 रुपये मांग रहा था

- अंग्रेजी और बीयर शॉप के सेल्समैन पर आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह की तहरीर पर हुई कार्रवाई

घघसरा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। अंग्रेजी और बीयर शॉप के सेल्समैन एमआरपी से ज्यादा रकम वसूल रहे हैं। बुधवार को सहजनवा में इस तरह का एक मामला सामने आया है। जिसके बाद पुलिस ने बीयर शॉप पर काम करने वाले सेल्समैन सतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह की तहरीर पर कार्रवाई की है।

सहजनवा के मिनवा स्थित सरकारी अंग्रेजी और बीयर की दुकान की शिकायत आबकारी निरीक्षक को लंबे समय से मिल रही थी। शिकायत थी कि यहां पर सेल्समैन तय एमआरपी से 10 से 20 रुपये चिल्ड करने के नाम पर वसूल रहा था। जिसके बाद आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह बुधवार को अपनी टीम के साथ दुकान पर जांच करने पहुंचे। वे दुकान के पास ही कुछ दूरी पर खड़े हो गए। अपने एक कर्मचारी को दुकान पर बीयर की बोतल लाने को भेजा। कर्मचारी ने सेल्समैन से बीयर की बोतल मांगी। जिसपर एमआरपी 150 रुपये प्रिंट था, लेकिन सेल्समैन ने उनसे 160 रुपये मांगे। साथ ही वह 10 रुपये अधिक लेने के लिए अड़ गया और विवाद करने लगा। आबकारी निरीक्षक की सूचना पर सहजनवा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और सेल्समैन को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद पुलिस ने धारा 408 और 64 उत्तर प्रदेश उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत केस दर्ज कर सेल्समैन पीपीगंज के जंगल अगही निवासी सतीश कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि एमआरपी से अधिक वसूलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया है।

**सात साल की हो सकती है सजा** : पुलिस ने आरोपी सतीश कुमार को गिरफ्तार कर मुकदमे में जो धारा 408 लगाई है वह लोक सेवक या बैंक कर्मचारी, व्यापारी या अभिकर्ता के द्वारा आपराधिक विश्वास हनन का है। जिसके तहत उसे सात वर्ष के कारावास और अर्थदंड की सजा का प्रावधान है यानि यह एक गैर जमानतीय धारा है जिसके अंदर गिरफ्तारी अनिवार्य है।

# चोरी की दो बाइक के साथ दबोचा

गोरखपुर। सिकरीगंज पुलिस ने बुधवार सुबह भूमिधर तिराहे की तरफ से आ रहे अलग-अलग दो बाइक पर सवार जा रहे दो युवकों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देख वह बाइक की रफ्तार तेज कर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर एक बाइक सवार को पकड़ लिया जबकि उसका साथी बाइक छोड़ कर फरार हो गया।

पुलिस की जांच में उनके पास से मिली दोनों बाइक चोरी की निकली। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान उरुवा बाजार क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी विशाल गुप्ता के रूप में हुई। वह वर्तमान में बेलघाट क्षेत्र के कुरी बाजार अपने ननिहाल में रह रहा था। फरार उसके साथी की पहचान कुरी बाजार निवासी रवि राय के रूप में हुई। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

## बिजली निगम में कूटरचित दस्तावेजों पर हुई थी चारों की नियुक्ति, दर्ज होगा मुकदमा

# चार कर्मियों की नियुक्ति में फर्जीवाड़े की पुष्टि

"जांच कमेटी की रिपोर्ट में चारों श्रमिकों की नियुक्ति कूट रचित दस्तावेज पर होने की पुष्टि की है। वितरण खंड पडरौना व चौरीचौरा के एक्सईएन को निर्देश दिया है कि सभी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराएं।

**ई. एके सिंह**, मुख्य अभियंता गोरखपुर जोन

**कलंक के खिलाफ**

- जांच कमेटी ने रिपोर्ट में मुख्य अभियंता दफ्तर पर उठाए सवाल
- जांच रिपोर्ट पूर्वांचल एमडी को भेजी, वेतन भुगतान की होगी रिकवरी

### जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में यह लिखा

जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा है कि पूर्वांचल एमडी ने आदेश संख्या 535 मई 2015 में एक कर्मचारी के नियुक्ति का आदेश जारी किया। गैंग ने इस आदेश में कूट रचना कर 38 कर्मचारियों के नाम जोड़ दिए। तत्कालीन एक्सईएन के सर्तकता से नियुक्ति नहीं हो पाई। एक कमचारी धर्मेन्द्र शर्मा ने योगदान आख्या पडरौना खण्ड में दी। तत्कालीन लेखाकार की ततपरता से उसकी भी नियुक्त न हो सकी। सीई दफ्तर के तीन एक्सईएन व कुछ लिपिकों ने कूट रचित आदेश पर नियुक्ति के लिए कई बार अनुस्मारक पत्र लिखा है।

### नए सिरे से कार्यालय की जांच के निर्देश

जांच रिपोर्ट पढ़कर जोन के मुख्य अभियंता राजेन्द्र प्रसाद ने कमेटी से अपने कार्यालय की भी जांच कर रिपोर्ट नए सिरे से देने के निर्देश दिए। इतना सुनने के बाद जांच कमेटी के सदस्य भी भौचक रह गए। इसके बाद वे तबादले पर चले गए। नवागत मुख्य अभियंता ई.एके सिंह ने इस रिपोर्ट को लेकर दो दिन पहले जांच टीम से बातचीत की। जांच कमेटी के सदस्यों ने सभी आरोपियों पर पहले कार्रवाई की जाए। फिर सीई कार्यालय की जांच की जाए।

### वेतन भुगतान को लेकर की शिकायत

चौरीचौरा खण्ड में तैनात श्रमिक राधेश्याम शर्मा की जांच शुरू होते ही एक्सईएन ने वेतन रोक दिया। इसके बाद राधेश्याम ने वेतन भुगतान को लेकर कमिश्नर व पूर्वांचल एमडी से एक्सईएन व लेखाकार की शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि अधिकारी वेतन भुगतान करने के लिए 50 फीसदी राशि की मांग कर रहे है। कमिश्नर ने एक्सईएन को तलब कर मामले में जानकारी ली।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कूटरचित दस्तवेजों के बूते नौकरी हथियाने की पुष्टि होने के बाद चारों कर्मचारियों पर केस दर्ज कराने की तैयारी शुरू हो गई है। आरोपियों से वेतन की वसूली भी होगी। फर्जीवाड़े में जांच कमेटी ने मुख्य अभियंता कार्यालय की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। मुख्य अभियंता ने पूर्वांचल निगम के एमडी को जांच रिपोर्ट से अवगत कराने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पडरौना व चौरीचौरा के एक्सईएन को आदेश दिया है।

दरअसल, पूर्वांचल वितरण निगम के मुख्य अभियंता प्रशासन वीके सिन्हा ने 26 जून 2013 को पत्रांक संख्या-770 के माध्यम से गोरखपुर जोन के मुख्य अभियंता (सीई) को आदेश दिए कि मस्टररोल सूची के कर्मचारी सुदामा व सुरेन्द्र यादव की नियुक्त आनन्द नगर व ग्रामीण वितरण खण्ड द्वितीय में होनी है। इसके अनुपालन के लिए सीई ने तत्कालीन एसई को निर्देशित किया। इसी आदेश में कूटरचना कर मस्टरोल गैंग के सरगना ने चार और कर्मचारियों के नाम जोड़कर नया आदेश तैयार कर दिया। सीई कार्यालय ने इस आदेश पत्र को एसई कुशीनगर को भेजकर नियुक्ति करने को कहा। इसी कूटरचित आदेश पर वितरण खण्ड पडरौना के तत्कालीन एक्सईएन ने अक्तूबर 2019 में माधुरी श्रीवास्तव, सुधीर सिंह व योगेन्द्र यादव और कसया के तत्कालीन एक्सईएन ने जनवरी-20 में राधेश्याम शर्मा की श्रमिक पद पर नियुक्ति की। इसके बाद वेतन जारी करने को पत्रावली जोन के उपमुख्य लेखाधिकारी कार्यालय में पहुंची। उपमुख्य लेखाधिकारी ने भी फाइल आगे बढ़ा दी। इसके बाद सभी का वेतन बनने लगा। चार श्रमिकों की नियुक्त के बाद कर्मचारी संगठन ने अक्तूबर-21 में मामले की शिकायत शक्तिभवन से लगायत पूर्वांचल एमडी तक की। इस पर पूर्वांचल एमडी ने जोन के मुख्य अभियंता को टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए।

**सीई ने तीन सदस्यीय कमेटी से कराई जांच :** जोन के मुख्य अभियंता ई.राजेन्द्र प्रसाद ने इस मामले की जांच के लिए अक्तूबर-2021 में तीन सदस्यीय टीम गठित की। टीम में ई. राजीव चतुर्वेदी, एक्सईएन परीक्षण खंड देवरिया, ई. प्रवीण कुमार चौबे, एक्सईएन परीक्षण खंड कुशीनगर व संजय आर्या लेखाकार माध्यमिक कार्यखण्ड शामिल रहे। टीम ने 23 मई 2022 को अपनी रिपोर्ट सौंपी।

हरपुर-बुदहट में मंगलवार देररात हुई मुठभेड़, लूट की कई वारदातों को दिया था अंजाम

# पुलिस से मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। हरपुर बुदहट में मंगलवार की देर रात हुई मुठभेड़ में एक लुटेरा पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी पहचान संतकबीरनगर के महुली थाने के उसरापार गांव निवासी रणजीत यादव उर्फ सोखा के रूप में हुई है। उसने 25 जून की रात में दम्पति को बंधक बनाकर लूट की थी। उस पर गोरखपुर, संतकबीरनगर और बस्ती जिले में 14 केस दर्ज हैं।

एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि हरपुर बुदहट में देवरिया गांव के पास संतकबीर नगर बार्डर पर हरपुर बुदहट थाना प्रभारी और सिकरीगंज थानेदार मंगलवार की देर रात गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक से एक युवक आता दिखा। पुलिस ने रोका तो वह फायरिंग करते हुए भागने लगा। पुलिसवालों ने खुद को बचाते हुए आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। इस दौरान बदमाश के दाहिने पैर में घुटने के पास गोली लग गई और वह बाइक से गिर पड़ा। उसकी पहचान रणजीत यादव के रूप में हुई। उसने 25 जून की रात हुई लूट की घटना में शामिल होना स्वीकार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, खोखा, कारतूस, और चांदी और सोने के जेवर बरामद किए हैं। साथ ही लूट के तीन मोबाइल फोन और एक बाइक भी बरामद की गई है।



हरपुर बुदहट के देवरिया गांव के पास आरोपित लुटेरे के साथ पुलिस टीम।

**हरपुर बुदहट में बंधक बनाकर किया था लूटः** पुलिस के अनुसार रणजीत ने ही 25 जून की रात में हरपुर बुदहट इलाके के हिजना निवासी हार्डवेयर दुकानदार सीबी सिंह और उनकी पत्नी को 7 घंटे घर में बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था।

## दो महीने में हुए सात एनकाउंटर, 11 घायल

- 12 मई 2022 को कैंट के मोहद्दीपुर में हुए एनकाउंटर में राजघाट निवासी लुटेरे शहजादे के पैर में गोली लगी।
- 2 मई 2022 को बेलघाट इलाके में पुलिस से हुए एनकाउंटर में 25 हजार के इनामी बदमाश आजमगढ़ के रानीगंज रजौड़ा निवासी तौफिक अहमद उर्फ गुड्डू के पैर में गोली लगी।
- 29 अप्रैल 2022 को कैंट पुलिस की छावनी रेलवे स्टेशन के पास चार लुटेरों से मुठभेड़ हुई। बिहार के कटिहार के कोड़ा जुराबगंज गांव के बदमाश हैरान कुमार, शिवा, वीरेंद्र और करन उर्फ संजय के पैर में गोली लगी।
- 26 अप्रैल 2022 को खोराबार ट्रिपल मर्डर का आरोपी पुलिसवालों की पिस्टल लेकर फायरिंग करते हुए भाग रहा था। जवाबी कार्रवाई में हत्यारोपी संतकबीरनगर निवासी आलोक पासवान के पैर में गोली लगी।
- 25 अप्रैल 2022 को रामगढ़ताल पुलिस की दो लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। इसमें 32 लाख के लूट के आरोपी चिलुआताल के मनोज और बेलघाट के सिंघवान निवासी अजीत उर्फ सोनू बाबा के पैर में गोली लगी।
- 17 अप्रैल 2022 को चौरीचौरा पुलिस की सोनबरसा बाजार में पशु तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस की गोली से जौनपुर का तस्कर इमरान के पैर में गोली लग गई।

# बुजुर्ग का अपहरण कर फिरौती मांगने पर केस

बांसगांव। बांसगांव क्षेत्र के बेदौली गांव से 24 जून की रात संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बुजुर्ग के मामले में एक करोड़ की फिरौती की मांग की गई है। फिरौती से जुड़ा पत्र मिलने के बाद एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने अपहरण और फिरौती मांगने की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बेदौली गांव निवासी 72 वर्षीय झब्बू यादव 24 जून की रात लापता हो गए।

# 57 बोटा शीशम बरामद, चालक परिचालक फरार

खजनी। बांसगांव रेंज प्रभारी दिनेश कुमार चौरसिया के निर्देश पर वन कर्मियों ने हरनहीं चौकी अंतर्गत गाजर जगदीश गांव के पास मंगलवार देर शाम पिकअप से 57 बोटा शीशम की लकड़ी बरामद किया। वन कर्मियों को देखते चालक-परिचालक वाहन छोड़ कर फरार हो गए। रेंज प्रभारी के अनुसार सूचना मिली कि हरनहीं-सोनबरसा मार्ग से वाहन से कीमती लकड़ी बिहार भेजी जा रही।

# वाहन का जहां हो चालान वहीं भर सकेंगे जुर्माना

■ अरविंद कुमार राय

गोरखपुर। यातायात नियमों के उल्लंघन को लेकर वाहनों का चालान हो जाने पर अब वाहन स्वामियों को जुर्माना जमा करने के लिए ट्रैफिक कार्यालय या आरटीओ के चक्कर नहीं लगाने होंगे। जहां वाहन का चालान होगा वहीं वाहन स्वामी ऑनलाइन जुर्माना जमा कर सकेंगे। अब पुलिसकर्मियों को पीओएस मशीन सौंप दी गई है। जिले की पुलिस के हिस्से में भी 75 पीओएस मशीनें आई हैं जिन्हें लेकर पुलिस के जिम्मेदार चौराहे-चौराहे खड़े रहेंगे।

ट्रैफिक नियमों को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सख्त हो गया है। नियमों का उल्लंघन न हो और ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहे इसके लिए पुलिस और ट्रैफिक विभाग के अधिकारी और जवान चौराहों पर पूरे दिन पसीना बहा रहे हैं। दूसरी तरफ प्रदेश सरकार ने भी ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए सख्ती शुरू कर दी है। एक तरफ सरकार चौराहों पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लगवा रही तो वहीं दूसरी तरफ नियमों का उल्लंघन होने पर वाहनों का ऑनलाइन चालान भी करवा रही है। कई बार वाहन चालान हो जाने के बाद भी वाहन चालक जुर्माना जमा करने के लिए ट्रैफिक कार्यालय से लेकर न्यायालय तक का चक्कर लगाते रहते हैं। पर अब ऐसा नहीं होगा क्योंकि शासन ने पुलिस को पीओएस मशीन उपलब्ध करा दी है। अब जहां वाहनों का चालान कटेगा वहीं वाहन स्वामी आनलाइन जुर्माना जमा कर सकेंगे। यूं तो यातायात निदेशालय द्वारा सूबे के सभी जिलों को पीओएस मशीन उपलब्ध कराई गई है लेकिन गोरखपुर में इसकी संख्या कुछ ज्यादा है। गोरखपुर जिले को 75 पीओएस मशीन मिली है। वहीं देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज जिले की पुलिस को महज 10-10 पीओएस मशीन दी गई है।

■ गोरखपुर जिले की पुलिस को शासन से मिली 75 पीओएस मशीन

■ अब न ट्रैफिक कार्यालय जाने की जरूरत होगी और न ही आरटीओ

## यूपी पुलिस को मिलेगी 10 हजार पीओएस मशीन

पुलिस सूत्रों का कहना है कि ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर वाहनों का ई-चालान किए जाने के साथ ही अब ऑनलाइन जुर्माना जमा करने के लिए पहले चरण में 2050 पीओएस मशीन मिली है। शीघ्र ही सूबे की पुलिस को 10 हजार पीओएस मशीन मिलेगी जिससे हर जिले में ऑनलाइन जुर्माना जमा कराने में आसानी होगी।

**मेरठ मंडल को सबसे ज्यादा और बस्ती को कम:** यातायात निदेशालय लखनऊ द्वारा पहले चरण में उत्तर प्रदेश पुलिस को 2050 पीओएस मशीन मुहैया कराई गई है। पुलिस द्वारा सबसे अधिक मेरठ मंडल को 220 पीओएस मशीन दी गई है जबकि सबसे कम बस्ती मंडल को 30 मशीन मिली है।

# 116 गाड़ियों की नीलामी, पुलिस को हुई 4 .69 लाख की आय

- झमाझम वर्षा के चलते कम लोग हुए नीलामी प्रक्रिया में शामिल
- आगामी पांच जुलाई तक विभिन्न थानों पर होगी वाहनों की नीलामी

**जासं., गोरखपुर** : जिले के थानों पर बुधवार को झमाझम वर्षा के बीच पुरानी गाड़ियों की सेल लगी। इसका लोगों ने खूब फायदा उठाया। कम दाम में बोली लगाकर लोगों ने गाड़ियों की खरीदारी की। इस दौरान उरुवा बाजार, हरपुर बुदहट, चिलुआताल, गीडा और सहजनवां में कुल 116 गाड़ियां की नीलामी हुई। पुलिस विभाग को 4 लाख 69 हजार 300 रुपये की आमदनी हुई।

बुधवार को वर्षा के चलते चौरी चौरा में नीलामी प्रक्रिया नहीं हो सकी। अब चौरी चौरा में आगामी पांच जुलाई को यह कार्रवाई होगी। बुधवार को चिलुआताल में कुल 16 गाड़ियों की नीलामी कराई गई, जिसमें दो टेंपो और 14 बाइक शामिल हैं। इन गाड़ियों की नीलामी से 70100 रुपये मिले हैं। वहीं हरपुर बुदहट थाने में 6 बाइक की नीलामी हुई। इससे 47000 की आय हुई तो उरुवा बाजार थाने में आठ बाइक की नीलामी कर 52 हजार 200 रुपये आय हुई है। इसके अलावा भी गीडा और सहजनवां थाने में कुल 86 छोटे-बड़े वाहनों को नीलाम कर तीन लाख की आय हुई है। बता दें कि गोरखपुर में करीब 20 साल बाद गाड़ियों की नीलामी हुई है। एक जुलाई को पिपराइच, दो को खोराबार, चार को झंगहा और पांच जुलाई को चौरी चौरा थाने पर वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया चलेगी।

**नकली सीमेंट बेचने को लेकर मुकदमा**

**चिलुआताल**: चिलुआताल थाना क्षेत्र में पकड़े गए नकली सीमेंट के मामले में बुधवार को मुकदमा दर्ज किया है। कंपनी के अधिकारी व लखनऊ निवासी नीरज मिश्रा ने बताया कि मंगलवार को वह मार्केट सर्वे के लिए घूम रहे थे। डोहरिया बाजार में एक मैजिक पर कंपनी के नाम की 60 बोरी नकली सीमेंट लदी थी। मैजिक चालक व तिवारीपुर थाना क्षेत्र के बड़े काजीपुर निवासी गोलू सीमेंट का कोई कागज नहीं दिखा सका। चिलुआताल पुलिस ने नीरज की तहरीर पर कापीराइट एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली,अस्पताल में भर्ती

## दो दिन पूर्व बदमाश ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में लूट को दिया था अंजाम, तीन जिलों में दर्ज हैं 10 मुकदमे

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में चांदपार के पास मंगलवार की रात पुलिस मुठभेड़ में बदमाश रणजीत यादव उर्फ सोखा के दाहिने पैर में गोली लग गई है। जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। वह संतकबीर नगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के उसरापार का निवासी और अपने थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर गोरखपुर, बस्ती व संतकबीर नगर जिले में 10 मुकदमे दर्ज हैं।

सिकरीगंज थानाध्यक्ष दीपक सिंह व हरपुर बुदहट थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव मंगलवार की रात हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के पास संयुक्त रूप से गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि चांदपार में बदमाश किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने सड़क पर घेराबंदी की तो बदमाश ने फायर कर दिया और बाइक से भागने लगा। खुद को बचाते हुए पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की तो बदमाश के दाहिने पैर में घुटने के पास गोली लग गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया वहां। हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस के मुताबिक रणजीत यादव उर्फ सोखा पर लूट, गैंगस्टर, चोरी सहित तमाम गंभीर अपराधों के 10 मुकदमे दर्ज हैं।



गोली लगने से घायल बदमाश रणजीत यादव (बीच में) ●सौ.पुलिस मीडिया सेल

**बदमाश के पास से बरामदगी**: 315 बोर का एक असलहा, तीन कारतूस, आठ जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी की लॉकेट, दो चांदी के सिक्के, 29 जोड़ी चांदी की बिछिया, तीन जोड़ी चांदी की अंगूठी, एक चांदी की ताबीज, एक सोने की अंगूठी, दो जोड़ी सोने की बाली, सोने की ओम लाकेट, सोने की कील, नथिया 2 एंड्राइड फोन, एक चोरी की बाइक।

### बकुलही में लूट की घटना को दिया था अंजाम

पुलिस ने बताया कि बीते 25 जून की रात में रणजीत ने सीबी सिंह व उनकी पत्नी को कमरे में बंद करके नकदी व कीमती जेवरात लूट लिया था। पुलिस ने उसके पास से लूट का माल भी बरामद किया है।

### मुठभेड में शामिल पुलिस टीम

थानाध्यक्ष हरपुर बुदहट नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष सिकरीगंज दीपक कुमार सिंह हरपुर बुदहट व सिकरीगंज थाने की पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ में शामिल रहे।

रात में मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पकड़ा गया है। वह संतकबीर नगर जिले का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर 10 मुकदमे दर्ज हैं। दो दिन पूर्व हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में वह लूट के एक मामले में शामिल रहा है। बदमाश को पकड़ने के लिए पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया है।
**डा.विपिन ताडा, एसएसपी**

# अधिक कीमत पर बीयर बेचने पर सेल्समैन को पुलिस ने भेजा जेल

**जागरण संवाददाता, सहजनवां** : सहजनवां थाना क्षेत्र के मिनवां में स्थित सरकारी बीयर की दुकान पर कीमत से अधिक रुपये लेने पर पुलिस ने सेल्समैन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे बुधवार को जेल भेज दिया। आरोपित की पहचान पीपीगंज के जंगल अगही निवासी सतीश कुमार के रूप में हुई।

मिनवां में देसी के साथ ही अंग्रेजी शराब और बीयर की लाइसेंसी दुकान संचालित होती है। लोगों ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि दुकान का सेल्समैन बीयर की बोतल प्रिंट कीमत से अधिक मूल्य पर बेचता है। मंगलवार की शाम आबकारी निरीक्षक अरविंद सिंह टीम के साथ दुकान से कुछ दूरी पर खड़े हो गए। टीम के एक सदस्य को दुकान से बीयर की एक बोतल लेने के लिए भेजा। बीयर पर डेढ़ सौ रुपये मूल्य अंकित होने के बाद भी सेल्समैन दस रुपये अधिक एक सौ साठ रुपये लेने पर अड़ गया। सेल्समैन के अधिक मूल्य लेने की सूचना पर टीम दुकान पर पहुंच गई। आबकारी निरीक्षक की सूचना पर पुलिस ने मौके से सेल्समैन को हिरासत में लिया। प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह की तहरीर पर सेल्समैन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसे जेल भेजा गया है।

# संपूर्ण समाधान दिवस दो से, कार्यक्रम जारी

## तहसीलवार जारी कार्यक्रम के अनुसार जिलाधिकारी करेंगे दिवस की अध्यक्षता

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : जिला प्रशासन की ओर से दो जुलाई से 17 दिसंबर तक संपूर्ण समाधान दिवस का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। तहसीलवार जारी कार्यक्रम के अनुसार ही जिलाधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करेंगे। संपूर्ण समाधान दिवस महीने के पहले व तीसरे शनिवार को आयोजित किया जाएगा। शनिवार को अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को यह आयोजन होगा। जिलाधिकारी के मुख्यालय से बाहर रहने की स्थिति में मुख्य विकास अधिकारी अध्यक्षता करेंगे।

जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि दो जुलाई को सदर तहसील, 16 जुलाई को खजनी, छह अगस्त को कैंपियरगंज, 20 अगस्त को बांसगांव, तीन सितंबर को चौरी चौरा, 19 सितंबर को सहजनवा, आठ अक्टूबर को गोला, 22 अक्टूबर को सदर, पांच नवंबर को खजनी, 19 नवंबर को कैंपियरगंज, तीन दिसंबर को बांसगांव एवं 17 दिसंबर को चौरी चौरा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

इसमें जिलाधिकारी अध्यक्षता करेंगे। इन तहसीलों में क्रमवार मुख्य विकास अधिकारी व अपर जिलाधिकारी अध्यक्षता करेंगे।

# दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगे मुख्यमंत्री

**जासं, गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार दोपहर गोरखपुर आएंगे। शुक्रवार को बीआरडी मेडिकल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत करेंगे। उसी दिन लखनऊ रवाना हो जाएंगे। दोपहर 12.30 बजे हेलीकाप्टर द्वारा एमपी पालिटेक्निक परिसर में पहुंचेंगे। एक जुलाई को जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनेंगे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ●

# डीएम-एसपी करें अतिसंवेदनशील और संवेदनशील तटबंधों का निरीक्षण

## बाढ़ प्रबंधन की समीक्षा करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिया निर्देश, लगातार एक्टिव मोड में रहें सभी 875 बाढ़ सुरक्षा समितियां

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ प्रबंधन की समीक्षा करते हुए बुधवार को निर्देश दिया कि अतिसंवेदनशील और संवेदनशील तटबंधों का निरीक्षण डीएम और एसपी खुद करें।

अपने सरकारी आवास पर आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों की बाढ़ से निपटने की योजना देखी और कहा कि बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए पांच वर्षों में सुनियोजित प्रयास किए गए हैं। इससे अतिसंवेदनशील जिलों की संख्या काफी कम हुई है। 2017-18 से अब तक 830 बाढ़ परियोजनाएं पूरी की गईं। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार आधुनिकतम तकनीक का



लखनऊ : बुधवार को पांच कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर बाढ़ प्रबंधन और राहत की तैयारियों की अधिकारियों के साथ समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सूचना विभाग

प्रयोग कर बाढ़ के खतरे को न्यूनतम किया गया है।

उन्होंने निर्देश दिया कि अतिसंवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टाक रखा जाए। इन स्थलों पर प्रकाश की व्यवस्था और आवश्यक उपकरणों का भी प्रबंध होना चाहिए। सभी 875 बाढ़ सुरक्षा समितियां लगातार एक्टिव मोड में रहें। संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल होना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग, केंद्रीय जल आयोग, केंद्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें।

**गोरखपुर-बस्ती मंडल के अतिसंवेदनशील जिले**

महराजगंज, कुशीनगर, , गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, देवरिया, संतकबीर नगर, पीलीभीत ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा बाढ़ से प्रभावित जिलों में 113 बेतार केंद्र अधिष्ठापित किए गए हैं। मानसून अवधि में यह केंद्र हर समय सक्रिय रहें। बाढ़ की आशंका को देखते हुए सभी तटबंधों की सतत निगरानी की जाए। राज्य और जिला स्तर पर बाढ़ राहत कंट्रोल रूप 24 घंटे सक्रिय रहना चाहिए। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए जिलों की अपनी कार्ययोजना होनी चाहिए। सभी अतिसंवेदनशील तटबंधों पर सहायक अभियंता स्तर के प्रभारी अधिकारी नामित किए जा चुके हैं। वह 24 घंटे अलर्ट मोड में रहें। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि सरकार बाढ़ की किसी भी परिस्थिति के लिए पूरी तरह तैयार है। बैठक में जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद भी उपस्थित रहे।

**यह भी दिए निर्देश :** ● बाढ़ राहत शिविरों में रहने वाली महिलाओं-किशोरियों को डिग्निटी किट उपलब्ध कराए जाएं। डिग्निटी किट में सैनेटरी पैड, साबुन, तौलिया, डिस्पोजेबल बैग, बाल्टी, मास्क आदि हो। ● आपदा प्रबंधन मित्र, सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की आवश्यकतानुसार सहायता लें। उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाए। ● नौकाएं, राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से कर लें। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल मिले। ● चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य किट तैयार करके जिलों में पहुंचा दी जाएं।

### बीहड़ में पहली बार सीएम आदिवासियों के बीच सरकार के सौ दिन का जश्न

**जासं, चित्रकूट :** योगी सरकार-2 के सौ दिन का कार्यकाल पांच जुलाई को पूरा रहा रहा है। इस दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चित्रकूट के बीहड़ में रहेंगे। बहिलपुरवा के सेहरिन गांव में आदिवासियों के बीच सरकार के सौ दिन पूरे होने का जश्न मनेगा। मुख्यमंत्री यहां पौधा लगाकर प्रदेश में पौधारोपण की शुरुआत करेंगे। जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पहली बार ऐसा होगा कि बीहड़ में मुख्यमंत्री होंगे। उनके संभावित कार्यक्रम को लेकर वन विभाग और प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है।

# दहेज उत्पीड़न के मामलों में मुकदमा

**जागरण संवाददाता, पीपीगंज** : पीपीगंज थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के दो अलग-अलग मामलों में बुधवार को मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के नीबा टोला इटवा निवासिनी संगीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति दयानंद, ससुर गिरजानंद सहित देवर व सास पर आरोप लगाया है कि वह आये दिन दहेज के लिए उसे मारते पीटते रहते हैं। थाना क्षेत्र के छोटी बुढ़ेली निवासिनी पुष्पा देवी ने भी अपनी सास व ससुर पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप लगाया है। बुधवार को पुलिस ने पुष्पा व संगीता की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी की दो बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

कुई बाज़ार : सिकरीगंज थाना पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान विशाल गुप्ता निवासी कुरी बाजार बेलघाट के रूप में हुई है। वह उरुवा थाने के पहाड़पुर में अपनी ननिहाल में रहता था। उसका दूसरा साथी रवि राय निवासी कुरी बाजार भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। सिकरीगंज थाना पुलिस बुधवार को सिकरीगंज कस्बे में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक से दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते दिखे। उनमें से एक पुलिस को देख बाइक घुमाकर भाग निकला, जबकि विशाल बाइक से फिसल कर गिर गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की निशानदेही पर चोरी की दो बाइक बरामद हुई है। (जासं)

# बीयर की दुकान के मुनीम से लूट, दो पर मुकदमा

- घर जा रहे थे मुनीम, डेढ़ लाख रुपये व मोबाइल लूटकर भागे बदमाश
- लूट का मुकदमा दर्ज करके बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

**जागरण संवाददाता, खजनी** : बांसगांव थाने के भैंसा बाजार में बीयर की दुकान के मुनीम से बाइक सवार बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपये व मोबाइल लूट लिया। बदमाश दो की संख्या में थे। मुनीम की तहरीर पर पुलिस ने बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि दुकान से बिक्री की रकम मिलान करने पर लूटी गई रकम सिर्फ आठ हजार ही पता चल रही है।

महदेवा स्थित बीयर की दुकान के मुनीम व सहजनवां थाना क्षेत्र के पाली निवासी चंदेश कुमार मंगलवार की रात 10 बजे दुकान से घर जा रहे थे। वह भैंसा बाजार में पहुंचे थे कि बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने बैग में रखा डेढ़ लाख रुपये, कपड़ा व मोबाइल लूट लिया। हालांकि पुलिस का कहना है कि वह बिक्री की रकम लेकर अपने घर जा रहा था। उसके पास मौजूद रुपयों का मिलान किया गया तो पता चला कि उसमें सिर्फ आठ हजार रुपये कम हैं। बदमाश यही रकम लूटकर भागे हैं। पीड़ित की तहरीर पर बांसगांव थाना पुलिस दो व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके आरोपितों की तलाश में जुटी है।

**पांच दिन बाद भी नहीं मिला बुजुर्ग, अपहरण व फिरौती का मुकदमा दर्ज**

**बांसगांव** : बांसगांव थाना क्षेत्र के बैदौली निवासी 72 वर्षीय झब्बू यादव का पांच दिन बाद भी पता नहीं चला। बीते 26 जून को उनके पड़ोसी के घर एक चिट्ठी मिली थी, जिसमें उन्हें सकुशल लौटाने के बदले एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी। बुधवार को एसएसपी के निर्देश पर बांसगांव थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। झब्बू बीते 24 जून को घर अचानक गायब हो गए थे।

## शीशम की 68 बोटा लकड़ी बरामद, तस्कर फरार

खजनी : खजनी थाना क्षेत्र के गाजर जगदीश में मंगलवार की रात वन विभाग की टीम ने ट्रक सहित 68 बोटा अवैध शीशम बरामद किया है। इस दौरान तस्कर टीम को चकमा देकर भाग निकला। प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी खजनी दिनेश चौरसिया ने बताया रात में अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर राजेश शर्मा भाग निकला। चालक पप्पू गौतम को निजी मुचलके पर छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि लकड़ी को गोरखपुर ले जाया जा रहा था। (जासं)

## दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

पिपराइच : किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पिपराइच थाना पुलिस ने कस्बे के वार्ड नंबर 11 निवासी तसलीम शाह को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की शाम पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। एक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि आरोपित दो वर्ष से उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म कर रहा है। (जासं)

# चोरी की दो बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

सिकरीगंज। पुलिस ने चोरी की दो बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कुरी बाजार, बेलघाट निवासी विशाल गुप्ता के रूप में हुई। सिकरीगंज थानेदार दीपक सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार आते दिखाई दिए। पुलिस के रोकने पर दोनों भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो एक बाइक छोड़कर फरार हो गया, जबकि दूसरा बाइक के साथ पकड़ा गया। एक आरोपी को जेल भेजा गया है। पूछताछ में दूसरे आरोपी की पहचान बेलघाट के कुरी बाजार निवासी रवि राय के रूप में हुई है। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 30-06-22

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)।** सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 37/22 धारा 363/366 आईपीसी के वांछित अभियुक्त राजू रावत पुत्र लल्लन रावत निवासी हुजियारपुर थाना गोपालगंज जिला गोपालगंज (बिहार) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि० 30-06-22

# हर्ष फायरिंग करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**भलुअनी।** स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम पैकौली निवासी राजू सिंह पुत्र शिरोमणि सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर कर लिया है। राजू सिंह पर आठ मई को विवाह समारोह में हर्ष फायरिंग करने का आरोप है। हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ था। किसी ने इस वीडियो को ट्वीटर पर देवरिया पुलिस को टैग करते हुए ट्वीट कर कार्यवाही की मांग किया था। जानकारी के मुताबिक 8 मई 2022 को भलुअनी थाना क्षेत्र के पैकौली गांव में रणवीर सिंह के बेटी की शादी थी। उस शादी में रणबीर सिंह के भतीजे राजू सिंह ने लाइसेंसी रायफल से हर्ष फायरिंग किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खुब वायरल हुआ। किसी ने इस वीडियो को ट्वीटर पर देवरिया पुलिस को टैग कर ट्वीट कर कार्यवाही की मांग की थी। सुचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्र ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

राष्ट्रीय सहारा दि०-30-6-22

# दो अपहृत किशोरियों के साथ आरोपी महिला और उसकी मासूम बच्ची बरामद

तरकुलवा(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो किशोरियों को करीब दस रोज पूर्व रात में रहस्यमय ढंग से बहला-फुसला कर भगा ले जाने वाली आरोपी महिला और उसकी एक वर्षीया बच्ची के साथ दोनों अपहृत किशोरियों को तरकुलवा पुलिस ने देवरिया सादर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। इस मामले में एक अपहृत किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस आरोपी महिला के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज की थी। तरकुलवा पुलिस बरामद महिला और अपहृत किशोरियों से पूछताछ कर रही है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के मुन्डेरा बाबू गांव की रहने वाली एक महिला पर आरोप है कि वह बीते 20 जून की मध्य रात्रि में अपने जेठानी की 17 वर्षीया पुत्री और बगल की रहने वाली एक 16 वर्षीया किशोरी को लेकर रहस्यमय ढंग से कहीं गायब हो गई थी। गांव के लोगों का कहना था कि मध्य रात्रि में गांव के भीतर एक बोलेरो आई थी। जिससे इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया था। काफी खोजबीन के बाद भी घर वालों को जब गायब किशोरियों का कोई अता-पता नहीं चल पाया तो पड़ोस की अपहृत किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिसपर पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ भादवि की धारा 363 व 366 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। तरकुलवा पुलिस के लिए रहस्यमय ढंग से लापता दोनों किशोरियों और आरोपी महिला की बरामदगी एक चुनौती बन चुकी थी। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर बुधवार की सुबह 7 बजे के करीब एसआई उमाशंकर यादव, एसआई रमाकान्त राय, कांस्टेबल गौरव खरवार, महिला आरक्षी प्रियंका चौधरी व पूजा मौर्या की टीम ने देवरिया सदर रेलवे स्टेशन से आरोपी महिला, उसकी एक वर्षीया बच्ची के साथ दोनों अपहृत किशोरियों को बरामद कर लिया। इंस्पेक्टर टी.जे. सिंह ने बताया कि आरोपित महिला और उसकी एक वर्षीया बच्ची के साथ दोनों किशोरियों को नियमानुसार बरामद कर लिया गया है। आरोपी महिला और किशोरियों से पूछताछ की जा रही है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 30-6-22

# जमीन के नाम पर दस लाख रूपये हड़पने का पुलिस को दिया तहरीर

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** देवरिया जनपद के भटनी थानाक्षेत्र के ग्राम प्यासी निवासी एक व्यक्ति ने रुद्रपुर के एकलामिश्रौलिया निवासी एक व्यक्ति पर जमीन दिलाने के नाम पर दस लाख रूपये लेकर ठगी करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर दिया है। भटनी थानाक्षेत्र के प्यासी निवासी नीरज मिश्र पुत्र स्व. प्रेम नरायन मिश्र ने आरोप लगाया है कि मैं भटनी में अपनी भूमि बेचकर रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एकलामिश्रौलिया निवासी चन्द्रभूषण को गोरखपुर में भूमि लेने के लिये दो चेक पंजाब नेशनल बैंक व सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया का 10 लाख रूपये दिया। जहां उक्त रकम उनके खाते में ट्रांसफर होने के बाद भी वह जमीन नहीं दिये। अपना दिया पैसा मांगने पर उपरोक्त गाली देकर दरवाजे से भगा देता है। इस बाबत कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है, मामले की छानबीन की जा रही है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 30-6-22

# पुलिस की जांच में फर्जी दरोगा ही निकला मास्टर माइंड

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उसरा के समीप 3 सप्ताह पूर्व पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर फर्जी दरोगा को चार पहिया वाहन के साथ पकड़ा था। जहां उक्त फर्जी दरोगा ने अपने साथ विद्याधर कुशवाहा के नाम को बताते हुए फर्जी दरोगा बनाये जाने कहानी गढ़ी थी। पुलिस फर्जी दरोगा के साथ ही विद्याधर पर भी मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। मिली जानकारी के अनुसार फर्जी दरोगा ही मास्टर माइण्ड था। वह अपने ही विद्याधर बनकर दूसरे नंबर से बात करता था। बरामद गाड़ी का नम्बर स्कूटर का नंबर निकला। पूछताछ करने पर विद्याधर की जगह भी फर्जी दरोगा बनने नगीना पुत्र बनवारी ही निकला। रुद्रपुर पुलिस तीन सप्ताह पूर्व उसरा बाजार के समीप इनोवा गाड़ी के साथ फर्जी दरोगा को पकड़ी थी। पूछताछ में वह फर्जी निकला, उसने अपने द्वारा गढ़ी कहानी में विद्याधर के नाम के व्यक्ति को बताते हुए उसने दरोगा बनाने के नाम पर 90 हजार रुपये लिया तथा वर्दी व स्टार लाकर दिया था।

राष्ट्रीय सहारा दि०-30-6-22

# आर्म्स एक्ट का वांछित वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कौलाचक गांव निवासी एक आर्म्स एक्ट के वांछित वारंटी को पुलिस ने बुधवार की सुबह में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए वारंटी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के कौलाचक गांव निवासी सरफुद्दीन पुत्र मौजदीन के खिलाफ 3/25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज था। जो काफी दिनों से फ़रार चल रहा था। उसके खिलाफ कोर्ट द्वारा एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया गया था। मुखबीर की सूचना पर हल्के के एसआई रमाकान्त राय ने हमराहियों के साथ सुबह चार बजे उसके घर पर छापेमारी कर उसे धर दबोचा। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि आरोपी पर न्यायालय से गैर जमानती वारंट था, जिसे आज गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 30-06-22

# चार हत्यारोपी गिरफ्तार भेजे गए जेल

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मदारीपट्टी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई वृद्ध की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार की शाम को चार हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया। इस मामले में तीन हत्याभियुक्त पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के मदारीपट्टी गांव में बीते 24 जून की रात में पुरानी रंजिश को लेकर हुई कालिका सिंह (65वर्ष) पुत्र स्व. कमल सिंह की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई हरिश्चन्द्र पुत्र स्व. कमल सिंह की तहरीर पर चौदह लोगों के खिलाफ भादवि की धारा 147, 148, 304, 352 व 323 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें से तरकुलवा पुलिस ने मंगलवार की शाम को करिश्मा पुत्री रामबचन, निधि पुत्री श्रीकांत, चिंता देवी पत्नी रामबचन व सुमित्रा देवी पत्नी श्रीकांत को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया। इस मामले में अब तक सात हत्याभियुक्तों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। सात हत्याभियुक्त अभी भी फरार हैं। थानायक्ष टी.जे. सिंह ने बताया कि वृद्ध की हुई मौत के मामले में अब तक कुल सात हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जा चुका है। शेष बचे सात अभियुक्तों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

राष्ट्रीय स्वराज दि०-30-06-22

# दो वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय पुलिस ने विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमे में दो वांछित को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि थाना क्षेत्र के बभनौली कला निवासी नगीना(52) पुत्र रघु व गुजेस्वर(50) पुत्र बालचंद के विरुद्ध थाने में मुअसं 136६ 93 धारा 147, 148, 149,307, 325, 324, 504, 506, 435, 3(1), 3(2)पपप व 3(2)एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीत था। ये दोनों काफी दिनों से फरार चल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को उनके गांव से ही गिरफ्तार कर लिया।

हिन्दुस्तान दि० - 30-06-22

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

रामपुर कारखाना। वांछित अभियुक्तों के खिलाफ रामपुर कारखाना पुलिस का अभियान लगातार जारी है। एसआई सजनू कुमार ने जानलेवा हमले के आरोपी गौतम प्रसाद पुत्र रामध्यान प्रसाद निवासी गोरयाघाट थाना रामपुर कारखाना गिरफ्तार कर मा न्यायालय भेजा गया। थानाध्यक्ष ने बताया वांछितों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

हिन्दुस्तान दि०-30-06-22

# महिला को गिरफ्तार कर भेजा जेल

महुआडीह। न्यायालय द्वारा वारंटी महिला अभियुक्त विमला देवी पत्नी हीरालाल राजभर को महुआडीह पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी महिला का मेडिकल कराकर न्यायालय चालान कर दिया।

हिन्दुस्तान दि०-30-06-22

# दस माफियाओं की सम्पत्ति पर बुलडोजर चलाने की तैयारी

देवरिया, निज संवाददाता। देवरिया जिले के टॉप-10 माफियाओं पर अब पुलिस का बुलडोजर चलेगा। पुलिस उनके खिलाफ दर्ज मुकदमों की सूची तैयार कर मॉनिटरिंग सेल की मदद से मुकदमों के ट्रायल की स्थित जानेगी। इसके बाद कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर उन्हें कोर्ट से सजा दिलाई जाएगी।

ये ऐसे बदमाश हैं, जो जिलों की टॉप टेन सूची में हैं। हर बदमाश पर कई मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन अभी तक किसी मामले में उन्हें सजा नहीं हो सकी है। यही वजह है कि इसे प्राथमिकता में शामिल कर कोर्ट में पैरवी करने का आदेश डीआईजी जे. रविंदर गौड़ ने दिया है। ऑपरेशन शिकंजा को और प्रभावी बनाने का आदेश डीआईजी ने दिया है। अब केस की तारीख पर पुलिस की ओर से कड़ी पैरवी की जाएगी, ताकि अपराधियों को सजा हो सके। इसके लिए देवरिया जिले के 10 माफियाओं की सूची तैयार की गई है। अभी तक पिछले छह महीने में देवरिया जिले में दो दर्जन से अधिक अभियुक्तों के मुकदमों की प्रभावी पैरवी कर पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत आरोपियों को सजा दिलाई है। पुलिस ने किसी बड़े माफिया को सजा दिलाने में नाकाम रही है। अब पुलिस ने माफिया को कम से कम एक मुकदमे में सजा दिलाने की तैयारी की है।

## जिले के ये हैं टॉप टेन माफिया

देवरिया जिले की पुलिस ने जिले के 20 थानों में से दस बदमाशो की टॉप टेन सूची बनाई है। लार थाने के दो बदमाशों को सूची मे शामिल किया गया है। जिसमे लार थाने के रवि प्रताप सिंह उर्फ झूला सिंह, सदर कोतवाली के ह्रदयशंकर, रामपुर कारखाना थाने सुनील राजभर, भलुअनी थाने के महेश यादव, गौरीबाजार थाने के विवेक सिंह, सलेमपुर कोतवाली के अनूप सिंह उर्फ बबलू सिंह, खुखुन्दू थाने के मनीष मिश्रा, लार लार थाने के रामप्रवेश यादव, बनकटा थाने के अमृतांश पांडेय का नाम देवरिया पुलिस की लिस्ट में शामिल है।

हिन्दुस्तान दि० 30-6-22

# अधेड़ की हत्या के मामले में केस

रामपुर कारखाना। घर से सब्जी लेने निकले अधेड़ की गला रेत कर हत्या के मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। हालांकि महुआडीह पुलिस समेत तीन टीमों के हाथ अभी बदमाशों के बारे में कोई सुराग नहीं मिल सका है।

कुशीनगर के हाटा कोतवाली स्थित करंज गांव निवासी श्रीकांत प्रसाद 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय गुजेसर प्रसाद की बदमाशों ने गला रेत कर हत्या कर दी थी। मंगलवार की तड़के उसका शव महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा खास गांव में सड़क किनारे पड़ा मिला। महुआडीह पुलिस ने मृतक की पत्नी शांति देवी की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

हिन्दुस्तान दि० 30-06-22

# पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

देवरिया। युवती को भगाने वाले युवक को सदर कोतवाली के गरुणपार चौकी के प्रभारी ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर शहर के एक मोहल्ले के रहने वाली युवती के परिजनों ने युवक पर भगाने का केस कराया था।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती को पड़ोस में किराए के मकान में रहने वाला युवक भगा ले गया था। पुलिस ने राजू रावत पुत्र लल्लन निवासी हुजियारपुर थाना गोपालगंज बिहार पर 363,366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

दैनिक जागरण दि० 30-06-22

# लार में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम तय, तैयारियों में जुटे अधिकारी

- एक जुलाई को संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का करेंगे शुभारंभ
- रमावती धर्मनाथ कन्या इंटर कालेज में जनसभा को करेंगे संबोधित

**जागरण संवाददाता, देवरिया :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक जुलाई को लार में आएंगे। वह प्रदेश स्तरीय विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का शुभारंभ करेंगे। सीएचसी लार में लगाए गए स्वास्थ्य संबंधी स्टाल का निरीक्षण करेंगे। साथ ही रमावती धर्मनाथ कन्या इंटर कालेज लार में जनसभा को संबोधित करेंगे।



सीएम योगी आदित्यनाथ • फाइल फोटो

मुख्यमंत्री कार्यालय से आगमन की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है। कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था सीडीओ रवींद्र कुमार व सुरक्षा व्यवस्था एसपी संकल्प शर्मा के जिम्मे होगी। सीएचसी परिसर में लगे स्वास्थ्य संबंधी स्टाल व लाभार्थियों से संवाद व व्यवस्थाओं के लिए सीएमओ व एसीएमओ डा.सुरेंद्र सिंह व प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.बीबी सिंह व विद्यालय में जनसभा से संबंधित व्यवस्था के लिए एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, अधिशासी अभियंता कमल किशोर को नामित किया है। कार्यक्रम स्थल से संचारी रोग अभियान के लिए वाहनों को झंडा दिखाने संबंधी व्यवस्था के लिए एसीएमओ डा.सुरेंद्र सिंह, एआरटीओ राजीव चतुर्वेदी व ईओ देवरिया रोहित सिंह, हैलीपैड का निर्माण कार्य अधिशासी अभियंता कमल किशोर, विशिष्ट अतिथियों व अधिकारियों के लिए पास की व्यवस्था एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी मंजूर अहमद, प्रभारी जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी केके राय, साफ सफाई के लिए डीपीआरओ अविनाश कुमार व ईओ लार राजन तिवारी, फ्लीट की व्यवस्था के लिए एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, डीएसओ विनय सिंह व एआरटीओ राजीव चतुर्वेदी, अग्निशमन संबंधी व्यवस्था के लिए प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी, मुख्यमंत्री के प्रयोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थ की जांच के लिए सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रमेश चंद्र पांडेय को नामित किया गया है।

**अस्पताल में दिखी सफाई :** सलेमपुर : सीएम के लार में दौरे को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ सफाई की गई। अस्पताल में सभी वार्डों के अलावा परिसर में बुधवार को दोपहर तक सफाई हुई।

(केन्द्रीय विश्ववि
आ
प्रवेश 2022-23

दैनिक जागरण दि० 30-06-22

# स्कूटर के नंबर पर चला रहा था इनोवा

जासं, रुद्रपुर : कोतवाली क्षेत्र के परसा जंगल के रहने वाली फर्जी दारोगा की जांच में कहानी कुछ और सामने आई है। पुलिस की जांच में पता चला कि जिस इनोवा से वह चल रहा था। उसका नंबर स्कूटर का था। वह विद्यासागर छद्म नाम बताकर दूसरे मोबाइल नंबर से लोगों से बात करता था। जब पुलिस ने मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाया तो वह नंबर रामनगीना पुत्र बनवारी परसाजंगल रुद्रपुर देवरिया का निकला। एक पखवारे पूर्व उसरा बाजार इंडस्ट्रियल एरिया के समीप पुलिस ने उसे बाइक की जांच करते पकड़ा था। विवेचक राधेश्याम चौधरी ने बताया कि स्कूटर के नंबर पर इनोवा चला रहा था।

दैनिक जागरण दि० 30-6-22

# मारपीट में पांच पर मुकदमा

रामपुर कारखाना : पुरानी रंजिश में गोरयाघाट में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है। गांव के रमाकांत प्रसाद की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। जिनका उपचार पीएचसी पर कराया गया। इस मामले में पुलिस ने नागेंद्र, गौतम, गुलशन, विनोद व प्रिंस के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि०-30-6-22

# आरोपित को किया गिरफ्तार

एकौना : ग्राम हड़हा के रहने वाले बलिंद्रर को पुलिस ने बुधवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध 2017 से परिवार न्यायालय़ में मुकदमा चल रहा था। न्यायालय के आदेश के बावजूद वह हाजिर नहीं हो रहा था। (जासं)

दैनिक जागरण दि०-30-06-22

# महिला के साथ बरामद हुई अपहृत दोनों किशोरियां

**जासं, तरकुलवा:** एक सप्ताह पूर्व अपहृत दोनों किशोरियों को पुलिस ने बुधवार को सदर रेलवे स्टेशन के निकट से बरामद कर लिया। दोनों किशोरियां एक महिला के साथ मिलीं।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली दो किशोरियों को बहला-फुसलाकर भगाने का मुकदमा दो युवकों के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया था। किशोरियों के बरामद होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली है। इंस्पेक्टर टीजे सिंह ने बताया कि मोबाइल के लोकेशन ट्रेस किया गया। जिसके आधार पर अपहृत किशोरियां बरामद हुई हैं। उनके साथ एक महिला मिली है, जिससे पूछताछ की जा रही है। महिला के गोद में बच्ची भी है। किशोरियों का बयान दर्ज कराया जाएगा।

दैनिक जागरण दि०-30-06-22

# दस लाख रुपये हड़पने का आरोप पुलिस से कार्रवाई की मांग

जासं, रुद्रपुर: जनपद के भटनी थाना क्षेत्र के पयासी के रहने वाले एक व्यक्ति ने रुद्रपुर के एकला मिश्रौलिया के रहने वाले एक व्यक्ति पर भूमि दिलाने के नाम पर दस लाख रुपये लेकर ठगी करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्राम पयासी के रहने वाले नीरज मिश्र पुत्र स्व. प्रेमनारायण मिश्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि भटनी में अपनी भूमि बेचकर रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के एकला मिश्रौलिया के रहने वाले एक व्यक्ति को गोरखपुर में भूमि लेने के लिए दो चेक पीएनबी और सेंट्रल बैंक आफ इंडिया का दस लाख का दिया। उक्त रकम उनके खाते में जमा हो गई। भूमि न मिलने के बाद रकम मांगने पर गाली-गलौज करने पर उतारू हो जा रहे हैं।

कोतवाल राजू सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है। आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

जासं, सलेमपुर, देवरिया: सलेमपुर दक्षिणी ढाला के समीप ट्रेन की चपेट में आने से पिपरा नाजिर निवासी विजयी पुत्र राजपति की मृत्यु हो गई। विजई किसी कार्य से कहीं गए हुए थे। वे वापस लौट रहे थे कि बरहज के तरफ से आ रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गए। जिससे घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

दैनिक जागरण दि०-30-06-22

# बुजुर्ग की हत्या में आरोपित चार महिलाएं गिरफ्तार, गईं जेल

**जागरण संवाददाता, तरकुलवा:** मदारी पट्टी में बुजुर्ग की हुई हत्या के मामले में फरार चार महिला आरोपितों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दी गई। मदारी पट्टी के रहने वाले कालिका सिंह की 23 जून की रात उस समय हत्या कर दी गई, जब वह शौच कर घर लौट रहे थे।

इस मामले में 14 लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। रविवार को तीन आरोपित जेल भेज दिए गए। जबकि फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस ने चार महिला आरोपितों करिश्मा, निधि, चिंता देवी व सुमित्रा को गांव से गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि फरार चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अभी तक इस मामले में सात आरोपित जेल भेजे जा चुके हैं।

दैनिक जागरण दि०-30-6-22

# किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

जासं, देवरिया: किशोरी के अपहरण के आरोपित युवक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित युवक गोपालगंज जनपद के गोपालगंज थानाक्षेत्र के हुजियापुर गांव का रहने वाला है।

**शांतिभंग में दो के विरुद्ध कार्रवाई:** सदर कोतवाली के चक सराय बदलदास के रहने वाले बबलू पटेल की पिटाई के मामले में पुलिस ने एनसीआर दर्ज किया है। साथ ही दोनों आरोपितों का शांति भंग में चालान किया। पुलिस ने 15 हजार रुपये लूटने के आरोप को गलत बताया।

अमर उजाला दि०-30-06-22

# अपहृत किशोरियां मिलीं, आरोपी महिला गिरफ्तार

तरकुलवा। करीब दस दिन पूर्व रहस्यमय ढंग से लापता दो किशोरियों को पुलिस ने देवरिया सदर रेलवे स्टेशन से ढूंढ लिया है। आरोपी महिला को उसकी एक साल की बच्ची के साथ पकड़ा है। एक किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। तरकुलवा पुलिस आरोपी महिला और दोनों किशोरियों से पूछताछ कर रही है।

क्षेत्र के मुंडेरा बाबू से 20 जून 2022 की मध्य रात में एक महिला अपनी जेठानी की 17 वर्षीय पुत्री और बगल की 16 वर्षीय किशोरी के साथ लापता हो गई। ग्रामीणों के अनुसार आधी रात में गांव में चार पहिया वाहन आया था। उसमें बैठकर वे कहीं चली गईं। स्वजनों ने उनकी काफी तलाश की। पता नहीं चला तो एक किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपित महिला के खिलाफ भादवि की धारा 363 व 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर बुधवार की सुबह 7 बजे के करीब एसआई उमाशंकर यादव व एसआई रमाकांत राय, गौरव खरवार, प्रियंका चौधरी व पूजा मौर्या की टीम ने देवरिया सदर रेलवे स्टेशन से अपहृत दोनों किशोरियों को ढूंढ लिया। साथ ही आरोपी महिला को उसकी एक साल की बच्ची के साथ पकड़ लिया। वह अपहृत दोनों किशोरियों को साथ लेकर कहीं जाने वाली थी।

इस संबंध में तरकुलवा के थानेदार टीजे सिंह ने बताया कि आरोपित महिला को उसकी एक साल की बच्ची के साथ दोनों किशोरियों को ढूंढ निकाला गया है। आरोपी महिला और किशोरियों से पूछताछ की जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि-30-6-22

# अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

देवरिया। किशोरी को बहला फुसलाकर जयपुर ले जाने वाले एक आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

किशोरी के पिता का आरोप है कि बिहार के गोपालगंज जनपद के अजियापुर निवासी राजू रावत (20) एक किशोरी को बहला फुसलाकर जनवरी में लेकर राजस्थान चला गया था। किशोरी अपने परिवार के साथ शहर के एक मोहल्ल में कई साल से रहती है। कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार लिया गया है। संवाद

अमर उजाला दि०-30-06-22

# 20 दिनों में नौ लोगों की हत्या से पुलिस सकते में

## अज्ञात कातिलों को ढूंढने में पुलिस का छूट रहा पसीना, सफल रही खामपार पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जनपद की पुलिस के लिए जून माह सिरदर्द भरा है, क्योंकि महज बीस दिनों में नौ लोगों की हत्या हो चुकी है। जिन मामलों में नामजद आरोपी रहे हैं, इसमें तो गिरफ्तारी हो गई, लेकिन अज्ञात कातिलों को ढूंढने में पुलिस के पसीने छूट रहे हैं। अभी दो घटनाएं हैं, जिनका पर्दाफाश पुलिस नहीं कर पाई है। अज्ञात बदमाशों के मामले में खामपार पुलिस को केवल सफलता मिली है।

जून माह पुलिस के लिए काफी खराब रहा है। कहीं भूमि विवाद में हत्या हुई तो कहीं पुरानी रंजिश में हत्या कर दी गई। इसमें कुछ विवाद के मामले पुलिस के पास पहुंचे थे, लेकिन टालमटोल के कारण स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके कारण बड़ी वारदात हो गई। पर इतना जरूर है कि एसपी के सख्ती के कारण जिम्मेदार पुलिसकर्मी सकते में हैं, क्योंकि अपराध की रोकथाम के लिए सलेमपुर, बरहज, भाटपाररानी सीओ के कार्यक्षेत्र बदले और लापरवाह थाना प्रभारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई।

### इस माह हुई हत्या

- इसी माह में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज और गोनाह गांव में दो पिता और पुत्र की हत्या हो गई। इस मामले के नामजद आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।
- खामपार थाना के खेट के नेटुआरवीर चौराहे पर बारिस्टर यादव की सुपारी देकर हत्या कर दी गई थी। अज्ञात मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस को खुलासा करने में कामयाबी मिल गई थी। करीब डेढ़ करोड़ रुपये के लेन-देन में हत्या कराई गई थी।
- तरकुलवा थाना क्षेत्र के मदारी पट्टी गांव निवासी कालिका सिंह, मोतीपुर में आयशा खातून, पथरदेवा निवासी प्रमोद शर्मा की लाठी डंडे पीटकर हत्या कर दी गई इन सभी नामजद मुकदमा दर्ज हुआ और गिरफ्तारी भी हो चुकी है।
- लार निवासी किशोर रहमान की गला रेतकर हत्या का दी गई। छह दिन बाद घटना का पर्दाफाश नहीं हो पाया है।
- महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा गांव के पास सोमवार की रात श्रीकांत प्रसाद की गला काटकर हत्या का दी गई। इस मामले में अज्ञात कातिल है।

**निलंबित हो चुके हैं दो एसओ :** देवरिया। एसपी संकल्प शर्मा ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई भी की है। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले रुद्रपुर कोतवाल विजय कुमार और बरियारपुर एसओ मनोज कुमार को निलंबित कर दिया है। इसमें रुद्रपुर कोतवाल की लापरवाही सामने उजागर हो चुकी है।

**कहीं भूमि विवाद में तो कहीं पुरानी रंजिश में मौत के घाट उतार दिया गया**

एसपी ने मंगलवार को बताया कि महुआडीह थाना क्षेत्र में हुई घटना का खुलासा करने के लिए टीम का गठन किया गया है। लार में किशोर की हत्या के कारणों का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है। हर हाल में घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

अपराध को रोकने में नाकाम थानेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि खामपार थाना क्षेत्र में पिछले दिनों गोलीमार हत्या की घटना पुलिस के लिए चुनौती थी, लेकिन कुछ दिन बाद घटना का पर्दाफाश कर दिया गया था।

अमर उजाला दि०-30-6-22

# उदयपुर हत्याकांड के बाद अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर फोर्स



बरहज रेलवे स्टेशन पर तैनात पुलिस। - संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। राजस्थान के उदयपुर में फेसबुक पर नूपुर शर्मा के समर्थन से नाराज कातिलों ने कन्हैया की तालिबानी तरीके से हत्या कर दी। इससे लोगों में नाराजगी है। इस जघन्य हत्याकांड के बाद पुलिस अलर्ट पर है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। घटना की लोगों ने निंदा करते हुए कन्हैया के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की है।

उदयपुर में दिल दहला देने वाली घटना के बाद से खुफिया एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। जबकि पुलिस चौकस हो गई है। रेलवे स्टेशन पर स्थानीय पुलिस के अलावा आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। लोगों के बीच में सादे वेश में पुलिस घूमती देखी गई। नगर के अलावा भलुअनी, गड़ेर, मगहरा, सोनाड़ी, करुअना, कपरवार, पैना आदि चौराहों पर पुलिस नजर बनाए हुए थी। उदयपुर में तालिबानी तरीके से की गई कन्हैया लाल की हत्या से लोगों में गुस्सा है। घटना के लिए लोग तुष्टिकरण और राजस्थान पुलिस की लापरवाही को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे दिन प्रशासन सतर्क रहा। विजिलेंस टीमें भी नजर बनाए हुए थीं। थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र ने बताया कि सतर्कता बरती जा रही है। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अमर उजाला दि० 30-6-22

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर कारखाना।** वांछित आरोपियों के खिलाफ पुलिस का अभियान चला रही है। बुधवार को एसआई सजनू कुमार ने आरोपी गौतम प्रसाद निवासी गोरयाघाट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि वांछित आरोपियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। संवाद

अमर उजाला दि०-30-06-22

# फायरिंग का वीडियो हुआ वायरल, युवक हिरासत में

भलुअनी। थाना क्षेत्र के पैकौली गांव में कुछ दिन पहले शादी में युवक ने फायरिंग की थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही पुलिस हरकत में आ गई। बुधवार को युवक को हिरासत में ले लिया।

पैकौली गांव कुछ दिन पहले एक शादी समारोह में एक युवक अपने पिता के लाइसेंसी असलहे से फायरिंग कर रहा था। सोशल मीडिया पर 'ना हो दादा हम ना जाब बराते में गोली चलेला बबुआने के बराते में...' गीत के साथ फायरिंग का वायरल होने पर भलुअनी पुलिस युवक को थाने लाई। थानाध्यक्ष मुकेश मिश्र ने बताया कि सोशल मीडिया पर फायरिंग का वीडियो वायरल होने पर युवक को थाने लाया गया है। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। संवाद

अमर उजाला दि० 30-06-22

# हत्या के मामले में कुशीनगर में छापा मारा

संवाद न्यूज एजेंसी

**देसही देवरिया।** महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा खास गांव के पास मुर्गी फार्म के समीप मजदूर की हत्या के मामले में पुलिस हत्यारोपियों की तलाश में जुटी है। बुधवार को कुशीनगर के कसया सहित कई जगहों पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस को घटना में प्रयुक्त कुछ अहम सुराग भी हाथ लगे हैं। पुलिस मामले का जल्द पर्दाफाश का दावा कर रही है। मृतक की पत्नी ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है।

हाटा कोतवाली क्षेत्र के करंज गांव के श्रीकांत प्रसाद (51) मजदूरी करते थे। सोमवार को वह खेत की रोपाई करके शाम को साइकिल से रामपुर गौनरिया चौराहे पर बाजार करने जाने की बात कहकर घर से निकले। देर रात घर नहीं लौटे। मंगलवार की सुबह महुआडीह थाना क्षेत्र के चिउरहा खास गांव के पास एक मुर्गी फार्म के समीप लोगों ने उनका शव देखा। गला रेतकर उनकी हत्या कर दी गई थी। मौके से उनका आधार कार्ड, चप्पलें वं कुछ रुपये मिले थे। रात को पुलिस ने कई जगहों पर छापा मारा। कुछ अहम सुराग हाथ लगे। उसके आधार पर कसया सहित कई जगहों पर छापा मारा गया। पुलिस की मानें तो जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा। मृतक की पत्नी शांति देवी ने पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस श्रीकांत हत्या मामले को पूरी गंभीरता से ले रही है। बहुत जल्द आरोपी पकड़े जा सकते हैं।

**चिउरहा खास गांव के मुर्गी फार्म के समीप मजदूर की हत्या का मामला**

**पत्नी ने की हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग**

## पूरी रात बजता रहा पुलिस का हूटर

श्रीकांत प्रसाद की सोमवार की रात को हत्या कर मंगलवार की सुबह शव चिउरहा गांव के समीप मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस आरोपियों को दबोचने के लिए पूरी रात दबिश देती रही। गाड़ी का हूटर बजता रहा। वहीं रात को पीड़ित के घर पुलिस तैनात रही।

## श्रीकांत की साइकिल नहीं मिली

**देसही देवरिया।** श्रीकांत की जेब से पहचान पत्र और कुछ रुपये भी पुलिस को मिले। लेकिन जिस साइकिल से वह बाजार निकले थे, वह साइकिल कहीं नहीं मिली।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 30-06-2022

अरोपी जिपं सदस्य के ऑफिस से मिले 43 प्रतिबंधित पशु

# जिपं सदस्य का पिता पशु तस्करी में गिरफ्तार

- मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की छापेमारी तो पकड़े गए पशु
- पुलिस ने आरोपी के ऑफिस से दो पिकअप को कब्जे में लिया

तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद। पशु तस्करी के खिलाफ जिले की पुलिस इन दिनों काफी सक्रिय है। इसी क्रम में तुर्कपट्टी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 43 प्रतिबंधित पशु व दो पिक अप बरामद किया है। पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस मामले की कार्रवाई में जुटी है। साथ पकड़े गए आरोपी पर पुलिस केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को दोपहर मुखबिर से सूचना मिली कि तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत छहूं निवासी जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव के कार्यालय में तस्करी के लिए कुछ प्रतिबंधित पशु रखे गए हैं। इस सूचना के आधार पर एसएचओ तुर्कपट्टी जय प्रकाश पाठक ने अपने हमराहियों के साथ उक्त जगह पहुंच कर तलाशी ली तो मौके से कुल 43 प्रतिबंधित पशु बरामद हुए। मौके से 2 पिक अप को भी बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके से अमरेश के पिता चंद्रभान यादव को गिरफ्तार किया। वहीं बरामदगी के बाद पुलिस प्रतिबंधित पशुओं को उक्त जगह से पैदल ही थाने लाई। यह घटना आस पास के लोगों के लिए चर्चा का विषय बनी रही। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष जेपी पाठक ने बताया कि मौके पर 3 पशु छोड़ दिए गए हैं। यह पशु ग्राम प्रधान रानी यादव का होना बताया गया है, जो अमरेश की पत्नी हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान एसएसआई गिरधारी यादव, एसआई श्रवण यादव, अभिषेक सिंह व राम कुमार आत्रेय, हेड कांस्टेबल श्रीकृष्ण सिंह, कांस्टेबल रोशन चौधरी, विनीत सिंह व अभिषेक मौजूद थे।



पशु तस्करी के आरोप में मौके से आरोपी को हिरासत में लेकर जाती पुलिस।

## जिपं सदस्य अमरेश यादव पर दर्ज हैं 22 मामले

पुलिस ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव पर कुल 22 मामले दर्ज हैं। इसमें सिर्फ तुर्कपट्टी थाने में 11 मामले दर्ज हैं जिसमें 6 पशु तस्करी और 5 अलग अलग मामले हैं। इसके अलावा बस्ती, गोरखपुर, हाटा व कसया आदि थानों में भी मामले दर्ज हैं।

# समय से नहीं हुआ काम, एसपी ने किया निरीक्षण

पडरौना/, निज संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्माण कार्यों की समीक्षा के बाद दिये निर्देश पर मंगलवार को जिले में बन रहे तीन अग्निशमन केंद्रों में शामिल कप्तानगंज के निर्माणाधीन अग्निशमन केंद्र का एसपी धवल कुमार जायसवाल ने निरीक्षण किया।

एसपी ने कार्यदायी संस्था को शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा हाटा व कसया में बन रहा अग्निशमन केंद्र को हैंडओवर होने में अभी वक्त लगेगा, जबकि कार्यदायी संस्था को पिछले अप्रैल महीने में तीनों अग्निशमन हैंडओवर कर देना था। उप्र पुलिस आवास निगम की निर्माण इकाई गोरखपुर पिछले मार्च 2019 से जिले के कसया, हाटा व कप्तानगंज अग्निशमन केंद्र के मुख्य प्रशासनिक



बुधवार को कप्तानगंज में निर्माणाधीन फायर स्टेशन का निरीक्षण करते एसपी धवल जायसवाल। • हिन्दुस्तान

भवन के साथ आवासीय भवन का निर्माण करा रही है। तीनों केंद्रों के भवन को पिछले अप्रैल महीने में हैंडओवर होना था, लेकिन कार्यदायी संस्था के लापरवाही के कारण अब तक तीनों केंद्र हैंडओवर नहीं हो सके हैं। उप्र पुलिस आवास निगम लिमिटेड के अधिशासी अभियंता संजीव सक्सेना ने महाप्रबंधक परियोजना लखनऊ को पत्र भेजकर बताया कि पूरे प्रदेश में 34 अग्निशमन केंद्र बनने हैं। इसमें कप्तानगंज का अग्निशमन केंद्र दिसंबर से काम शुरू हुआ। छह माह में तेज गति से निर्माण कराकर 15 जुलाई तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

**कार्यालय के साथ होगा आवासीय भवन का निर्माण:** कार्यदायी संस्था को कप्तानगंज में मुख्य भवन अग्निशमन केंद्र तथा टाइप बी का दस आवासीय भवन तथा टाइप ए टू का 14 आवासीय भवन बनाना है। वहीं कसया व हाटा में अग्निशमन केंद्र का मुख्य भवन के अलावा टाइप ए टू व टाइप बी का 14 आवासीय भवन तथा टाइप बी का 10 आवासीय भवन बनना है।

कप्तानगंज थाना क्षेत्र में बन रहे फायर स्टेशन का बुधवार को एसपी धवल जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मानक के अनुरूप स्टेशन निर्माण कराने की बात कही और ठेकेदार को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया।



बुधवार को खड्डा थाना परिसर में धर्मगुरुओं के साथ बैठक करते सीओ संदीप वर्मा। • हिन्दुस्तान

# धर्मगुरुओं के साथ सीओ ने की बैठक

खड्डा। राजस्थान के उदयपुर की घटना को लेकर बुधवार की शाम खड्डा थाने में सीओ संदीप वर्मा व इंस्पेक्टर धनवीर सिंह की देखरेख में दोनों समुदाय के धर्मगुरुओं की बैठक हुई। इसमें दोनों समुदाय के लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देने व आपसी सामंजस्य बनाकर रहने की अपील की गयी।

# जिपंस के कार्यालय पर छापा, 43 गोवंशीय बरामद

## पिता गिरफ्तार, पत्नी ने कहा, पालतू हैं गोवंश दूध का होता है व्यवसाय, पशु तस्करी को लेकर हुई कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, तुर्कपट्टी:** पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। तुर्कपट्टी के छहूं में जिला पंचायत सदस्य के कार्यालय परिसर पर छापा मारकर 28 गाय, 15 बछड़ा सहित कुल 43 गोवंशीय बरामद किए। मौके से दो पिकअप भी कब्जे में लिया। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि पशु तस्करी का मामला है, जबकि जिला पंचायत सदस्य की पत्नी ने कहा कि गोवंश पालतू हैं, और दूध का व्यवसाय होता है।

पुलिस को सूचना मिली कि जिपंस अमरेश यादव के कार्यालय परिसर में काफी मात्रा में गोवंशीय पशु बधे हैं। इन्हें रात को बिहार भेजा जाएगा। एसएचओ जयप्रकाश पाठक ने पुलिस टीम साथ दोपहर बाद छापेमारी की तो गोवंश बरामद हुए। मौके पर मौजूद जिपंस के पिता चंद्रभान यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बरामद गोवंश को पुलिस हांक कर थाने लाई। देखने के लिए आसपास गांवों के लोग उमड़ पड़े। जिपंस यादव की पत्नी रानी यादव जो छहूं की ग्राम प्रधान हैं ने कहा कि मेरे ससुर के पिता महादेव यादव के नाम से गोशाला है। यह गोवंशीय दुधारू हैं और इन्हें दूध के लिए पाला गया है। एसएचओ ने बताया कि बरामद पशु तस्करी के हैं। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम में एसएसआइ गिरधारी यादव, एसआइ श्रवण यादव, अभिषेक सिंह व राम कुमार आत्रेय, हेड कांस्टेबल श्रीकृष्ण सिंह, कांस्टेबल रोशन चौधरी, विनीत सिंह व अभिषेक यादव भी शामिल रहे।



थाना परिसर में बांधे गए बरामद पशु ● जागरण



जिपसं के पिता चंद्रभान यादव को लेकर जाती पुलिस ● जागरण

### अमरेश पर दर्ज हैं 22 मुकदमे

जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव पशु तस्कर के रूप में जाने जाते हैं। उन पर गैर जनपद और जनपद के विभिन्न थानों में 22 मुकदमे दर्ज हैं। तुर्कपट्टी में 11 मामले हैं, जिनमें छह पशु तस्करी और पांच अन्य तरह के अपराध से संबंधित है। इसके अलावा बस्ती, गोरखपुर, हाटा, कसया, तरयासुजान, कुबेरस्थान थाने में भी मुकदमा दर्ज है।

# बाइक लिफ्टर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**जासं, पडरौना :** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सेवरही पुलिस ने बुधवार को अंतरप्रांतीय बाइक लिफ्टर गिरोह का पर्दाफाश किया। तीन आरोपित गिरफ्तार किए गए।

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सेवरही पुलिस की टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान दवनहां परती टोला नहर पुलिया के समीप बाइक सवार तीन युवक पकड़े गए। पूछताछ में उनकी पहचान जिले के तरयासुजान डिबनी बंजरवा निवासी विनय भारती, बिहार के सीवान जिले के थाना बड़हरिया गांव सावना निवासी विशाल कुमार उर्फ विट्टू, गोपालगंज जिले के गोपालपुर थाना सोनौला निवासी विशाल कुमार यादव के रूप में हुई है। इनके पास से चोरी की एक बाइक, कट्टा व कारतूस बरामद हुआ है। टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, दारोगा सभाजीत सिंह आदि शामिल रहे। एएसपी ने बताया कि बाइक चोरी करने वाले गिरोह बिहार व यूपी में बाइक चोरी करते हैं।

# फायर स्टेशन निर्माण में गुणवत्ता पर दें ध्यान : एसपी



कप्तानगंज थाना परिसर में निमार्णाधीन फायर स्टेशन का निरीक्षण करते एसपी धवल जायसवाल बाएं से दूसरे ● जागरण

**जागरण संवाददाता, कप्तानगंज:** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बुधवार को कप्तानगंज थाना परिसर में निर्माणाधीन फायर स्टेशन का निरीक्षण किया। कहा कि निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए। निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा।

सुबह 10 बजे पुलिस अधीक्षक थाना परिसर में पहुंचे। उन्होंने अधिनस्थों के साथ परिसर का निरीक्षण किया और निर्माणाधीन फायर स्टेशन को देखा। भवन निर्माण में उपयोग किए जा रहे ईंट, बालू, सीमेंट की गुणवत्ता परखी। ठीकेदार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य समय से पूरा करें और सामग्रियों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। अगर कोई शिकायत मिली तो मुकदमा पंजीकृत कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय को निर्देश दिया कि समय-समय पर भवन निर्माण की जानकारी विभाग को देते रहें, लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने थाने में आए लोगों की फरियाद सुनी और त्वरित निस्तारण के लिए प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया।

कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं का समय सीमा में निस्तारण किया जाए। एसएसआइ विशाल सिंह, विजय शंकर यादव, राकेश रोशन सिंह, कांस्टेबल विश्वजीत राय, अजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो पिकअप, 43 पशु बरामद किए

संवाद न्यूज एजेंसी

**तुर्कपट्टी।** पशु तस्करी के खिलाफ जिले की पुलिस बुधवार को अभियान चलाया। तुर्कपट्टी के ग्राम पंचायत छहूं में जिला पंचायत सदस्य के कार्यालय परिसर में छापा मारकर 43 पशु और दो पिकप बरामद किया। बरामद पशुओं में 28 गाय और 15 बछड़े शामिल हैं। वहीं पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई पूरे इलाके में हड़कंप मचा रहा। पशु तस्करी के पशुओं को परिसर में बांधने और तस्करों की गाड़ी खड़ी करने के मामले की छानबीन जारी है।

बुधवार की दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत छहूं निवासी जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव के कार्यालय में तस्करी के लिए कुछ पशु रखे गए हैं। एसएचओ तुर्कपट्टी जय प्रकाश पाठक ने टीम के साथ छापा मारा। इस दौरान 43 पशु बरामद किए गए। मौके से दो पिकअप भी पकड़ा गया। पुलिस ने चंद्रभान यादव को गिरफ्तार किया है।

वहीं, जिला पंचायत सदस्य अमरेश यादव की पत्नी व छहूं की ग्राम प्रधान रानी यादव ने बताया कि मेरे ससुर के पिता महादेव यादव के नाम से गोशाला है। पुलिस जिन पशुओं को लेकर गई है सभी दुधारू हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष जेपी पाठक ने बताया कि मौके पर तीन पशु छोड़ दिए गए हैं जो कि प्रधान रानी यादव के थे। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# समय से पूर्ण करें फायर स्टेशन का कार्य : एसपी



निर्माणाधीन फायर स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## धवल जायसवाल ने निर्माणाधीन फायर स्टेशन का किया निरीक्षण

**पडरौना।** कप्तानगंज में निर्माणाधीन फायर स्टेशन का बुधवार को एसपी धवल जायसवाल ने निरीक्षण किया। निर्माण की जानकारी प्राप्त किया।

ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि जो भी सामग्री प्रयोग की जा रही है वह अच्छी गुणवत्ता की रहे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए तथा निर्माण समय में पूर्ण कर लिया जाए। कप्तानगंज में दो वर्ष पूर्व करीब आठ करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से फायर स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू हुआ। इसे एक अप्रैल को संचालित होना था, लेकिन ठेकेदार व विभागीय अधिकारियों लापरवाही के चलते हैंडओवर नहीं हो पाया है।

# रुपये के लेनदेन में दी लूट की सूचना



मंगलवार रात घटनास्थल पर पहुंचे एसपी धवल जायसवाल। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बोदरवार।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र बनकटा में लूट की सूचना झूठी निकली। पुलिस की जांच में रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद सामने आया है।

मंगलवार की शाम सोढ़रा निवासी विनोद सिंह ने बाइक, नकदी, चेन, अंगूठी सहित अन्य सामान लूटने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने देर रात तक छानबीन की। तीन घंटे के बाद मालूम हुआ कि घटना झूठी है। सीओ कसया ने बताया की अहिरौली थाना क्षेत्र के गांव बेंदुआर निवासी गोलू बंगलूरू में रहकर ठेकेदारी करता है। इसके साथ सोड़रा निवासी विनोद सिंह का भाई मनोज भी काम करता था। जिसने गोलू का 20 हजार रुपया ले लिया।

पैसा वापस न देने पर गोलू ने मंगलवार विनोद सिंह को रास्ते में रोक लिया। रुपये के लिए उसकी बाइक छीनकर घर चला गया। पुलिस ने जब जांच की तो उसने बाइक लौटा दी। इसके बाद लूट की असलियत सामने आ गई। घटना की सूचना पर एसपी धवल जायसवाल मौके पर पहुंचे थे।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-06-2022

# पोखरे में उतराता मिला शव, हत्या की आशंका, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

**लक्ष्मीपुर।** पुरंदरपुर क्षेत्र के सिसवनिया विशुन निवासी घिसियावन (45) का शव गांव के ही एक पोखरे में बुधवार को उतराता मिला।

सूचना पाकर पुरंदरपुर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार घिसियावन 3 जून से घर से लापता था। घिसियावन के परिजनों द्वारा पुरंदरपुर थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। प्रभारी निरीक्षक पुरंदरपुर सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# जिला बदर आरोपित को किया गिरफ्तार

**कोठीभार:** बुधवार को कोठीभार पुलिस ने जिला बदर आरोपित को उसके घर से पकड़ जेल भेज दिया। जिलाबदर आरोपित मदन यादव को उसके घर ग्राम बेलवा चौधरी से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया। टीम में कोठीभार प्रभारी निरीक्षक राम आशीष सिंह, उप निरीक्षक पुरुषोत्तम राव, कांस्टेबल मनोज यादव व चंदन गौड़ मौजूद रहे।

# लेखपाल को रिश्वत लेते पकड़ा

## पीड़ित की शिकायत पर एंटी करप्शन की टीम ने किया गिरफ्तार

- दुर्घटना के मामले में सत्यापन कराने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप
- लेखपाल सुभाष पटेल निचलौल तहसील क्षेत्र में है तैनात

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** एंटी करप्शन टीम ने निचलौल तहसील के लेखपाल सुभाष पटेल को रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा। आरोपित ने एक दुर्घटना मामले के लिए 10 हजार रुपये की मांग की थी। महराजगंज- निचलौल रोड पर धनेवा स्थित एक मिष्ठान भंडार पर लेखपाल ने जैसे ही पांच हजार रुपये हाथ में लिए टीम के सदस्यों ने उसे पकड़ लिया। एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत के रुपयों में दो हजार के दो और पांच सौ के दो नोटों के नंबर नोट करके पीड़ित को दिए थे।

निचलौल तहसील क्षेत्र के ब्रड़हरा महंत निवासी राजेंद्र भारती के पुत्र पिंटू उर्फ प्रकाश की आठ फरवरी 2022 को दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मृत्यु के बाद पीड़ित राजेंद्र ने कृषक बीमा के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में आवेदन किया था। इस मामले में लेखपाल की रिपोर्ट लगनी थी। पीड़ित राजेंद्र इसके लिए कई बार अधिकारियों से फरियाद कर चुका था। एसडीएम से मिलने के बाद एसडीएम ने रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल को निर्देश भी दिया था। इसके बाद भी लेखपाल रुपयों की मांग कर रहा था। ऐसे में पीड़ित राजेंद्र प्रसाद ने आरोपित लेखपाल सुभाष पटेल के रिश्वत मांगने की शिकायत एंटी करप्शन विभाग से की। टीम ने राजेंद्र प्रसाद से संपर्क किया। इसके बाद बुधवार को गोरखपुर से एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार दीक्षित के साथ टीम महराजगंज पहुंची। वहां राजेंद्र प्रसाद से मिले और केमिकल युक्त दो हजार के दो, और पांच सौ के दो नोट के नंबर नोट करके दिए गए। रुपये लेते ही टीम ने उन्हें रंगें हाथ दबोच लिया। टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर सदर कोतवाली पुलिस को सिपुर्द कर दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उदय प्रताप सिंह, उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह, एचसी चंद्रभान मिश्र, नीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार वा आरक्षी शैलेंद्र सिंह शामिल रहे। प्रभारी कोतवाल अजीत कुमार सिंह ने बताया कि एंटी करपश्न टीम के प्रभारी संतोष कुमार दिक्षित की तहरीर पर आरोपित लेखपाल के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, आरोपित से पूछताछ की जा रही है।



कोतवाली में गिरफ्तार आरोपित लेखपाल सुभाष पटेल के साथ एंटी करप्शन टीम ● जागरण

### चाय की दुकान पर हुई गिरफ्तारी

सिंदुरिया थाना के सोनवल गांव निवासी लेखपाल सुभाष पटेल निचलौल तहसील क्षेत्र में तैनात है। वह कोतवाली से निचलौल रोड पर धनेवा में मकान बनवाकर रहता है। आवास से थोड़ी ही दूर स्थित एक मिष्ठान भंडार पर रिश्वत लेने पहुंचा था। जैसे ही उसे रुपये दिए गए, वहां पहले से कुर्ता पजामा व पेंट शर्ट में सिर पर अंगौछा बांधे घूम रहे व टेबल पर बैठकर चाय पी रहे एंटी करप्शन टीम के सदस्यों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। तत्काल उनके हाथ से नोट लेकर उनके नंबर मिलाए गए और फिर लेखपाल के हाथों में लगे केमिकल के भी नमूने लिए गए। इसके बाद लेखपाल को कोतवाली लाया गया।

# पीएम का पुतला फूंककर किया प्रदर्शन, चार हिरासत में

**निचलौल :** जयश्री गांव स्थित काली मंदिर के निकट बुधवार की शाम अखिल भारतीय नौजवान सभा से जुड़े नेता अमजद शाह की अगुवाई में अग्निपथ योजना के विरोध में युवाओं ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंक कर प्रदर्शन किया। साथ ही नारेबाजी करते हुए युवाओं ने अग्निवीर योजना को वापस लेने की मांग की। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने अमजद शाह समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया। सीओ सुनील दत्त दुबे ने बताया कि प्रधानमंत्री का पुतला फूंकने के मामले में जयश्री गांव निवासी अमजद शाह, सगीर शाह, अखिलेश व मदनपुरा निवासी रोहित कुमार को हिरासत में लिया गया है। (जासं)

# पत्नी के हत्यारोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**आनंदनगर :** फरेंदा क्षेत्र में पत्नी की हत्या के आरोपित को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। फरेंदा थाना क्षेत्र के निरनाम पश्चिमी टोला घोठवां निवासी रमेश के खिलाफ पत्नी की हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज था, जिसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया है। (जासं)

# दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपित गिरफ्तार

**महराजगंज:** फरेंदा थाने की पुलिस ने बुधवार को निरनाम निवासी व दहेज उत्पीड़न मामले में वांछित आरोपित रमेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित को पुलिस ने जेल भेज दिया। (जासं)

# 310 वाहनों का कटा चालान

**महराजगंज:** यातायात नियमों के उल्लंघन मामले में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 310 वाहनों का चालान काट दिया। वहीं पुलिस ने 14 वाहन चालकों से 12500 रुपये का जुर्माना वसूल किया है। (जासं)

# गैंगस्टर एक्ट के चार आरोपित गिरफ्तार

**चौकबाजार :** चौक थाने की पुलिस ने बुधवार को गैंगस्टर एक्ट में वांछित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों में कोतवाली क्षेत्र के रुधौली भावचक निवासी जयप्रकाश विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा, तथा चौक थाना क्षेत्र के नक्सा बक्सा निवासी ओमप्रकाश चौधरी तथा गंगा का नाम शामिल है। थानाध्यक्ष चौक श्याम सुंदर तिवारी ने बताया कि चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

## फोन पर अश्लील बात करने पर मुकदमा

**निचलौल :** थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपने लड़की से किसी व्यक्ति के द्वारा फोन पर अश्लील बात करने के मामले में थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। तहरीर में उसने कहा कि एक नंबर से हर रोज मेरे लड़की के फोन पर फोन आता है। और एक व्यक्ति अश्लील बातें कहता है। थाना प्रभारी रामाज्ञा सिंह ने बताया कि अज्ञात युवक के विरुद्ध आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

## जिलाबदर आरोपित गिरफ्तार

**कोटीभार :** कोटीभार पुलिस ने बुधवार को जिला बदर आरोपित मदन यादव को उसके घर ग्राम बेलवा चौधरी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीम में कोटीभार प्रभारी निरीक्षक राम आशीष सिंह, उप निरीक्षक पुरुषोत्तम राव, कांस्टेबल मनोज यादव व चंदन गौड़ मौजूद रहे। (जासं)

# सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने से बचें : सीओ

नौतनवां। राजस्थान के उदयपुर में एक युवक की हत्या के बाद तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए नौतनवां पुलिस सतर्क है। सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाए जा रहे अशांति को देखते हुए इस पर निगरानी तेज कर दी गई है।

सीओ अनुज कुमार सिंह ने बताया कि धारा 144 लागू है। सर्किल के प्रत्येक थानेदारों को अपने-अपने क्षेत्र में चौकन्ना रहने और विशेषकर सोशल मीडिया की गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। सीओ ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि किसी भी ऐसे बयान, टिप्पणी, तस्वीर आदि को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से बचें, जिससे कि क्षेत्र की शांति व्यवस्था प्रभावित हो। संवाद

# अवैध शराब की खेप बरामद

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के दो जगहों से बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब की खेप बरामद की। पुलिस टीम ने मौके से दो लोगों को पकड़ा भी है।

इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने कहा कि मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के निचलौल बहुआर मार्ग स्थित वन सती मां देवी मंदिर के निकट से बजहा उर्फ अहिरौली निवासी जगदीश के पास से 50 शीशी नेपाली शराब बरामद कर पकड़ा गया है। बढ़या से डोमा मार्ग पर डोमा खास निवासी देवा कुमार के पास से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया है। बरामद अवैध शराब की खेप को जब्त कर पकड़े गए दोनों लोगों का चालान कर दिया गया है। संवाद

# गैंगस्टर एक्ट के चार आरोपी गिरफ्तार

**चौक बाजार।** स्थानीय पुलिस ने ऑपरेशन वज्र के तहत गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे कोतवाली निवासी जयप्रकाश विश्वकर्मा (52), संदीप विश्वकर्मा (27) तथा चौक थाना निवासी ओमप्रकाश (32), गंगा (37) को बुधवार सुबह गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# एसएसबी के महानिदेशक ने सुनीं समस्याएं



**महराजगंज।** एसएसबी के महानिदेशक एसएल थोसेन ने बुधवार को 22 वीं वाहिनी मुख्यालय परिसर महराजगंज का जायजा लेने के साथ ही जवानों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं। वहीं संबंधित अधिकारियों को तुरंत निपटारा करने के लिए दिशा-निर्देश दिए और वाहिनी मुख्यालय से भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सोनौली सीमा पर दौरा किया। सोनौली मुख्य द्वार का निरीक्षण कर वहां के जवानों को कर्तव्य का ठीक से निर्वहन करने के निर्देश दिए। संवाद

# रामपुर में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

**परतावल।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के रामपुर चकिया में बुधवार को नायब तहसीलदार सदर विवेकानंद दूबे की मौजूदगी में दो एकड़ से अधिक सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया गया।

मंगलवार को डीएम सत्येंद्र कुमार व सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल रामपुर चकिया में परफॉरमेंस ग्रांट योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंचे थे। डीएम ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण देख नाराजगी जाहिर करते हुए सदर एसडीएम को लेखपाल पर कार्रवाई के निर्देश देते हुए टीम गठित कर बुधवार को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। आदेश का पालन करते हुए बुधवार सुबह सदर नायब तहसीलदार विवेकानंद दुबे, कानूनगो जयराम वर्मा, लेखपाल रुद्र प्रताप गांव के खपरदिकवा टोले पर पहुंचकर अतिक्रमण हटवा दिया गया। संवाद

# हत्यारोपी का किया चालान

**फरेंदा।** क्षेत्र में पत्नी की हत्या के आरोपी को पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। फरेंदा क्षेत्र के निरनाम पश्चिमी टोला घोठवां निवासी रमेश के खिलाफ पत्नी की हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज था। जिसके खिलाफ कार्रवाई कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया गया है। संवाद

# रिश्वत लेते लेखपाल को एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

**महराजगंज।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत की जांच रिपोर्ट लगाने के एवज में पांच हजार रुपये घूस लेते एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को निचलौल तहसील में तैनात एक लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। उसके बाद टीम आनन फानन में लेखपाल को लेकर सदर कोतवाली पहुंची। जहां पूछताछ के बाद लेखपाल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया।

कोठीभार थाना क्षेत्र के बड़हरा महंथ गांव निवासी राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि आठ फरवरी को बेटे की सड़क हादसें में मौत हो गई थी। इस मामले में किसान दुर्घटना बीमा योजना के लिए आवेदन किया था। लेखपाल रिपोर्ट पर जांच आख्या लगाने के बदले उनसे दस हजार रुपये की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत राजेन्द्र ने 27 जून को एंटी करप्शन कार्यालय गोरखपुर में की थी। टीम के निरीक्षक संतोष कुमार दीक्षित ने पीड़ित राजेन्द्र को लेखपाल सुबाष पटेल निवासी धनेवा धनेई कोतवाली महराजगंज को सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित फायर स्टेशन मोड़ के निकट एक मिष्ठान की दुकान में बुलाकर रुपये देने के लिए कहा।

इस दौरान एंटी करप्शन टीम के सदस्य पहले से वहां मौजूद थे। जहां बातचीत कर राजेंद्र ने लेखपाल सुबास को पांच हजार रुपये पकड़ा दिए। इस दौरान कुछ दूरी पर खड़ी एंटी करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया। लेखपाल को लेकर टीम नगर कोतवाली पहुंची। जहां पूछताछ के बाद लेखपाल के खिलाफ रिश्वतखोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस संबंध में निचलौल एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्रा ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। संवाद

# मकान का छज्जा गिरने से दंपती की मौत, नाती घायल

## पनियरा क्षेत्र के नरकटहा गांव में हुई घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**पनियरा।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरकटहां के रजही टोले पर बुधवार चार बजे नवनिर्मित मकान का छज्जा गिरने से एक वृद्ध महिला राजमती की उसके नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके घायल पति को इलाज के लिए पीएचसी पनियरा लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके आठ साल के नाती का गांगी में एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है।

ग्राम पंचायत नरकटहां के रजही टोले पर 75 वर्षीय नेबूलाल मकान का निर्माण करवा रहे थे। बरसात के कारण काम बंद था। बुधवार को मकान के छज्जे के नीचे पत्नी राजमती व आठ वर्षीय नाती हिमांशु के साथ नेबूलाल बैठे थे। अचानक छज्जा गिर गया। उसके नीचे दबने से राजमती की मौके पर ही मौत हो गई। नेबूलाल को इलाज के लिए पीएचसी लाया गया, लेकिन उनकी भी रास्ते में ही मौत हो गई। घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसडीएम सदर मोहम्मद जसीम ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। घटनास्थल पर नायब तहसीलदार सदर को मौके पर भेजा गया है। मृतक परिजन को शासन से आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

### बिजली गिरने से दो भैंसे मरीं

**निचलौल।** क्षेत्र के बलहीखोर गांव में बुधवार सुबह करीब नौ बजे बिजली गिरने से दो भैंसों की मौत हो गई। बलहीखोर निवासी जयहिंद यादव ने कहा कि गांव से बाहर बसूली नहर के किनारे घोठे पर झोपड़ी में दो भैंसे बंधी थीं। इसी बीच बारिश के दौरान तेज चमक के साथ बिजली गिरी। बिजली के चपेट में आने से झोपड़ी में बंधी दो भैंसों की मौत हो गई। संवाद

# पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र ने दम्पत्ति का काउन्सलिंग के माध्यम से कराया सुलह समझौता

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक जनपद महराजगंज डॉं. कौस्तुभ के निर्देशन में संचालित पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र, पुलिस कार्यालय जनपद महराजगंज में 29 जून को प्राप्त प्रार्थना पत्र जनता दर्शन संख्या 3824-3/22 दिनांकित 25.6.22 की आवेदिका अंजनी देवी पत्नी संजीत कुमार गुप्ता नि0 नरायनापुर पो0 बेलवा खुर्द थाना सिन्दुरिया जनपद महराजगंज के प्रतिवादी/आवेदिका के पति संजीत कुमार गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता नि0 उपरोक्त के बीच आपसी तालमेल व विश्वास को लेकर विवाद था उक्त दोनो पक्षो को पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र, पुलिस कार्यालय जनपद महराजगंज बुलाकर काउसलिंग किया गया।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-06-2022

# महिला सशक्तीकरण को किया जागरूक

बनकटी। मिशन शक्ति फेज चार में बुधवार को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वालम्बन के तहत थाना लालगंज क्षेत्र के पीएचसी बनकटी में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। महिला कांस्टेबल कल्पना रावत व रेनू यादव ने वोमेन पावर, चाइल्ड, महिला, साइबर हेल्पलाइन आदि और आपातकालीन सेवाओं के नंबरों के बारे विस्तृत जानकारी दी।

# सवा लाख रुपया हड़पने का लगाया आरोप

बस्ती। दुबौलिया के हरिवंशपुर खुर्द के प्रमोद कुमार पांडेय ने तहरीर में बताया है उनके व गांव के गायत्री देवी व सोनू में जमीन के हिस्से का बंटवारा हुआ था। जमीन के लागत का मूल्य की बात तय हुई। आरोप है लागत मूल्य एक लाख 25 हजार रुपया वापस नहीं किया। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# संपत्ति लिखवाने की बात पर की मारपीट

बस्ती। गौर थाना क्षेत्र के शिवपुर बैरवा निवासी सुनीता सिंह का आरोप है कि गांव निवासी मदन सिंह और अवनीश सिंह ने संपत्ति लिखवाने की बात को लेकर अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट की और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच एसआई रामभवन प्रजापति को सौंपी है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

बस्ती। परसरामपुर के हरिगांव निवासी रामगुलाम का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के अमर सिंह, प्रहलाद, रामतेज और रामू ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारापीटा। शौचालय का टीन शेड भी तोड़ दिया और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

# युवती को भगा ले गया

बस्ती। कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है उनकी 19 वर्षीय बेटी को गांव का सूरज बहला कर 26 जून को ग़लत नीयत से भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी पर आईपीसी 366 में केस दर्ज कर खोजबीन का प्रयास शुरू कर दिया है।

# जांच में फर्जी मिला दस्तावेत, केस

बस्ती। कोतवाली के पुराना डाकखाना के वीरेन्द्र पाल का आरोप है कि सिविल लाइन के पुष्पसेन सिंह व अमरसेन सिंह ने छल से फर्जी व कूटरचित दस्तावेज जांच अधिकारी के सामने प्रस्तुत किया। दस्तावेज फर्जी पाया गया। पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज कर लिया है।

# गोरखपुर-बस्ती मंडल में बारिश और बिजली से दो मासूम समेत छह की मौत

गोरखपुर/बस्ती। हिटी। गोरखपुर-बस्ती मंडल में बुधवार को झमाझम बारिश हुई। तड़के 3 बजे के बाद शुरू हुई बारिश रह-रहकर दिनभर होती रही। इस दौरान सिद्धार्थनगर में बिजली गिरने से दो बालकों की, जबकि गोरखपुर में एक महिला की मौत हो गई। वहीं महराजगंज में निर्माणाधीन मकान की छत गिर जाने से उसके नीचे दबकर बुजुर्ग दंपति, जबकि बस्ती में पेड़ गिर जाने से उसके नीचे दबकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जलभराव से शहरी इलाकों की सांसत रही। तार-पोल टूटने से घंटों बिजली गुल रही।

गोरखपुर आकाशवाणी केंद्र के टॉवर पर बुधवार सुबह करीब सात बजे बिजली गिर गई। इससे कंसोल, डीटीएच सिग्नल और सेटेलाइट लिंक ने काम करना बंद कर दिया। वैकल्पिक इंतजाम से प्रसारण शुरू किया गया। देवरिया के भाटपाररानी में उपकेंद्र में पानी घुसने से केंद्र का ट्रांसफार्मर खराब हो गया, जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बरियारपुर में टॉवर पर गिरने से उस क्षेत्र में मोबाइल सेवा ठप हो गई। संतकबीरनगर में कर्री गांव में रामजानकी मंदिर पर बिजली गिरने से गुंबद और दीवार क्षतिग्रस्त हो गई।

संबंधित खबर P02

## नदियां उफान पर

मानसून सीजन में बुधवार को पहली बार भारी बारिश हुई। बुधवार को सुबह 8:30 बजे तक गोरखपुर में 84 मिलीमीटर, महराजगंज में 73.4 मिलीमीटर सिद्धार्थनगर में 35.9; संतकबीरनगर में 32.3, देवरिया में 13, कुशीनगर में 7.5 और बस्ती में 4.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। नदियों का जलस्तर बढ़ गया है।

## बाढ़ पर अफसर 24 घंटे अलर्ट रहें :योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में बाढ़ और अतिवृष्टि की स्थिति में अधिकारी 24 घंटे अलर्ट रहें। हालात पर सतत नजर रखी जाए। नदियों के जलस्तर की मॉनीटरिंग करें। P06

# सेल्समैन से छिनैती का एक आरोपी गिरफ्तार

- वाल्टरगंज पुलिस ने एसपी के निर्देश पर दर्ज किया था केस
- सीसीटीवी फुटेज से मिले सुराग, दो अन्य आरोपी अभी हैं फरार

बस्ती, निज संवाददाता। वाल्टरगंज थानांतर्गत चैनपुर गनेशपुर के पास एक सेल्समैन से रुपया वाला बैग छिनने की कोशिश के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में शामिल दो अन्य आरोपितों की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया शंकरपुर गनेशपुर के पास से बुधवार को आरोपी प्रद्युम्न उर्फ निखिल निषाद पुत्र गोपाल निषाद निवासी मूड़घाट थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सिद्धार्थनगर जनपद के लोटन थानांतर्गत पोखराभिटवा निवासी अशोक कुमार बस्ती के वाल्टरगंज थानांतर्गत शंकरपुर गनेशपुर के बीयर शॉप के सेल्समैन हैं। वर्तमान में वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर में रह रहे हैं। उन्होंने वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर बताया था कि रविवार की रात करीब दस बजे वह बीयर की दुकान बंद करके रघुनाथपुर जाने के लिए निकला था। आरोप लगाया कि चैनपुर गनेशपुर स्थित नहर के पास तीन बदमाशों ने रास्ते में उसकी बाइक को रोक लिया और रुपये वाला बैग छीनने लगे थे, पर सफल नहीं हुए।



गिरफ्त में छिनैती का आरोपी प्रद्युम्न व शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार शिवा।

वाल्टरगंज पुलिस ने आईपीसी 356 के तहत केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर की। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग हाथ लगे। इसके आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी प्रद्युम्न उर्फ निखिल को दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दो बाइक पर सवार हो आए थे। फरार दो अन्य आरोपितों की तलाश हो रही है। बताया कि शान्ति भंग होने व संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने को धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी के तहत शिवा निवासी आसपुर थाना वाल्टरगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय उप जिला मजिस्ट्रेट सदर बस्ती भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ दरोगा इन्द्रभूषण सिंह, कांस्टेबल विनोद यादव, अभिमन्यु शर्मा, शुभम चौधरी व असगर अली शामिल रहे।

# रास्ते में लोहे की टंकी रखकर कब्जा करने का आरोप

भानपुर। सल्टौआ ब्लॉक में स्थित राजकीय कृषि बीज गोदाम को जाने वाले रास्ते में स्थानीय व्यक्ति ने अवैध रूप से एक लोहे की टंकी रख लिया है। इसके चलते जिला कृषि अधिकारी ने कृषि बीज गोदाम तक भारी वाहनों के आवागमन में असुविधा होने की आशंका जताई है। उन्होंने इस बाबत प्रभारी निरीक्षक सोनहा को सार्वजनिक मार्ग में रखी गई लोहे की टंकी को हटवाने के लिए पत्र लिखा है। जिला कृषि अधिकारी ने राजकीय बीज गोदाम सल्टौआ के प्रभारी को भी पत्र प्रेषित कर उक्त मामलें में तहसील प्रशासन से मदद लेने का निर्देश दिया है।

# पैसा दोगुना करने के नाम पर ठग लिए 4.6 लाख

कप्तानगंज। पुलिस ने रूपये दो गुना करने के नाम पर 4.6 लाख की ठगी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी पर धोखाधड़ी व पैसा मांगने पर जान माल की धमकी देने की धारा लगाया है। प्रभारी निरीक्ष कसत्येंद्र कुंअर ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना एसआई अनस अख्तर को दी गई है।

कप्तानगंज कस्बे के गौरा निवासी भोला गुप्ता पुत्र मिठाई लाल ने एसपी बस्ती को दिए शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि थाना क्षेत्र के रमवापुर गांव निवासी महेंद्र कुमार पुत्र हरिप्रसाद ने 20 महीने में रुपया दो गुना करने के नाम पर 4.6 रुपए लिए। गारंटी के तौर पर चेक भी दिया, लेकिन जब पैसा वापस मांगा जाने लगा तो महेंद्र कुमार ने गाली गलौज की।

# तीन पशु तस्करों पर लगा गैंगस्टर

नगर बाजार। गैंगस्टर एक्ट के तहत नगर पुलिस ने तीन आरोपितों को पाबंद किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी शाकिर अली, सेराज अहमद निवासी मोहम्मदपुर थाना कलवारी और विजय निवासी बभनियांव बुजुर्ग थाना कलवारी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गैंगलीडर शाकिर अली साथियों के साथ पशुओं व गौवंशों की अंतरजनपदीय तस्करी करने का आरोपी है।

# 25 हजार रुपये का इनामिया गिरफ्तार

छावनी। छावनी पुलिस ने आबकारी एक्ट की धाराओं में वांछित 25 हजार के इनामिया को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी रवि निषाद निवासी छतौना थाना छावनी को आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में काफी समय से फरार चल रहा है। उस पर एसपी आशीष श्रीवास्तव ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी, एसआई विरेन्द्र यादव, योगेन्द्र, कांस्टेबल अरविन्द यादव ने विक्रमजोत अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# भूमि विवाद में चार का शांतिभंग में चालान

छावनी। भूमि विवाद के मामले में छावनी पुलिस ने दोनों पक्ष से चार लोगों का शान्तिभंग की आशंका में चालान किया है। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि कन्हैयालाल, विनोद कुमार निवासी एकमा हिरनिया, गंगादीन, जमुना प्रसाद निवासी बबुरहवा थाना छावनी का 151 में चालान किया गया है। थानाध्यक्ष के अनुसार वारंटी आरोपी कमरुज्जमा निवासी पूरे हेमराज थाना छावनी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।



बुधवार को दुबौलिया थाना क्षेत्र स्थित उमरिया में नवनिर्मित पुलिस चौकी का फीता काटकर उद्घाटन करते एसपी आशीष श्रीवास्तव। ● हिन्दुस्तान

# उमरिया चौकी का एसपी ने किया उद्घाटन

दुबौलिया। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बुधवार की शाम दुबौलिया क्षेत्र में जन सहयोग से बनी पुलिस चौकी उमरिया का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया। माझा क्षेत्र में बढ़ते अपराध व अवैध बालू खनन को रोकने के लिए वर्ष 1998 में दुबौलिया थाने से करीब 14 किमी दूर उमरिया गांव में तटबंध के किनारे चौकी स्थापित की गई थी। चौकी के क्षेत्र में करीब 26 राजस्व गांव आते हैं जिसकी रखवाली में पांच सिपाही व एक चौकी इंचार्ज की जिम्मेदारी है।



बुधवार को पुलिस की गिरफ्त में गांजा के साथ पकड़ा गया टॉप 10 अपराधी।

# थाने का टॉप 10 गांजे के साथ गिरफ्तार

**बनकटी।** लालगंज पुलिस ने थाने के टॉप 10 आरोपी को गाजा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र की रखौना चौकी के गौराघाट के पास बुधवार की सुबह चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी विनय पाल उर्फ अभिनव निवासी तेनुआ थाना लालगंज को गिरफ्तार कर थाने पर लाया गया।

# प्राणघातक हमले में तीन को सात वर्ष का कठोर कारावास

## सजा

**बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने बच्चों के मामूली विवाद में 19 साल पूर्व एक महिला से मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाने के मामले में तीन आरोपितों को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को 65-65 सौ रुपया का अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर चार माह 15 दिन की सजा भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने संतकबीरनगर जनपद के कोतवाली क्षेत्र के इस 19 साल पुराने मामले का विवरण प्रस्तुत करते हुए अदालत में कहा कि खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोखा निवासी रामकृपाल ने 27 नवंबर 2003 को कोतवाली में तहरीर दिया था। इसमें कहा कि बच्चों के मामूली विवाद में 27 नवंबर 2003 को दिन में गांव के संतराम, रामजी, राघव चौधरी, विजई, हरीशचंद्र, लालचंद्र व नागेंद्र ने एक राय होकर हमला बोल दिया। रामकृपाल के घर की फूल कुमारी का दाहिना हाथ चोटिल कर दिया व सिर पर प्राणघातक चोट पहुंचाया। मुकदमा 2 दिन बाद 29 नवंबर को दर्ज किया गया। तत्कालीन उप निरीक्षक धराचार्य पांडेय ने विवेचना किया। विवेचना में आरोपी संतराम, रामजी व राघव के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। बचाव पक्ष को भी अपनी दलील प्रस्तुत करने का अदालत ने अवसर दिया।

# आरोपित के विरुद्ध धोखाधड़ी और मारपीट का मुकदमा

**जासं, कप्तानगंज, बस्ती :** थानाक्षेत्र के रामपुर गांव निवासी महेंद्र कुमार के विरुद्ध धोखाधड़ी व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया। गौरा निवासी भोला शंकर गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि महेंद्र ने धोखाधड़ी कर उन्हें झांसे में लेकर 4,60,000 ले लिया। विश्वास दिलाया कि 20 माह में इसे दोगुना करके भुगतान कर देगा। दोगुना करने की बजाए उसने मूल धनराशि भी नहीं दी। मांगने पर अपशब्द कहे और मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना उप निरीक्षक अनस अख्तर को सौंप दी है।

# भूमि के फर्जीवाड़े की जांच पूरी

## भानपुर तहसील के अजगैवा जंगल ग्राम पंचायत का मामला

- ग्राम प्रधान मधुबाला चौधरी का प्रयास लाया रंग
- कर्मियों की मिलीभगत से ग्रामीणों के नाम दर्ज कर दी गई थी सरकारी भूमि

**जागरण संवाददाता, टिनिच, बस्ती:** भानपुर तहसील क्षेत्र के अजगैवा जंगल ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि के फर्जीवाड़े की जांच पूरी हो गई है। ग्राम पंचायत की दो बीघे से अधिक भूमि को दो सौ से अधिक लोगों के नाम फर्जी तरीके से दर्ज कर दिया गया था। दर्ज भूमि पर लोगों द्वारा लंबे समय से खेती व अन्य कार्य किया जा रहा था। तहसील प्रशासन ने फर्जी तरीके से दर्ज भूमि को चिन्हित कर उसे ग्राम सभा के खाते में दर्ज कर दिया है। इसके साथ ही उक्त भूमि पर कब्जा लेने की प्रक्रिया भी इसी सप्ताह शुरू हो जाएगी।

अजगैवा जंगल ग्राम पंचायत की कई सौ बीघे सरकारी भूमि राजस्वकर्मियों और तहसील प्रशासन की मिलीभगत से दो सौ से अधिक लोगों के नाम खतौनी में फर्जी तरीके से दर्ज कर दिए गए थे। इसमें गांव के लोगों के अलावा अन्य तहसीलों और पड़ोसी जिले सिद्धार्थनगर के लोग भी शामिल थे। इसी के कारण इस ग्राम पंचायत के चकबंदी का कार्य पूरा नहीं हो पा रहा था। वर्तमान प्रधान मधुबाला चौधरी ने फर्जी तरीके से अपात्रों के नाम दर्ज सरकारी भूमि को खारिज कराने की लड़ाई शुरू की।

उन्होंने तहसील व जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी प्रकरण से अवगत कराया। इसके बाद प्रशासन ने दो सौ से अधिक लोगों को नोटिस जारी कर अपने अभिलेख प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

लंबी प्रकिया के बाद अपात्रों के खाते में दर्ज आठ सौ बीघे से अधिक सरकारी भूमि को खारिज करते हुए उसे ग्राम पंचायत के खाते में दर्ज कर दिया है।

> अजगैवा जंगल में फर्जी तरीके से ग्रामीणों के खाते में दर्ज सरकारी भूमि के प्रकरण की जांच पूरी कर ली गई है। अपात्रों के खाते में दर्ज सरकारी भूमि को ग्राम सभा के खाते में दर्ज कर दिया गया है। इसी सप्ताह कब्जा लेने की प्रकिया शुरू कर दी जाएगी।
>
> **गिरीश कुमार झा, एसडीएम, भानपुर**

**भूमि के अभाव में रुक गया था विकास कार्य:** ग्राम प्रधान मधु बाला चौधरी ने बताया कि ग्राम पंचायत में भूमि के अभाव में विकास के तमाम कार्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं। सैनिक विद्यालय, खेल मैदान, आंगनबाड़ी केंद्र सहित तमाम कार्य अधूरे हैं। यहां तक कि भूमि के अभाव में पानी की टंकी का निर्माण भी दूसरे की भूमि में हुआ है। ग्राम पंचायत के खाते में भूमि दर्ज होने से विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, मुकदमा

**बस्ती** : परशुरामपुर थानाक्षेत्र के हरिगांव निवासी रामगुलाम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के अमर सिंह, प्रहलाद, रामतेज और रामू ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें मारा पीटा। शौचालय का टीन शेड भी तोड़ दिया और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# गांजा के साथ टापटेन अपराधी गिरफ्तार

**महादेवा, बस्ती** : लालगंज थाना क्षेत्र के गौरा घाट पुल पर बुधवार की सुबह 8.45 बजे एक व्यक्ति को 1150 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह थाने का टाप-टेन अपराधी बताया गया है। थानाध्यक्ष लालगंज दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि वह और चौकी प्रभारी रखौना चंद्रकांत पांडेय अपनी टीम के साथ गौराघाट पुल से गुजर रहे थे कि तभी थाने का टाप-टेन अपराधी विनय पाल उर्फ अभिनव निवासी तेनुआ थाना लालगंज उन्हें दिखाई पड़ा। उसे रोककर जब चेक किया गया तो उसके पास से गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय रवाना कर दिया। (जासं)



कार्यालय का निरीक्षण करते पुलिस उपमहानिरीक्षक आरके भारद्वाज • सौ.विभाग

# नवागत डीआइजी ने परिक्षेत्रीय कार्यालय का किया निरीक्षण

**जासं, बस्ती:** नवागत डीआइजी आरके भारद्वाज ने बुधवार को अपने परिक्षेत्रीय कार्यालय का निरीक्षण किया। विभिन्न पटलों पर मौजूद पुलिसकर्मियों से उनके पटल से संबंधित जानकारी ली।

डीआइजी ने प्रधान लिपिक शाखा, जन शिकायत प्रकोष्ठ, विशेष जांच प्रकोष्ठ, गोपनीय सहायक शाखा, वाचक (रीडर) शाखा सहित अन्य शाखाओं का निरीक्षण किया। संबंधित अभिलेखों का अवलोकन भी किया। कार्यालय परिसर की साफ-सफाई आदि को भी उन्होंने चेक किया। इसके बाद मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# सेल्समैन से छिनैती का प्रयास करने के मामले में एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, वस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस ने सोमवार को गनेशपुर स्थित बीयर की दुकान के सेल्समैन से रुपये वाला बैग छीनने की कोशिश करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल दो अन्य अभी फरार बताए गए हैं। थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि शंकरनगर गनेशपुर के पास से आरोपित प्रद्युम्न उर्फ निखिल निषाद निवासी मूड़घाट थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया है।

सिद्धार्थनगर जनपद के लोटन थानांतर्गत पोखरभिटवा निवासी अशोक कुमार, शंकरनगर चौराहा गनेशपुर गनेशपुर में स्थित बीयर की दुकान के सेल्समैन हैं। वर्तमान में वह वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में रह रहे हैं। उन्होंने वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि रविवार की रात करीब दस बजे वह बीयर की दुकान बंद करके रघुनाथपुर जाने के लिए निकले थे। आरोप लगाया कि गनेशपुर, सिक्टा-रघुनाथपुर मार्ग पर पुलिया के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने झपट्टा मारकर रुपये वाला बैग छीनने की कोशिश की।

वाल्टरगंज पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर शंकरनगर स्थित दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो अहम सुराग हाथ लगे। इसके आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल आरोपित प्रद्युम्न उर्फ निखिल को धर दबोचा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पता चला कि आरोपित दो बाइकों से आए थे। फरार दो अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है। बताया कि आरोपितों के सहयोगी शिवा निवासी आसपुर का चालान शांतिभंग में किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी गनेशपुर इन्द्रभूषण सिंह, कांस्टेबल विनोद यादव, अभिमन्यु शर्मा, शुभम व असगर अली शामिल रहे।

# कन्हैयालाल की गला काट कर हत्या के विरोध में लोगों का फूटा आक्रोश

## विहिप ने जेहादियों का पुतला जलाकर जताया विरोध, राजस्थान के उदयपुर में कन्हैयालाल की नृशंस हत्या का मामला, सभी लोग कर रहे घटना की निंदा







# अपमिश्रित शराब बनाने के इनामी आरोपित गिरफ्तार

**छावनी, बस्ती :** छावनी पुलिस ने अपमिश्रित शराब बनाने के मामले में वांछित रवि निषाद निवासी छतौना को मंगलवार की रात विक्रमजोत अंडरपास से गिरफ्तार किया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए एसपी की ओर से 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था। उसे बुधवार को न्यायालय रवाना किया गया।

# जांच में फर्जी मिले दस्तावेत मुकदमा दर्ज

**बस्ती :** कोतवाली के पुराना डाकखाना निवासी वीरेंद्र पाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सिविल लाइन निवासी पुष्पसेन सिंह व अमरसेन सिंह ने छल करके फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जांच अधिकारी के सामने प्रस्तुत किया। जांच में दस्तावेज फर्जी पाया गया। उनकी तहरीर के आधार पर पुलिस ने धोखाधड़ी, कूट रचना आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# हमले के आरोपितों को सात वर्ष की कठोर क़ैद

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार ने बच्चों के मामूली विवाद में 19 साल पूर्व महिला को मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाने के मामले में तीन आरोपितों को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक को छह हजार 500 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है अर्थदंड न देने पर चार माह 15 दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने संतकबीर नगर जनपद के कोतवाली क्षेत्र के 19 साल पुराने मामले का विवरण प्रस्तुत करते हुए अदालत में कहा कि खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोखा निवासी रामकृपाल ने 27 नवंबर 2003 को कोतवाली में तहरीर दिया था। जिसमें कहा कि बच्चों के मामूली विवाद में 27 नवंबर को 11 बजे दिन में गांव के संतराम, रामजी, राघव चौधरी, विजई, हरीश चंद्र, लाल चंद्र व नागेंद्र ने एक राय होकर हमला बोल दिया। जिससे उसके के घर की फूल कुमारी के दाहिना हाथ में चोट लग गया। सिर पर प्राणघातक चोट पहुंचाया। मुकदमा दो दिन बाद 29 नवंबर को दर्ज किया गया। तत्कालीन उप निरीक्षक धराचार्य पांडेय ने विवेचना की। विवेचना में संतराम, रामजी व राघव के विरुद्ध ही आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। बचाव पक्ष को भी अपनी दलील प्रस्तुत करने का अदालत ने अवसर दिया। दोनों पक्ष की सुनने के बाद अदालत ने माना कि आरोपितों का इरादा हत्या करने का भले ही नहीं था पर फूल कुमारी को जो चोट पहुंचाई उससे उसकी मृत्यु भी हो सकती थी।

# पुलिस चौकी उमरिया के नवनिर्मित भवन का एसपी ने किया लोकार्पण



उमरिया चौकी भवन के लोकार्पण अवसर पर पूजन करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव एवं अन्य ●जागरण

**जासं दुबौलिया, बस्ती:** बुधवार की शाम पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने पुलिस चौकी उमरिया के नवनिर्मित भवन का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच लोकार्पण किया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा दुबौलिया थाना क्षेत्र की इस चौकी का निर्माण बढ़ते अपराध रोकने के लिए हुआ था। यहां के सम्मानित जनों के सहयोग से चौकी को अपना भवन अब मिला है। वर्ष 1998 में उमरिया गांव में तटबंध के किनारे चौकी स्थापित की गई थी। धीरे-धीरे 24 साल बीत गए थे, मगर पुलिस चौकी का स्टाफ छप्पर के ही मकान में रह कर अपनी ड्यूटी कर रहा था। चौकी प्रभारी ओम प्रकाश मिश्न के मेहनत और जनसहयोग से पुलिस चौकी का भवन बनकर तैयार हो गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रधानों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी, क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय चौहान, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येन्द्र कुंवर के अलावा ग्राम प्रधान अमरनाथ चौधरी, बलवंत सिंह, राजेश यादव, सर्वदेव यादव, आज्ञाराम चौधरी, वीरेंद्र चौधरी आदि थे।

# युवती को भगा ले जाने का आरोप, केस दर्ज

**बस्ती।** कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी 19 वर्षीय बेटी को गांव का ही रहने वाला सूरज बहला-फुसलाकर 26 जून को अपने साथ गलत नीयत से भगा ले गया। पुलिस ने आरोपी सूरज के खिलाफ केस दर्ज कर खोजबीन का प्रयास शुरू कर दिया है। संवाद

# सार्वजनिक स्थानों पर चलाया चेकिंग अभियान

**नगर बाजार(बस्ती)।** नगर थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों के अलावा बैंक, पैट्रोल पंप व बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया।

बैंक, पैट्रोल पम्पों पर सीसीटीवी कैमरों व अन्य सुरक्षा उपकरणों को चेक किया गया और वहां उपस्थित संदिग्ध लोगों की तलाशी ली गई। बैंक पेट्रोल पंप के आसपास बिना वजह खड़े लोगों को वहां से हटाया गया। साथ ही संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करते हुए सतर्कता से ड्यूटी करने एवं आमजन के साथ अच्छे व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया। पुलिस ने एसबीआई नगर,पोखरा बाजार,गोटवा आदि बैंकों में जाकर चेकिंग की। इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। इस दौरान बैंक में मौजूद उपभोक्ताओं से भी पूछताछ की गई। संवाद

# तीन पशु तस्कर गैंगस्टर एक के तहत पाबंद

**नगर बाजार।** पशुओं की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों पर पुलिस ने गैंगस्टर (उप्र गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम) के तहत पाबंद किया है। एसओ धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि शाकिर अली निवासी मोहम्मदपुर थाना कलवारी, सेराज अहमद निवासी मोहम्मदपुर थाना कलवारी और विजय निवासी बभनियांव बुजुर्ग थाना कलवारी शामिल हैं।

एसओ के अनुसार गैंग लीडर शाकिर अली गैंग बनाकर अपने साथियों के साथ घूम-घूमकर आर्थिक, भौतिक लाभ के लिए पशुओं तथा गोवंशों की अंतरजनपदीय तस्करी करते हैं। गिरोह के लोग लोगों को बहकावे में लेकर और छुट्टा पशुओं को निर्दयता पूर्वक बांधकर वाहनों में लादकर हत्या करने के लिए गैर जनपदों में खरीद फरोख्त का कार्य करते हैं। इस गिरोह के भय व दहशत के कारण कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने व गवाही देने की हिम्मत नहीं कर पाता है। संवाद

# सवा लाख रुपये हड़पने का आरोप

बस्ती। दुबौलिया थानाक्षेत्र के
हरिवंशपुर खुर्द निवासी प्रमोद कुमा
पांडेय ने तहरीर में बताया है वि
उनके व गांव निवासी गायत्री देवी व
सोनू उर्फ तीर्थराज के बीच जमीन
के हिस्से का बंटवारा हुआ था।

इसमें जमीन के लागत का मूल्
की बात तय हुई। आरोप है वि
लागत मूल्य एक लाख 25 हजा
रुपये वापस नहीं किया। मांगने प
अपशब्द कहा। पुलिस ने मुकदम
दर्ज कर लिया है। संवाद

# सेल्समैन से छिनैती की कोशिश में एक गिरफ्तार

## सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग, दो अन्य आरोपी अब भी हैं फरार

संवाद न्यूज एजेंसी

**वाल्टरगंज (बस्ती)।** वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के चैनपुर गनेशपुर के पास बीयर की दुकान के सेल्समैन से रुपयों से भरा बैग छीनने की कोशिश करने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। उससे पूछताछ में उसके दो अन्य साथियों का नाम प्रकाश में आया है जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने बताया कि दो बाइक पर सवार होकर तीन आरोपी घटना को अंजाम देने पहुंचे थे। इनमें से एक आरोपी प्रद्युम्न उर्फ निखिल निषाद निवासी मूड़घाट थाना कोतवाली को वाल्टरगंज थाने के शंकरपुर गनेशपुर के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। सिद्धार्थनगर जनपद के लोटन थानांतर्गत पोखराभिटवा निवासी अशोक कुमार वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के शंकरपुर गनेशपुर स्थित बीयर की दुकान के सेल्समैन हैं। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर में रहकर वह दुकान पर आते जाते रहे हैं। अशोक कुमार ने वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर बताया था कि रविवार रात करीब दस बजे वह बीयर की दुकान बंद करके रघुनाथपुर जाने के लिए निकले थे। चैनपुर गनेशपुर स्थित नहर के पास तीन बदमाशों ने रास्ते में उसकी बाइक को रोक लिया और रुपये वाला बैग छीनने लगे, पर सफल नहीं हुए।

पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर की। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज योगेश कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग हाथ लगे। इसके आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी प्रद्युम्न उर्फ निखिल को दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दो बाइक पर सवार हो आए थे। फरार दो अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ दरोगा इन्द्रभूषण सिंह, कांस्टेबल विनोद यादव, अभिमन्यु शर्मा, शुभम चौधरी व असगर अली शामिल रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**बस्ती।** परशुरामपुर थानाक्षेत्र के हरीगांव निवासी रामगुलाम का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के अमर सिंह, प्रहलाद, रामतेज और रामू ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारापीटा। शौचालय का टिन शेड भी तोड़ दिया और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस कर लिया है। संवाद

# टॉप टेन आरोपी गांजा के साथ गिरफ्तार

**बनकटी।** लालगंज पुलिस ने थाने के टॉप-10 आरोपी को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र की रखौना चौकी के गौराघाट के पास बुधवार सुबह चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी रखौना चन्द्रकान्त पांडेय, कांस्टेबल अंजनी कुमार यादव व अंकित सिंह शामिल रहे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि आरोपी विनय पाल उर्फ अभिनव निवासी तेनुआ थाना लालगंज को गिरफ्तार कर थाने पर लाया गया। यहां आने पर पता चला कि यह थाने का टॉप- 10 आरोपी है। उसके खिलाफ लालगंज थाने में एनडीपीएस, आर्म्स एक्ट, आबकारी, बलवा, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। संवाद

# 25 हजार का इनामिया चढ़ा पुलिस के हत्थे

**छावनी।** छावनी पुलिस ने आबकारी एक्ट की धाराओं में वांछित 25 हजार के इनामिया को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी रवि निषाद निवासी छतौना थाना छावनी आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में काफी समय से फरार चल रहा था। उस पर एसपी आशीष श्रीवास्तव ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। थानाध्यक्ष उमाशंकर त्रिपाठी, एसआई विरेन्द्र यादव, योगेन्द्र कुमार, कांस्टेबल अरविन्द यादव, राहुल सिंह, पंकज यादव, शिवम सिंह ने विक्रमजोत अंडरपास के पास से गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# नवनिर्मित भवन का एसपी ने किया उद्घाटन

दुबौलिया। पुलिस चौकी उमरिया का सरयू तट पर स्थित नवनिर्मित भवन का बुधवार को पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उद्घाटन किया।

एसपी ने बताया कि पहले यह चौकी छप्पर की बनी थी। वह जर्जर भी हो चुकी थी। बरसात के समय विषैले जीव चारपाई तक आ जाते थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया।

दुबौलिया के माझा क्षेत्र में बढ़ते अपराध व अवैध बालू खनन को रोकने के लिए वर्ष 1998 में दुबौलिया थाने से करीब 14 किलोमीटर दूर बाबा निहाल दास की कुटिया के बगल उमरिया गांव में तटबंध के किनारे चौकी स्थापित की गई थी। 24 साल से छप्पर के ही मकान में रह कर पुलिसकर्मी रात को गुजारते थे। नवंबर 2021 में उमरिया चौकी इंचार्ज बने ओम प्रकाश मिश्र ने एक पहल की और उन्हें क्षेत्र के लोगों का अच्छा सहयोग मिला। नव निर्मित भवन में एक बैरक एक आवास एक भोजनालय एवं एक कार्यालय बनकर तैयार हो गया है।

चौकी के क्षेत्र में करीब 26 राजस्व गांव आते हैं। जिसके लिए पांच सिपाही व एक चौकी इंचार्ज की जिम्मेदारी है। एसपी ने उपनिरीक्षक ओपी मिश्र के कार्यों की सराहना की है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र चौधरी, सीओ कलवारी विनय चौहान, प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया विनोद कुमार, प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज सत्येन्द्र कुंवर के अलावा ग्राम प्रधान अमरनाथ चौधरी, बलवन्त सिंह, राजेश यादव, सर्वदेव यादव, आज्ञाराम चौधरी, वीरेन्द्र चौधरी, विजय पाल, दिलीप दुबे, आज्ञाराम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 30-06-2022

# पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शोहरतगढ़ (एसएनबी)।** पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के नीबी दोहनी में कई मुकदमे में वांछित एक शातिर चोर को 24 घण्टे में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष जयप्रकाश दूबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना शोहरतगढ़ पर पंजीकृत मुअसं 168/22 धारा 379 आईपीसी में वांछित अभियुक्त आलोक उर्फ आलू पुत्र नागेन्द्र गौड़ निवासी नीवीदोहनी थाना शोहरतगढ़ को 24 घण्टे के भीतर नीबीदोहनी में उपनिबन्धक कार्यालय शोहरतगढ़ के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से एक अदद एक्साइड-एक्सप्रेस हैवी ड्यूटी बैट्री-एक्सपी- 800 लाल रंग, एक अदद जक(चेक व्हील) व एक अदद अवैध चाकू प्राप्त होने के आधार पर मुअसं 273/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा दिया गया । अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व से थाना पर मुअसं 297/2021 धारा 380, 457 आईपीसी व मुअसं 14/22 धारा 380, 457 आईपीसी, मुअसं 168/22 धारा 379, 411, 413 आईपीसी व मुअसं 173/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष जयप्रकाश दूबे, उप निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव, का. अशोक कुमार, का. आदित्य यादव, का. भुवाल यादव, का. विवेक यादव, का. आनन्द गुप्ता आदि शामिल रहे।

# एक सप्ताह के अंदर लंबित मामलों का करें निस्तारण : एएसपी

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने मंगलवार की देर शाम को थाना डुमरियागंज पर डुमरियागंज सर्किल के थाना त्रिलोकपुर, भवानीगंज डुमरियागंज व पथरा बाजार के थानों के उपनिरीक्षको के पास लंबित विवेचनाओ का समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि जिन प्रकरणों में कोई परीक्षण रिपोर्ट आना शेष नहीं है, उनका निस्तारण 1 सप्ताह में करे। गश्त, पिकेट और फूट पेट्रोलिंग को नियमित अधिक सुदृढ़ता से किया जाए। सर्किल के थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि आगामी बाढ़ के दृष्टिगत प्रत्येक थाने पर तैराकी में दक्ष 5-5 पुलिसकर्मी लाइफ जैकेट व सर्च लाइट के साथ तैयार रखे जाएं, थाना क्षेत्र के प्राइवेट गोताखोरों को भी चिन्हित करके उनके साथ समन्वय बना लिया जाय। बाढ़ से ग्रस्त होने वाले संभावित गांव के संभ्रांत व्यक्तियों के नंबर सी प्लान में 25- 25 व्यक्ति प्राथमिकता पर जोड़ लिए जाएं तथा सभी गांव में भी सी प्लान में 25- 25 व्यक्ति जोड़े जाएं। इससे पहले अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना डुमरियागंज परिसर का भ्रमण करके भोजनालय, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए दिया तथा पुलिस बल के साथ कस्बा डुमरियागंज में फूट पेट्रोलिंग किया।

# एसपी ने थाना चिल्हिया व शोहरतगढ़ का किया निरिक्षण

**शोहरतगढ़ (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बुधवार चिल्हिया व शोहरतगढ़ थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होने कार्यालय के अपराध रजिस्टर, मालखाना, भोजनालय, कार्यालय व्यवस्था, आवास, बैरक, शिकायत रजिस्टर की बारीकी से जांच पड़ताल की। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों से अभिलेखों के संबंध में भी पूछताछ करते हुए उनके रखरखाव हेतु उचित दिशा निर्देश दिया। एसपी अमित कुमार आनंद ने चिल्हिया व शोहरतगढ़ में पहुंचते ही परिसर की साफसफाई देखी। शोहरतगढ़ थाने में आरक्षी आवास की स्थिति को देखकर कार्य में तेजी लाने के लिए सबंधित को निर्देशित किया। दोनो थानों के भोजनालय कक्ष में बन रहे भोजन, बैरक आदि का गहन निरीक्षण किया। थाने पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को उनके ड्यूटी के प्रति कर्तव्य और दायित्व के प्रति उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त महिला हेल्प डेस्क पर उपस्थित महिला आरक्षी से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया और सभी पुलिस कर्मी व महिला आरक्षी से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान सीओ हरिश्चंद्र, चिल्हिया थाना एसओ राजेश कुमार मोर्या, थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, एएसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव, रविकान्त मणि, बाबू लाल दूबे, नन्दा प्रसाद, रिकू तिवारी, जटाशंकर त्रिपाठी सहित आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# चौकी प्रभारी का विदाई समारोह आयोजित

**भनवापुर (एसएनबी)।** नगर पंचायत बिस्कोहर के पुलिस चौकी प्रभारी राम प्रकाश चंद का विदाई समारोह बुधवार को आयोजित किया गया जिसमें बिस्कोहर व्यापार मण्डल अध्यक्ष प्रभात जयसवाल के अगुवाई में अंग वस्त्र दे कर विदाई समारोह किया गया। समारोह में इनके कार्य शैली पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि चौकी पर जब से आगमन हुआ किसी तरह का कोई समस्या हो उसका निदान सुचार रूप से किया है इसी से सभी लोगो का हे बना था। इस मौके पर क्षेत्र के सुधीर कुमार तिवारी, राज किशोर सोनी, बैज नाथ गुप्ता, साद मो, प्रमोद कुमार मिश्रा, झीन सोनी, संतोष कौशल, गजेंद्र प्रताप सिंह, अरविंद कुमारगुप्ता, सुभाष जायसवाल,सुलतान अहमद, अताउल्लाह रायनी, सचिन गुप्ता नानकन पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी ने किया कस्बे में पैदल मार्च

**शोहरतगढ़ (एसएनबी)।** एसपी ने मय फोर्स कस्बे का पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। लोगो से शन्ति'व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। एसपी अमित कुमार आनंद के पुलिसकर्मियों के



साथ शोहरतगढ़ थाना परिसर से गड़ाकुल तिराहा, रामजानकी मंदिर, गोल घर, भारत माता चौक, मस्जिद चौराहा, कुजड़ा मोहल्ला, रमजान गली से होते हुए पुलिस पिकेट पर पैदल मार्च सम्पन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव, सीओ हरिश्चन्द्र, थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, एसआई रविकांत मणि त्रिपाठी सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी मजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक की मौत के मामले में मां, भाई और पिता सहित तीन गिरफ्तार

**सकारपार(एसएनबी)**। खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम कुडज़ा मे हरिशंकर उर्फ भेली पुत्र संजय लोधी उम्र वर्ष 28 की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई थी। बुद्धवार को खेसरहा पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार शाम को हरिशंकर के बाबा तीरथ जो की परिजनों से अलग रहते है बताया था की हरिशंकर दो तीन दिनों से खाना नही खाया था रात करीब आठ बजे उसे खाना खिलाया। उसके बाद वह सोने चला गया। सुबह वह अपने घर के पूरब तरफ छत पर रखे ईट मे साडी से नीचे लटकता मिला था। परिजन बिना पुलिस को सूचना के लाश को नीचे उतार लिए थे। मृतक हरिशंकर उर्फ भेली की पत्नी सरिता ने सोमवार को खेसरहा थाने मे तहरीर देकर अपने ससुर संजय लोधी, सास किसमावती और जेठ शिवशंकर पर अपने पति के हत्या का आरोप लगाया था और खेसरहा थाने मे तहरीर दी थी। थाना अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया की मृतक की पत्नी सरिता ने अपने सास, ससुर और जेठ पर हत्या का आरोप लगाया है। मंगलवार को ही तीनो पर धारा 302,201,34 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीत किया गया था। इसका विलोपन करते हुए धारा 306 के तहत तीनो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# शान्ति भंग में तीन गिरफ्तार

कपिलवस्तु (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के आदेश पर अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार यादव के पर्यवेक्षण में कपिलवस्तु कोतवाली थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में बुद्धवार को संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने व शांति व्यवस्था कायम रखनें के लिए तीन व्यक्तियों धनंजय पुत्र रामदेव, रामदेव वर्मा पुत्र सियाराम, संजय वर्मा पुत्र रामदेव वर्मा निवासीगण ग्राम महदेईया थाना मोहना जनपद सिद्धार्थनगर को धारा 151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। उक्त जानकारी कपिलवस्तु कोतवाली थानाध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह ने दी। अभियुक्तगणं को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक किशोरीलाल चौधरी, आरक्षी वरुण यादव शामिल रहे।

# प्लान-सी से एक साल में सैकड़ों मामलों का समाधान कर चुकी है पुलिस

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत द्वारा [illegible]

**प्लान-सी में अब जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों से 25-25 लोगों को जोड़ा जाएगा : एएसपी**

**पुलिस द्वारा जिले भर से 65 हजार लोगों को प्लान सी एप पर जोड़ने का लक्ष्य किया गया है निर्धारित**






[illegible]

# नशीली दवाओं के साथ दो नेपाली धरे गए

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना की पुलिस ने दो नेपाली युवकों के पास से 702 नशीली कैप्सूल व टैबलेट के साथ बुधवार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सीमा पर चेकिंग के दौरान अबरार पुत्र हकीकुल्ला निवासी पतरिया थाना तौलिहवा जनपद कपिलवस्तु नेपाल व गुरुप्रसाद पुत्र मनराज निवासी पतरिया थाना तौलिहवा जनपद कपिलवस्तु नेपाल को बनकसिया बार्डर के पास से 702 नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की गई है।

# साइबर सेल ने वापस कराए रुपये

सिद्धार्थनगर। पुराना नौगढ़ निवासी विनोद कुमार यादव ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान लिंक पर क्लिक कर साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। उनके खाते से ठगों ने तीन हजार रुपये निकाल लिया था। साइबर सेल ने शिकायत के बाद हरकत में आकर वापस करा दिया है।

साइबर सेल प्रभारी पंकज पाण्डेय ने बताया कि शिकायत के बाद उनकी टीम बरामदगी के लिए लग गई थी। बुधवार को पीड़ित की रकम उनके खाते में वापस करा दी गई।

डुमरियागंज सर्किल के थानाध्यक्षों संग सुरेश चंद्र रावत ने की समीक्षा बैठक, बाढ़ के मद्देनजर तैयार रहने का दिया निर्देश

# पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराएं लाइफ जैकेट

**समीक्षा बैठक**

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। मंगलवार देर रात अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत डुमरियागंज थाना पहुंचे। थाना सभागार में पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव की मौजूदगी में सर्किल के थानाध्यक्षों संग समीक्षा बैठक की। अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया। बाढ़ के मद्देनजर पांच-पांच पुलिस कर्मियों को चिन्हित कर उन्हें लाइफ जैकेट व सर्च लाइट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने क्षेत्र मे चोरी, नकबजनी, महिलाओं से संबंधित अपराध व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सांय होते ही क्षेत्र में पेट्रोलिंग व सघन जांच के लिए थानाप्रभारियों को निर्देशित किया। बाढ़ के मद्देनजर थानों पर तैनात 5-5 पुलिस कर्मियों को चिन्हित करने के लिए कहा जो तैराकी में दक्ष हों। उन्हें लाइफ जैकेट व सर्च लाइट उपलब्ध कराने को कहा।



डुमरियागंज थाना सभागार में सर्किल के थानों की बैठक करते एएसपी सुरेश चंद्र रावत, थाना प्रभारी व अन्य। • हिन्दुस्तान

प्राइवेट गोताखोरों को भी चिन्हित कर समन्वय बनाने को कहा। उन्होंने मातहतों से कहा फरियादियों की समस्या को विनम्रता से सुनें और निष्पक्ष तरीके से न्याय दिलाने में अपनी भूमिका निभाएं। बैठक के बाद परिसर में साफ-सफाई, मालखाना, शस्त्रागार व महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। अभिलेखों में संपूर्ण समाधान रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर सहित अन्य रजिस्टरों का अवलोकन किया। अपूर्ण मिली प्रविष्टियों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान डुमरियागंज इंस्पेक्टर सूर्यभान सिंह, भवानीगंज महेश सिंह, थानाध्यक्ष पथरा बलजीत राव, त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष विद्याधर कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने थाने का किया निरीक्षण

शोहरतगढ़। एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार चिल्हिया व शोहरतगढ़ थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के अपराध रजिस्टर, मालखाना, भोजनालय, कार्यालय व्यवस्था, आवास, बैरक, शिकायत रजिस्टर की जांच पड़ताल की।

## एएसपी ने टीम संग किया पैदल मार्च

डुमरियागंज। डुमरियागंज में शांति, सौहार्द, भाईचारा कायम रखने के मकसद से अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत ने कस्बे की सड़कों पर दो दर्जन पुलिसकर्मियों के साथ मंगलवार देर रात पैदल मार्च किया। इस दौरान दुकानदारों व अन्य राहगीरों से मिलकर सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

## एसपी ने अपराध पर अंकुश लगाने का दिया निर्देश

- एसपी ने जोगिया कोतवाली का किया निरीक्षण
- जोगिया कस्बे में गश्त कर लोगों को शांति से रहने की अपील की

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार को जोगिया कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों की जांच की। अपराध पर अंकुश और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

एसपी अमित कुमार आनंद ने आकस्मिक निरीक्षण के दौरान संतरी ड्यूटी, मालखाना, सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण किया। थाना परिसर की साफ-सफाई के लिए थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाने के विभिन्न अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। चोरी, वाहन चोरी, नकबजनी, लूट, महिलाओं से छेड़छाड़/अपराध की घटनाओं पर रोकथाम एवं सघन चेकिंग के लिए सायंकाल नियमित एवं रूटीन फूट पेट्रोलिंग, रात्रि में पैदल गश्त व पिकेट ड्यूटी के लिए निर्देशित किया। उन्होंने थाना परिसर में पौधारोपण किया।

**गश्त कर सुरक्षा का दिया भरोसा:** एसपी अमित कुमार आनंद पुलिस टीम के साथ जोगिया कस्बा में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। साथ ही लोगों से से शांति के साथ रहने की अपील भी की।

# युवक की मौत में तीन गिरफ्तार

खेसरहा। खेसरहा थाना क्षेत्र के कुड़जा गांव में हरिशंकर उर्फ भेली पुत्र संजय लोधी (28) की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई थी। बुधवार को खेसरहा पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मृतक हरिशंकर उर्फ भेली की पत्नी सरिता ने सोमवार को खेसरहा थाने मे तहरीर देकर अपने ससुर संजय लोधी, सास किसमावती और जेठ शिवशंकर पर पति की हत्या का आरोप लगाया था। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया की मृतक की पत्नी की तहरीर पर सास, ससुर और जेठ के खिलाफ धारा 302, 201, 34 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना की पुलिस ने मंगलवार रात हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की बैटरी व चाकू बरामद हुआ है। आरोपी को चालान कर न्यायालय भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष जयप्रकाश दूबे ने बताया कि 28 जून को चोरी का मुकदमा उनके थाने पर दर्ज हुआ था। मामले में आरोपी आलोक कुमार उर्फ आलू पुत्र नागेंद्र गौड़ निवासी नीबी दोहनी को चोरी की बैटरी व एक चाकू के साथ बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रमोद कुमार सिंह सेकंड ने रेप के एक आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है। उसपर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

- उस्का बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला
- 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

उस्का बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाना पर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन के साथ 24 अप्रैल 2017 की रात शंका करने के दौरान घर की गली में गांव के ही एक युवक ने बलात्कार किया है। बहन के शोर मचाने पर वह धक्का देकर भाग गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था। तभी से आरोपी जेल में है।

इसी मामले में बुधवार को सजा सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने आरोप को 10 साल की सजा व 20 हजार रुपये का जुर्माना लगा है। जुर्माना अदा न करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## आर्म्स एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खेसरहा। खेसरहा थाना की पुलिस ने बुधवार को फरार चल रहे आर्म्स एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि छितौनी गांव निवासी कौशल पुत्र राम बहाल आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपी था। वह फरार चल रहा था उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर में

# नशीली दवा व चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

ककरहवा : मंगलवार की शाम लालपुर चौकी क्षेत्र के बनकसियां बार्डर पर चेकिंग के दौरान मोहाना पुलिस ने 702 नशीली दवा व दो चाकू के सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित नेपाल के रहने वाले हैं। मोहाना थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भारत-नेपाल सीमा के लालपुर क्षेत्र के बनकसियां में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान युवक बाइक से नेपाल की ओर जाते दिखे। रोककर उनकी तलाशी लेने पर दोनों के पास से 402 टैबलेट स्पास्मो, 300 टैबलेट नाइट्रावेट की गोली के साथ दो चाकू बरामद हुआ। उनकी पहचान नेपाल के तौलिहवा थाना क्षेत्र के पतरिया निवासी अबरार पुत्र हकीकुल्लाह व गुरुप्रसाद पुत्र मनराज के रूप में हुई। गिरफ्तारी टीम में एसओ के अलावा लालपुर चौकी प्रभारी रामदरश यादव, तेजप्रकाश आदि मौजूद रहे। (जासं)

# सात फर्जी शिक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश

- स्पेशल टास्क फोर्स ने विभाग को भेजी फर्जी शिक्षकों की सूची
- जिले के सात शिक्षकों पर पहले ही हो चुकी है बर्खास्तगी



जासं, सिद्धार्थनगर : महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद ने पूर्व में बर्खास्त सात बेसिक शिक्षकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराकर गुरुवार को सूचना देने का निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया है।

बुधवार को जारी आदेश में महानिदेशक ने कहा है कि स्पेशल टास्क फोर्स के अपर पुलिस महानिदेशक ने पूरे प्रदेश से 176 शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराई है, जिनकी नियुक्ति फर्जी अभिलेखों पर या अनियमित रूप से हुई है, परंतु उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की सूचना संबंधित बीएसए ने उपलब्ध नहीं कराई है। जिसमें सात फर्जी शिक्षक सिद्धार्थनगर के हैं। जनपद के भनवापुर विकास खंड के प्राथमिक डोकम अमया में कार्यरत रहे जय प्रकाश मिश्र, प्राथमिक धुसूरी में फरजाना, शोहरतगढ़ के मकनपुर में महेंद्र उपाध्याय, नौगढ़ के बसौनी में रमाकांत मिश्रा, बढ़नी के नजरगढ़वा में मोहन लाल व जियाभारी में अरुण कुमार मिश्र और इटवा के बैरिया खालसा में कार्यरत रहे अमरनाथ यादव सम्मिलित हैं। इन सभी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराकर सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश बीएसए को दिया है। इस मामले में बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि संबंधित बीइओ को निर्देश देकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# एसपी ने मातहतों को पढ़ाया कर्तव्य व दायित्व का पाठ



शोहरतगढ़ कस्बे में पैदल मार्च करते एसपी अमित कुमार आंनद (मध्य में) सीओ हरिश्चन्द्र (दाएं) एवं थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे (बाएं) ● जागरण

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बुधवार को थाना चिल्हिया व शोहरतगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद कस्बे का पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

उन्होंने अपराध रजिस्टर, मालखाना, भोजनालय, कार्यालय व्यवस्था, आवास, बैरक, शिकायत रजिस्टर की जांच पड़ताल की। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों से अभिलेखों के संबंध में भी पूछताछ करते हुए उनके रखरखाव हेतु निर्देश दिया।थाना परिसर की साफ सफाई देखी। आरक्षी आवास की स्थिति को देखकर कार्य मे तेजी लाने को सबंधित को निर्देशित किया। भोजनालय कक्ष में बन रहे भोजन, बैरक आदि का गहनता से निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों को उनके कर्तव्य और दायित्व का पाठ पढ़ाया। महिला हेल्प डेस्क पर उपस्थित महिला आरक्षी से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया। और सभी पुलिस कर्मी व महिला आरक्षी से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान सीओ हरिश्चंद्र, चिल्हिया थाना एसओ राजेश कुमार मोर्या, थानाध्यक्ष जय प्रकाश दूबे, एएसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव, रविकान्त मणि, बाबू लाल दूबे, रिकू तिवारी, जटाशंकर त्रिपाठी सहित आदि पुलिस जवान रहे।

## एक नजर में

### साइबर सेल ने वापस कराए रुपये

सिद्धार्थनगर : मोबाइल पर गेम खेलते समय मोबाइल पर आया लिंक खोलना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। जालसाजों ने उसके लिंक खोलते ही उसके बैंक खाते से तीन हजार रुपये उड़ा दिये। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज करायी। इसके पश्चात सेल से जुड़े पुलिसकर्मियों ने पैसा खाते में वापस कराया। नौगढ़ कस्बा निवासी विनोद कुमार यादव मोबाइल पर गेम खेल रहे थे। इसी बीच मोबाइल पर एक लिंक आ गया। उन्होंने जैसे ही इसे देखने के लिए खोला पे-फोन एकाउंट से पैसा ट्रांसफर हो गया। साइबर सेल प्रभारी पंकज पांडेय ने बताया कि ठगी होने के 72 घंटे के अंदर घटना की जानकारी सेल को दें। ऐसा करने पर पैसा वापसी होने की गुंजाइश अधिक रहती है। धन वापस कराने में अतुल चौबे, आशुतोष, अजय यादव, राहुल कुमार ने अहम भूमिका निभाई। (जासं)

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

जासं,खेसरहा, सिद्धार्थनगर: ग्राम कुड़जा में बीते सोमवार को हरिशंकर उर्फ भेली पुत्र संजय लोधी का संदिग्ध परिस्थितियों में छत से लटकता शव मिला था। जिसके बाद मृतक की पत्नी सरिता ने सास ससुर तथा जेठ पर हत्या का आरोप लगाते हुए खेसरहा थाने पर तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का कारण एंटी मार्टम हैंगिंग आया। पुलिस ने बुधवार को पूर्व में लगे धाराओं को हटाकर धारा 306 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मृतक के पिता संजय लोधी, मां किसमावती तथा भाई शिवशंकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# थानों में लागू होगी जोगिया थानेदार की अनूठी पहल

जासं, जोगियाः पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जोगिया कोतवाली का निरीक्षण किया। अभिलेखों का अवलोकन किया। साफ- सफाई देखी। एसओ की पहले पर थाने में रिकार्ड को गूगल ड्राइव में सेव कर रखने की सराहना की। कहा कि इसे सभी थानों में लागू कराया जाएगा। उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया। एसपी निरीक्षण के पश्चात संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि अपराधों पर अंकुश के लिए बीट अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण करते रहें। पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाएं। उन्होंने एक नोट पर लिखा की एसओ के इस प्रयोग को जनपद के सभी थाने इस व्यवस्था को लागू करें। प्रभारी सीसीटीएनएस सभी प्रभारियों को इस नोट से अवगत करायें। एसओ दिनेश सरोज, उपनिरीक्षक राजेश शुक्ला, भीम सिंह,रणंजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# अभिलेखों के सही रखरखाव के दिए निर्देश

## एसपी ने चिल्हिया और शोहरतगढ़ थाने का किया निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** एसपी अमित कुमार आनंद ने बुधवार चिल्हिया व शोहरतगढ़ थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के अपराध रजिस्टर, मालखाना, भोजनालय, कार्यालय व्यवस्था, आवास, बैरक, शिकायत रजिस्टर की जांच की। उन्होंने उपस्थित पुलिस कर्मियों से अभिलेखों के संबंध में पूछताछ की। उनके सही रखरखाव के लिए निर्देश दिए।

एसपी अमित कुमार आनंद ने चिल्हिया व शोहरतगढ़ में पहुंचते ही परिसर की सफाई देखी। शोहरतगढ़ में आरक्षी आवास की स्थिति को देखकर कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया। दोनों थानों की भोजनालय कक्ष में बन रहे भोजन, बैरक आदि का निरीक्षण किया। थाने पर उपस्थित पुलिस कर्मियों को उनकी ड्यूटी के प्रति कर्तव्य और दायित्व के प्रति उचित निर्देश दिए। इस दौरान सीओ हरिश्चंद्र, चिल्हिया थाना के एसओ राजेश कुमार मौर्या, थानाध्यक्ष जय प्रकाश दुबे, एएसआई मनोज कुमार श्रीवास्तव, रविकांत मणि, बाबूलाल दुबे, नंदा प्रसाद, रिंकू तिवारी, जटाशंकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।




शोहरतगढ़ थाने का औचक निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनंद।

### शोहरतगढ़ कस्बे में किया मार्च

एसपी ने शोहरतगढ़ कस्बे में मातहतों के साथ पैदल मार्च किया। लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिसकर्मियों के साथ शोहरतगढ़ थाना परिसर से गड़ाकुल तिराहे, रामजानकी मंदिर, गोल घर से होते हुए रमजान गली, पुलिस पिकेट तक पैदल मार्च किया। संवाद

# नशे के लिए रखी दवा बरामद, दो पकड़े गए

**बर्डपुर।** मोहाना थाने की पुलिस ने बुधवार को जांच के दौरान दो संदिग्धों को पकड़ा। उनके कब्जे से नशे के लिए इस्तेमाल करने वाली 702 गोलियां बरामद की गईं। दोनों आरोपित नेपाल के रहने वाले हैं। पुलिस ने उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मोहाना थानाध्यक्ष ने बताया कि बुधवार को जांच की जा रही थी। उसी दौरान दो संदिग्ध मिले। पूछताछ में उनकी पहचान अबरार, गुरुप्रसाद, निवासी पतरिया, थाना तौलिहवा, जनपद कपिलवस्तु, नेपाल बताया। संवाद

# दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अपर सत्र न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की राशि न जमा करने पर छह वर्ष अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी। पांच वर्ष बाद बेटी को न्याय और दुष्कर्मी को सजा मिलने से पीड़ित परिवार के लोगों को तसल्ली मिली।

उसका बाजार थाना क्षेत्र एक गांव निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया था कि 24 अप्रैल 2017 को रात में घर से बाहर निकली उसकी 13 वर्षीय बहन से बगल में रहने वाले व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। बहन के चिल्लाने पर वह वहां गया और आरोपी को पकड़ लिया, लेकिन वह उसे धकेलकर फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य आरोप में केस दर्ज करके मामले की जांच कर चार्जशीट को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। इस मामले में सुनवाई चल रही थी।

## न्यायालय ने 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

## पांच वर्ष बाद हुआ फैसला, बेटी को मिला न्याय

न्यायालय की ओर से मामले का संज्ञान लेकर विचारण प्रारंभ किया गया। विचारण के बाद प्रमोद कुमार सिंह विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने साक्ष्यों और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर घनश्याम को दुष्कर्म का दोषी पाया। मामले में सुनवाई करते हुए गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर 10 वर्ष की कारावास की सजा सुनाई। 20 हजार अर्थदंड लगाया। अभियोजन की पैरवी विशेष अधिवक्ता पॉक्सो एक्ट पवन कुमार कर पाठक कर रहे थे।

# नशे के लिए रखी दवा बरामद, दो पकड़े गए

**बर्डपुर।** मोहाना थाने की पुलिस ने बुधवार को जांच के दौरान दो संदिग्धों को पकड़ा। उनके कब्जे से नशे के लिए इस्तेमाल करने वाली 702 गोलियां बरामद की गईं। दोनों आरोपित नेपाल के रहने वाले हैं। पुलिस ने उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। मोहाना थानाध्यक्ष ने बताया कि बुधवार को जांच की जा रही थी। उसी दौरान दो संदिग्ध मिले। पूछताछ में उनकी पहचान अबरार, गुरुप्रसाद, निवासी पतरिया, थाना तौलिहवा, जनपद कपिलवस्तु, नेपाल बताया। संवाद

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तीन को जेल

## खेसरहा क्षेत्र के कुडजा गांव में दो दिन पहले हुई थी युवक की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में उसकी माता, पिता के साथ ही भाई को खेसरहा थाने की पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। तीनों गांव के पास पकड़े गए। पूछताछ करने के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। वहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के कुडजा गांव निवासी हरिशंकर उर्फ भेली की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घर की गली में छत पर रखी ईंट से साड़ी के फंदे के सहारे उनका लटका हुआ शव मिला था। मायके से आई हरिशंकर की पत्नी ने सास, ससुर और जेठ पर आरोप लगाया कि तीनों ने उनके पति की हत्या कर दी थी। महिला ने कार्रवाई की मांग की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या सहित अन्य आरोप में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। एसओ खेसरहा अशोक कुमार वर्मा के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदे से लटकने से गले में खिंचाव से मौत की पुष्टि हुई थी। उसके बाद हत्या की धारा को परिवर्तित करके आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा दर्ज की गई। साथ ही पुलिस ने टीम बुधवार सुबह कुडजा गांव के पास से मृतक हरिशंकर के पिता संजय, भाई शिवशंकर और माता किसमावती देवी को गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ की गई। उसके बाद तीनों का चालान कर दिया गया।

**मृतक की पत्नी ने सास, ससुर और जेठ पर लगाया था हत्या का आरोप**

# आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**शोहरतगढ़।** स्थानीय थाने की पुलिस ने चोरी करने के आरोपी को नीबी दोहनी के उपनिबंधक कार्यालय के पास से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से बैट्री, पहिया उठाने वाला जैक व चाकू बरामद किया गया। पूछताछ करने के बाद उसको न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ जयप्रकाश दुबे ने बताया कि नीबी दोहनी निवासी धीरज गुप्ता ने सोमवार को तहरीर देकर बताया था कि उनके मिनी ट्रक से एक बैट्री व पहिया उठाने वाले जैक की चोरी हो गई है। उसी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम जांच कर रही थी। गश्त पर निकली पुलिस टीम ने नीबी दोहनी उप निबंधक कार्यालय के पास एक युवक को बोरे में कुछ सामान लेकर खुनुवां में नेपाल सीमा की ओर जाने के लिए वाहन का इंतजार करते हुए देखा गया। संदेह होने पर पुलिस टीम उससे पूछताछ करने लगी। बोरे की तलाशी ली गई तो बैट्री, जैक व चाकू बरामद किया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-06-2022

# रसोइयां का हत्यारोपी गिरफ्तार

**बखिरा (एसएनबी)।** बखिरा पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर गैर इरादतन हत्यारोपी को छरांछ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेज दिया है। जबकि दो आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। थानाध्यक्ष अनिल कुमार



सिंह ने बताया कि राममुनेश पुत्र सूर्यनाथ ग्राम डिहुलिया ने तहरीर देकर कहा था कि 27 जून को सुबह भाइयों में जमीन का बंटवारा हुआ था। उसकी पत्नी हेमवन्ती प्राथमिक विद्यालय डिहुलिया में रसोईया के पद पर तैनात थी।स्कूल बंद होने पर वह घर आयी और दोनों पति-पत्नी बंटवारे को लेकर बात कर रहे थे। इसी दौरान उसका सगा भाई चन्द्रभूषण, भाभी फूलमती व भतीजा दिलीप गाली गलौज करते हुए लाठी-डण्डे से लैस होकर आये और उसे व उसकी पत्नी को मारने पीटने लगे।जिससे उसका सर फट गया और पत्नी को भी चोटें आयीं। साढ़े तीन बजे वह अस्पताल में पट्टी बंधवाने चला गया था। आरोप है कि जब वापस आया तो आरोपियों ने उसे व उसकी पत्नी को फिर मारा पीटा था जिससे उसके पत्नी की मौके पर मौत हो गयी थी। मामले में तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज करके आरोपियों की तलाश की जा रही थी। बुधवार को एसआई आनंद कुमार सिंह हमराही कांस्टेबल सत्यप्रकाश के साथ मुखबिर की सूचना पर छरांछ नहर पुलिया के पास से चन्द्रभूषण निषाद पुत्र सूर्यनाथ ग्राम डिहुलिया को गिरफ्तार कर न्यायालय/जेल भेज दिया।

# हाईवे जाम करने वाला तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** अग्निपथ योजना के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग नेदुला हाईवे जाम करने के मामले में पुलिस ने नामजद तीसरे आरोपी को बड़गो अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय/जेल रवाना किया। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्यविक्षण में क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद विजय नरायण प्रसाद की गठित टीम के प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट उ.नि. वीरेन्द्र सिंह यादव ने हे.कां. गौतम यादव के साथ मु.अ.सं. 341/2022 धारा 34, 143,188, 283, 341 भादवि' व 7 सीएलए एक्ट में वांछित अभियुक्त आनन्द उर्फ चन्दन यादव पुत्र अर्जुन यादव निवासी बड़ी सरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीरनगर को बड़गो अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया। प्रभारी चौकी कलेक्ट्रेट उ.नि. वीरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि उक्त अभियुक्त द्वारा दिनांक 20.06.2022 को भारत सरकार द्वारा लागू की गयी अग्निपथ योजना के विरोध में अपने 50-60 साथियों के साथ मिल कर बस्ती से गोरखपुर की ओर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग नेदुला चौराहे के पास जाम कर दिया गया था जिससे लोक मार्ग में संकट एवं आने-जाने वाले यात्रियों के आवागमन में असुविधा उत्पन्न हुई थी। जनपद में धारा 144 के प्रभावी होने के फलस्वरूप कोई भी रैली/पदयात्रा/विरोध प्रदर्शन करने पर निषेध रहता है जिसका उक्त अभियुक्त द्वारा उल्लंघन किया गया था।

# तीन आरोपियों को कठोर कारावास की सजा

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** मानीटरिंग सेल की प्रभावी कार्रवाई एवं सम्यक पैरवी के फलस्वरूप जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने थाना कोतवाली खलीलाबाद धारा 148, 149, 323, 325, 504, 506 भादवि में दोषसिद्ध अभियुक्तगण अभय पाण्डेय पुत्र राम अचल पाण्डेय निवासी भिरहिरिया थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर, विजयेन्द्र कुमार राय व अन्य पुत्रगण स्व. वशिष्ठमुनि राय निवासीगण विधियानी थाना कोतवाली खलीलाबाद को 03 वर्ष के कठोर कारावास व 9500 ₹ के अर्थ दण्ड से दण्डित करने की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थ दण्ड न अदा कर पाने पर 06 माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित करने का है। विदित हो कि उक्त अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 24.0.2005 को पारिवारिक/सम्पत्ति के विवाद को लेकर लाठी-डण्डे से मारा-पीटा तथा गाली-गुप्ता देने हुए जानमाल की धमकी दी थी जिसके संबंध मे वादी द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर उक्त अभियोग पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद शिवदास यादव द्वारा सम्पादित की गयी थी।


# आपत्तिजनक टिप्पणी से बचें जनपदवासी

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपदवासियों से जनपद में आपसी भाई-चारे, अमन-चैन एवं सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखने की अपील करते हुए कहा है कि सम्मानित जनपदवासी आगामी त्योहारों को जनपद के परम्परागत गंगा-जमुनी तहजीब के वातावरण में एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए मनाएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया जैसे-वाट्सएप, फेसबुक आदि पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणियों से बचें एवं इस प्रकार के कन्टेन्ट को फारवर्ड न करें। उन्होंने कहा कि अपने गांव, मोहल्ले और क्षेत्र में शांति स्थापित करने में सहयोग करें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद में किसी भी तरह की अराजकता फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैदी के साथ सभी गतिविधियों पर नजर बनाये हुए है। उन्होंने कहा कि जनपद में आगामी 31 जुलाई 2022 तक धारा-144 लागू है जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

# दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ किया फ्लैग मार्च

**एसपी के निर्देशन में आगामी त्योहारों, कानून एवं शांति-व्यवस्था के दृष्टिगत थानाध्यक्षों-चौकी प्रभारियों ने किया पैदल गश्त**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के पर्वेक्षण में जिले में आगामी त्योहारों, कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुधवार को थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस होकर भारी पुलिस बल के साथ जनपद के विभिन्न मार्गों व्यस्ततम चौराहों, मिश्रित आबादी वाले स्थानों आदि पर पैदल रूट/फ्लैग मार्च किया गया। भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों, व्यापारियों, दुकानदारों आदि से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा बताया गया कि जनपद पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। अफवाह एवं भ्रामक व झूठे संदेश फैलाने सहित शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वालों तथा अराजक तत्वों/उपद्रवियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी। साथ ही जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस प्रशासन के सहयोगं की अपेक्षा व्यक्त की। साथ ही समस्त प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों, चौकी प्रभारियों ने संदिग्ध वाहनो एवं व्यक्तियों की चेकिंग भी की।



बखिरा क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करते थानाध्यक्ष।

**पुलिस ने बखिरा कस्बे में किया पैदल गश्त :** बखिरा : कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए बुधवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में बखिरा पुलिस ने बखिरा कस्बे में पैदल गश्त किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कानून व्यवस्था को कायम रखने व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस द्वारा कस्बों में लगातार पैदल गश्त करने के साथ ही स्थानीय व्यक्तियों से संवाद स्थापित किया जा रहा है। इस दौरान स्थानीय लोगों को बताया गया कि किसी भी अप्रिय घटना व संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।पुलिस जनता के सहयोग के लिए कार्य कर रही है इसलिए पुलिस का सहयोग करें। पैदल गश्त के दौरान चौकी प्रभारी हरेन्द्र पाठक समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# चार हत्यारोपितों को उम्रकैद की सजा, 50 हजार जुर्माना

## कार्रवाई

**संतकबीरनगर, विधि संवाददाता।** 17 वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल की कोर्ट ने चार आरोपितों को उम्रकैद की सजा सुनाया। कोर्ट ने सजा के साथ आरोपियों पर 50 हजार रुपए के जुर्माने का भी फैसला सुनाया है। जबकि जिला जज की कोर्ट ने इसके क्रास मुकदमें के चार आरोपियों को मारपीट का दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाया।

मामला जिला मुख्यालय के विधियानी मोहल्ले का है। घटना 24 जनवरी 2005 की है। मामला पट्टीदारी की दुश्मनी का है। दोनों तरफ से अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गायत्री नन्दन राय निवासी मोहल्ला विधियानी थाना कोतवाली खलीलाबाद के प्रार्थना पत्र पुलिस ने हत्या का अभियोग पंजीकृत किया। वादी का आरोप है कि उनके पिता एवं पट्टीदार आदित्यनाथ राय से सम्पत्ति के संबंध में दीवानी एवं फौजदारी मुकदमा चल रहा है। इससे आदित्यनाथ राय एवं उनके सहयोगी नाराज थे। 23 जनवरी 2005 को प्रार्थी के लड़के की बरही थी। 24 जनवरी को बहन की विदाई थी। समय करीब नौ बजे सुबह आदित्यनाथ राय, प्रभाकर राय एवं दिवाकर राय, नवनीत कुमार राय, हरिशंकर राय, रविन्द्र कुमार राय एवं प्रणव शंकर राय लाठी डंडा एवं कट्टा से लैस होकर मेरे पिता को घेर लिए। रिश्तेदार बचाने के लिए दौड़े तो प्रभाकर राय एवं दिवाकर राय के ललकारने पर आदित्यनाथ राय ने कट्टे से पिता पर फायर कर दिया। वह वहीं पर गिर पड़े। पिता को लेकर खलीलाबाद अस्पताल और उसके बाद गोरखपुर जिला अस्पताल पंहुचाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रकरण में पुलिस ने विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। इसके क्रास वाले मामले में आदित्यनाथ राय के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने अभय पांडेय, वशिष्ठ मुनि राय, यादवेन्द्र कुमार राय, विजेन्द्र कुमार राय, ओमेन्द्र कुमार राय, विश्वम्भर नाथ राय एवं सुरेश राय समेत सात लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। विवेचना के उपरांत पुलिस ने दोनों मुकदमों में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। दोनों मुकदमों का विचारण एक साथ चल रहा था।

# शांति भंग में तीन गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में अशांति फैलाने वालों के विरुत्र चल रहे अभियान के क्रम में बुधवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तीनों अभियुक्त धनघटा में गिरफ्तार हुए। इनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कड़ी चेतावनी दी।

# दुष्कर्म के आरोपी सगे भाई की जमानत निरस्त

संतकबीरनगर। दुष्कर्म करने के एक आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोपी लाला उर्फ शिव कुमार जायसवाल पर एक अनुसूचित जाति की महिला के साथ अपने भाई के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है।

विशेष लोक अभियोजक एससीएसटी एक्ट आशीष प्रसाद पांडेय ने बताया कि मामला महुली थानाक्षेत्र के एक गांव का है। आरोप है कि दिनांक 13 मार्च 2022 को आरोपी लाला उर्फ शिव कुमार जायसवाल का बड़ा भाई अवधेश जायसवाल ग्राम मोलनापुर थाना महुली शाम सात बजे के करीब मेरे घर में घुस आया और अश्लील हरकत करते हुए जबरदस्ती दुष्कर्म किया। मामले को अपने पति से बताने की बात किया तो जाति सूचक गाली देते हुए मारा पीटा। इससे चार वर्ष पहले अवधेश जायसवाल का छोटा भाई लाला उर्फ शिव कुमार जायसवाल मेरे पति से मोबाइल पर बात कराने के बहाने घर में घुस गया और जबरन दुष्कर्म किया।

# दुर्घटना में घायल को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पीआरवी 2545 को कोतवाली खलीलाबाद के नेदुला चौराहा से मार्ग दुर्घटना में एक व्यक्ति के घायल होने के की सूचना मिली। घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल एंबुलेंश से भेजवाया।

# भूमि विवाद में महिला का हत्यारोपित गिरफ्तार

**जागरण, बखिरा, संतकबीर नगर :** बखिरा क्षेत्र के पचेटी गांव में भूमि के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों में हुए विवाद में महिला की मृत्यु हो गई थी। बुधवार को आरोपित चंद्रभूषण को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभी दो अन्य आरोपित फरार हैं। दारोगा आनंद सिंह ने बताया कि चंद्रभूषण ने सगे भाई राममुनेश और उसकी पत्नी हेमवंती देवी को लाठी-डंडे से पीटा था। जिसमें हेमवंती की मृत्य हो गई थी।

# हत्या करने के चार दोषियों को आजीवन कारावास

## भू-विवाद को लेकर मारपीट में आरोपित ने कट्टा से एक व्यक्ति को मार दी थी गोली

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** जिला व सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल ने को लगभग 17 वर्ष पूर्व हुए हत्या व मारपीट के मामले में दोनों पक्ष के कुल आठ आरोपितों को कारावास की सजा सुनाई है। इसमें से पहले पक्ष के चार लोगों को हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।

गोरखपुर जनपद के बांसगांव थानाक्षेत्र के धनौड़ा गांव निवासी सुरेश राय ने कोतवाली खलीलाबाद में मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि 23 जनवरी 2005 को उनके रिश्तेदार विश्वम्भरनाथ राय के घर एक कार्यक्रम था, जिसमें वह शामिल हुए थे। अगले दिन सुबह नौ बजे बिधियानी गांव के आदित्यनाथ राय, प्रभाकर राय, दिवाकर राय, नवनीत राय, हरिशंकर राय, रविन्द्र राय और प्रणव राय एकजुट होकर भू-विवाद को लेकर मारपीट करने लगे तथा आदित्यनाथ राय ने कट्टा से उनके रिश्तेदार विश्वम्भरनाथ राय को गोली मार दी। उनके लड़के संजय राय उन्हें लेकर मेडिकल कालेज गोरखपुर गए जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। न्यायालय ने इस मामले में रविन्द्र राय व प्रणव राय को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया और एक आरोपित हरिशंकर राय की मुकदमा के दौरान मृत्यु हो चुकी है। शेष सभी चार आरोपितों को आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया गया है।

# 50 वाहन चालकों से 34 हजार समन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने बुधवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सरकारी अस्पताल व बैंक शाखा परिसर सहित अन्य जगहों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान मांगने पर जरूरी कागजात न दिखा सकने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 50 वाहन चालकों से 34 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की गई। (जासं)

# हत्या में चार को आजीवन कारावास

अमर उजाला ब्यूरो

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट का फैसला

**संतकबीरनगर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने हत्या के मामले में चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 50,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की अदायगी न करने पर दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि अभियुक्तगणों के जरिए 24 जनवरी 2005 को पारिवारिक/संपत्ति के विवाद को लेकर कट्टे से फायर करके विश्वम्भर राय को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इससे उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके संबंध में कोतवाली में आरोपी आदित्यनाथ राय, प्रभाकर राय, दिवाकर राय, नवनीत राय निवासी विधियानी के खिलाफ हत्या के प्रयास, हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ था। इसकी विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक शिवदास यादव ने की और आरोपपत्र कोर्ट में प्रेषित किया। मॉनीटरिंग सेल ने प्रभावी पैरवी की। कोर्ट ने चारों दोषियों को आजीवन कारावास और 50,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की अदायगी न करने पर दो वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# हत्या का आरोपी जेठ भेजा गया जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

## जेठ, जेठानी समेत तीन लोगों पर दर्ज है गैरइरादतन हत्या का केस

बखिरा। क्षेत्र के डिहुलिया में रसोइया की हुई मौत के मामले के आरोपी जेठ को पुलिस ने बुधवार को छरांछ पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। शेष आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

डिहुलिया निवासी राममुनेश पुत्र सूर्यनाथ का आरोप है कि सोमवार को उसके भाइयों में सहमति से आपसी बंटवारा हुआ। उसकी 35 वर्षीय पत्नी हेमवंती देवी प्राथमिक विद्यालय डिहुलिया में रसोइया के पद पर कार्यरत हैं। विद्यालय बंद होने के बाद पत्नी घर लौटी। पति-पत्नी बंटवारे को लेकर आपस में बातचीत करने लगे। आरोप है कि उसी दौरान उसके सगे भाई चंदभूषण अपनी पत्नी फूलमती और बेटे दिलीप के साथ पहुंच गए और उसे अपशब्द कहने लगे। आरोप है कि लोग लाठी, डंडे से उसे और पत्नी को मारने-पीटने लगे। पिटाई से उसका सिर फूट गया और पत्नी को भी चोटें आईं। घटना के बाद गांव के लोग जुट गए और समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। वह उपचार कराने चले गए। अस्पताल से उपचार करा कर जब शाम को वह घर लौटे तो उक्त तीनों लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि लोग उसकी पत्नी को भी मारने-पीटने लगे। पिटाई से उसकी पत्नी की मौत हो गई। एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में आरोपी चंद्रभूषण, जेठानी फूलमती और उसके बेटे दिलीप के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया था। बुधवार को आरोपी चंद्रभूषण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

# अग्निपथ : जाम लगाने वाला आरोपी भेजा गया जेल

## सीसीटीवी और वीडियो फुटेज के सहारे अज्ञात आरोपियों की पहचान करने में जुटी है पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

**संतकबीरनगर।** अग्निपथ के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास जाम कर प्रदर्शन करने के मामले में दर्ज मुकदमे के एक आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया।

कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज वीरेंद्र यादव ने बताया कि 20 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग को नेदुला के पास कुछ लोगों ने अग्निपथ के विरोध में जाम कर दिया था। इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। इस मामले में चौकी इंचार्ज नवीन मंडी रजनीश राय की तहरीर पर तीन नामजद समेत 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। उसी मामले के आरोपी आनंद उर्फ चंदन यादव निवासी बड़ी सरौली कोतवाली को बड़गों के पास से बुधवार को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि इसी मामले के आरोपी सत्यम कुमार निवासी भीटीमाफी थाना महुली और मनोज कुमार निवासी बनपुरवा खलीलाबाद को बिधियानी तिराहे से रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। शुक्रवार को आरोपी ओमकार यादव उर्फ गोलू यादव निवासी मुठई खुर्द थाना धनघटा को मेंहदावल बाईपास से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जबकि आरोपी अजय गौड़ निवासी ऊनखास ओनिया कोतवाली को पिछले मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अब तक इस मामले में पांच आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि शेष आरोपियों की तलाश जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और वीडियो फुटेज के आधार पर अन्य की पहचान की जा रही है। वर्तमान में जिले में धारा 144 प्रभावी है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी।

### अब तक पांच आरोपी भेजे जा चुके हैं जेल

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-06-2022

# वायरल आडियो में छिपे हैं कई राज

## फॉलोअप

**रुपईडीह, संवाददाता।** कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामापुर के मजरा बनकटी के निवासी सुशील कुमार तिवारी (19) के शव का बुधवार को तीन डाक्टरों के पैनल ने दोबारा पोस्टमार्टम किया। इस दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव घर पहुंचने पर परिजनों ने आर्यनगर-करनैलगंज मार्गपर जाम लगा दिया था।

युवक के पेड़ से शव लटकने के मामले में एक आडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें मृतक के घर न पहुंचने पर परिजन किसी महिला को फोन करते दिखाई दे रहे हैं। उसमें कहा जाता है कि आप द्वारा शाम 4 बजे फोन करके मृतक सुशील के भाई को बताया गया कि उनसे कह दो कि मेरी बहन को घर पर छोड़ जाएं। इस रिकॉर्डिंग में महिला यह स्वीकार कर रही है कि उन्हें पकड़ कर लाए थे। कौड़िया चौराहे पर छोड़ दिया सिर्फ बाइक व मोबाइल मेरे यहां है। जब मृतक के पक्ष द्वारा यह कहा जा रहा है कि यदि आप ने उन्हें पकड़ा था तो थाने के हवाले कर देते। जिसके जवाब में महिला ने बताया यदि मामला थाने पर जाता तो मेरी बदनामी होती। महिला यह भी कह रही है कि जब उसकी बहन मिल गई तो सुशील को छोड़ दिया गया। जब यह कहा गया कि तुम्हारी बहन ने फोन करके बुलाया था। तब वह गया था। महिला ने कहा चाहे जो जिसको बुला ले ऐसे चले जाओगे उनकी गलती नहीं है। इसके बाद फोन कट जाता है। फिलहाल यह आडियो क्लिप क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। दबी जुबान से पुलिस भी इसकी जांच की बात कह रही है।

### ये है मामला

मंगलवार को गांव में सुशील का शव आम के पेड़ से लटकता मिला था। उसके चाचा संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि बताया कि हरखापुर की एक लड़की के फोन पर व घर से निकला था। दोपहर बाद उसका फोन बंद हो गया। परिजन आशनाई के चक्कर में युवक की हत्या करने की आशंका व्यक्त कर रहे थे। कौड़िया पुलिस भी दबी जुबान से प्रेम प्रसंग की बात स्वीकार कर रही है।

# उदयपुर हत्याकांड के विरोध में विहिप का प्रदर्शन

## आक्रोश

**गोण्डा, संवाददाता।** राजस्थान के उदयपुर में हुए हत्याकांड के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने डिग्री कॉलेज से लेकर हनुमानगढ़ी चौराहे तक विरोध मार्च निकाला। यही नहीं रामलीला मैदान के सामने जेहादी कट्टरपंथ का पुतला जलाया और राजस्थान सरकार को बर्खास्त करने की मांग भी की।

बुधवार दोपहर पदाधिकारी कार्यकर्ता डिग्री कॉलेज चौराहे पर एकत्र हुए और यहीं से पैदल मार्च करते हुए जिहादी कट्टरपंथ मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए रास्ता जाम कर दिया और जिहादी कट्टरपंथ का पुतला जलाकर अपना आक्रोश जताया। प्रदर्शन का नेतृत्व विहिप के सह विभाग मंत्री भरत गिरी और नगर अध्यक्ष आशीष मोदनवाल ने किया। नेताद्वय ने कहा कि भारत जैसे देश में विरोध के नाम पर ऐसा तालिबानी कृत्य स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस मौके पर ओम प्रकाश सोनी, दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी, महेश तिवारी, दिवाकर सोमानी, नीशू सिंह, शशांक श्रीवास्तव, रघुराज सोनकर, कमल बाबा, बबलू वर्मा, सुनील निषाद, रजनीश मधुकर, हरिप्रसाद, सोनू सोनकर, पंकज सोनी ,शुभम चौरसिया, प्रकाश कुमार, विजय वर्मा, काकू मोदनवाल, अन्नू भारती, अंकित, विजय मौर्या, शैलेश तिवारी, आलोक मिश्रा, सत्य प्रकाश शास्त्री, रवि सोनकर, सौरभ पटवा, धर्मेंद्र कौशल, आशीष गुप्ता, सुशील फेटारा, संजय कुमार, सूरज मोदनवाल, शक्तिमान सोनकर, संजू बाबा रहे।


बुधवार को हनुमानगढ़ी चौराहे पर जेहादी कट्टरपंथ का पुतला फूंकते विहिप के लोग।

### भाजपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**करनैलगंज।** उदयपुर में कन्हैया लाल की हुई हत्या से आहत भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष मोहित पाण्डेय के अगुवाई में बुधवार को राष्ट्रपति को सम्बोधित एसडीएम हीरालाल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि राजस्थान के उदयपुर में नुपुर शर्मा के समर्थन का स्टेटस लगाने पर हिंदू युवक की गला काटकर निर्मम हत्या से हिंदू समाज आहत है और दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई के साथ फांसी की सजा सुनिश्चित होनी चाहिए। इस हत्या से समाज में तालिबानी हुकूमत का संदेश देकर दहशत फैलाने की कोशिश की जा रही है। ज्ञापन देने वालों में सुनील सिंह, संतोष अवस्थी, राकेश सिंह, अनिल सिंह, अंगद सिंह, अंकुश आदि रहे।

# बाल किशोर पुलिस इकाई की कार्यशाला हुई

गोण्डा। पुलिस लाइन सभागार में बुधवार को बाल किशोर पुलिस इकाई की कार्यशाला आयोजित की गई। एएसपी शिवराज ने इसमें मौजूद लोगों को बाल संरक्षण, पाक्सो और जेजे एक्ट के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ट्रेनी आईपीएस/सीओ शिल्पा वर्मा, संयुक्त अभियोजन अधिकारी वीरेन्द्र कुमार रहे।

# रंगदारी वसूलने के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

करनैलगंज, संवाददाता। नगर में संचालित मनोकामना इंडेन गैस एजेंसी पर तैनात कर्मचारी से जबरन तमंचे की नोक पर रंगदारी वसूलने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट व रंगदारी वसूलने का मुकदमा दर्ज किया था।

बुधवार को कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रमोद अग्निहोत्री व आरक्षी अवनीश कुमार ने वांछित अभियुक्त धर्मेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी निवासी ग्राम गौरवाखुर्द को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि आरोपी ने मंगलवार को मनोकामना इंडेन गैस एजेंसी गौरवाखुर्द के कर्मी प्रियांशु कुमार पुत्र विजय कुमार सिंह निवासी जरवल रोड जनपद बहराइच को जान से मारने की धमकी देते हुए पैसों की मांग की थी।

कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया वादी की तहरीर के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध संबधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मुकदमा लिखे जाने के बाद पुलिस उसकी लगातार तलाश में भी जुटी हुई थी।

# चार दिन बाद नामजद गिरफ्तार

## भोलू हत्याकांड

छपिया, संवाददाता। तांबेपुर की प्रधान के बेटे की हत्या के चार दिन बाद पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। बीते रविवार की दोपहर बाबा कुट्टी पर परशुराम दास की प्रथम पुण्य तिथि पर प्रधान पुत्र दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू सिंह की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया था। भंडारे के दौरान भोलू सिंह की हत्या कर दी गई थी। इस मामले को चुनावी रंजिश से जोड़कर भी देखा जा रहा था।

मामले का खुलासा करते हुए सीओ संजय तलवार और प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले के नामजद के आरोपी विक्रम वर्मा उर्फ विक्की वर्मा पुत्र राम तेज वर्मा निवासी तांबेपुर को बुधवार को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ शिवाला रमदत्तपुर मोड़ के पास पटमेशवर नाथ मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। प्रधान पुत्र भोलू सिंह की हत्या के मामले में परिजनों की तहरीर पर तांबेपुर निवासी विक्रम पटेल उर्फ विक्की, बलजीत वर्मा निवासी तांबेपुर और अवधेश वर्मा को नामजद मुकदमा दर्ज किया था।

- छपिया पुलिस ने नामजद आरोपी को तमंचे के साथ पकड़ा
- चुनावी रंजिश में हुई थी तांबेपुर की प्रधान के बेटे के हत्या

### कई जिलों में तलाश

भोलू हत्याकांड के बचे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अपना जाल बिछाए हुए है। बताया जाता है कि आसपास के जिलों में उनकी तलाश की जा रही है।



गिरफ्तार आरोपी विक्रम पटेल।

**सोमवार को महिला सहित दो की हुई थी गिरफ्तारी:** घटना की साजिश रचने के मामले में पुलिस ने सोमवार को महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में सत्यराम वर्मा पुत्र तेजराम वर्मा, सुभावती पटेल पत्नी बलजीत कुमार पटेल शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा और अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने प्रभारी निरीक्षक को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के कड़े निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में अन्य दो आरोपियों के संभावित ठिकानों पर पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। इटियाथोक पुलिस ने नाबालिब लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी दिलीप सोनकर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने थानाक्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। इस संबंध में पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी दिलीप सोनकर पुत्र राजकुमार सोनकर क्षेत्र के गांव मधईजोत विशुनपुर संगम का रहने वाला है।

# आत्महत्या को उकसाने में आरोपी महिला पकड़ी

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी महिला बिट्टन को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है कि आरोपी महिला बिट्टना पत्नी स्व. मोदनवाल जिले के उमरीबेगमगंज थानाक्षेत्र के मंगुरा बाजार की रहने वाली है। पुलिस महिला की काफी दिनों से तलाश कर रही थी।

# उमरीबेगम पुलिस ने तमंचे के साथ दबोचा

गोण्डा। थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आरोपी हरीश सिंह उर्फ हरी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद करने का दावा किया है। उसके खिलाफ आर्म्स ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि हरीश सिंह उर्फ हरी क्षेत्र के ग्राम पूरे अवदान पुरवा मौजा सेमरी कला का निवासी है। पुलिस ने बताया कि हरी के विरुद्ध और भी कई शिकायतें लगातार मिल रही थीं।

# पिता-पुत्र समेत पांच पर मुकदमा

संवादसूत्र, आर्यनगर (गोंडा) : कौड़िया थाना के बनकटी रामापुर गांव निवासी सुशील कुमार तिवारी की मौत के मामले में पांच लोगों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया है। स्वजन की मांग पर शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया। मंगलवार की सुबह सुशील तिवारी का शव गांव के बाहर बाग में आम के पेड़ से लटका हुआ पाया गया था।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लटकने से सुशील के मौत की पुष्टि हुई थी। दोबारा पोस्टमार्टम व आरोपितों पर मुकदमा कराने और विवेचना दूसरे थाने से कराने की मांग को लेकर स्वजन व ग्रामीणों ने कर्नलगंज-आर्यनगर मार्ग पर शव कर प्रदर्शन किया था। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन पर करीब पांच घंटे के बाद मृतक के स्वजन शांत हुए। मृतक सुशील कुमार तिवारी के पिता शेषधर उर्फ प्रहलाद की तहरीर पर हरखापुर निवासी श्रीराम कौशिक, उनकी पत्नी, बेटा, बेटी सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया। शेषधर का आरोप है कि आरोपितों ने उसके बेटे की हत्या कर साक्ष्य मिटाने के लिए गांव के बगल स्थित बाग में पेड़ से लटका दिया था। सुशील (मृतक) का मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल आरोपितों के यहां पाया गया था। थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम ने कहा कि मृतक के पिता की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा किया गया है। शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया।

# बाल अधिकारों पर चर्चा कर दिए सुझाव

संसू, गोंडा : रिजर्व पुलिस लाइन में बाल किशोर पुलिस इकाई की बैठक आयोजित की गई। इसमें बाल अधिकारों पर चर्चा हुई। गुमशुदा/अपहृत बच्चों की बरामदगी, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम व पाक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बालसंरक्षण, पाक्सो एक्ट, जेजे एक्ट के बारे में बताया।

# रंगदारी न देने पर कर्मी को पीटा, मुकदमा दर्ज

संसू,कर्नलगंज(गोंडा) : रंगदारी न देने पर कर्मचारी की पिटाई किए जाने के मामले में पुलिस ने धर्मेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी निवासी ग्राम गौरवाखुर्द को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

मनोकामना इंडेन गैस एजेंसी पर तैनात कर्मी प्रियांशु कुमार निवासी जरवल रोड जिला बहराइच को गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए पैसों की मांग की थी। सीसी कैमरे में वारदात कैद हो गई। पुलिस ने मारपीट व रंगदारी वसूलने का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की।

बुधवार को कोतवाली के उपनिरीक्षक प्रमोद अग्निहोत्री व आरक्षी अवनीश कुमार ने धर्मेंद्र सिंह उर्फ बजरंगी को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि आरोपित को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ की जा रही है।

# प्रधान के बेटे की हत्या का एक आरोपित गिरफ्तार

संसू, गोंडा : छपिया थाना के तांबेपुर गांव की प्रधान इसरावती के बेटे दुर्गेश सिंह उर्फ भोलू की हत्या के एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

हत्या कर घटना में संलिप्तता के आरोप में दो लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

मृतक भोले के भाई राहुल सिंह की तहरीर पर गांव के ही विक्रम पटेल उर्फ विक्की, बलजीत, अवधेश वर्मा व एक अज्ञात के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा किया गया था। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें लगाई गई थीं।

सीओ मनकापुर ने कहा कि आरोपित विक्रम उर्फ विक्की को अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीमें दबिश दे रही हैं।

# गैस एजेंसी कर्मचारी को पीटा, गिरफ्तार

**रंगदारी देने से मना करने पर हुआ था विवाद**

**करनैलगंज (गोंडा)।** नगर की मनोकामना इंडेन गैस एजेंसी पर तैनात कर्मचारी से रंगदारी मांगने पहुंचे एक दबंग ने मना करने पर युवक की जमकर पिटाई की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट व रंगदारी वसूलने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक तमंचा बरामद किया है। करनैलगंज के मनोकामना इंडेन गैस एजेंसी पर प्रियांशु कुमार निवासी जरवल रोड बहराइच नौकरी करता है। बताया कि गौरव खुर्द निवासी बजरंगी सिंह गोदाम कर्मियों से वसूली करते थे और जान से मारने की धमकी देते रहते थे। बुधवार को बजरंगी सिंह गोदाम पर पहुंचा और उससे रुपये मांगने लगा। मना किया तो दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। लोगों की भीड़ जमा होने पर भाग गया। वह गोदाम से गैस एजेंसी पहुंचा तो वहां पहुंचकर दोबारा मारपीट की। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह का कहना है कि सीसी कैमरे की फुटेज और तहरीर के आधार पर मुकदमा किया गया है। संवाद

# छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

**इटियाथोक (गोंडा)।** किशोरी से छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। खरगूपुर नगर पंचायत क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय एक किशोरी के साथ युवक ने छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत की। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मोहित कश्यप के विरुद्ध छेड़छाड़ एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। (संवाद)

# हंगामे के बाद दोबारा कराया गया सुशील का पोस्टमार्टम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बाग में पेड़ से लटका मिला था शव, परिजनों ने लगाया था हत्या का आरोप**

**डीएम के आदेश पर तीन डॉक्टरों के पैनल ने किया पीएम, रिपोर्ट का इंतजार**

**दुबहा बाजार (गोंडा)।** कौड़िया के बनकटी गांव में मंगलवार सुबह पेड़ पर फंदे से लटके मिले सुशील कुमार तिवारी का बुधवार को पुलिस ने तीन डॉक्टरों के पैनल से दोबारा पोस्टमार्टम कराया। हालांकि अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। वहीं, मामले में कौड़िया थाने में युवती समेत लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कौड़िया थाना क्षेत्र के बनकटी गांव निवासी शेषधर उर्फ प्रहलाद तिवारी का बेटा सुशील कुमार तिवारी (19) सोमवार सुबह एक युवती की कॉल आने के बाद बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला था। मंगलवार सुबह संदिग्ध हालात में उसका शव आम के पेड़ से लटका मिला था। सुशील की बाइक व मोबाइल फोन युवती के पास मिला था। सुशील के परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी से मौत होने का पता चलने पर आक्रोशित परिवारीजनों व ग्रामीणों ने आर्यनगर-करनैलगंज मार्ग पर सुशील का शव रख जाम लगाकर प्रदर्शन किया था। परिवारीजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धांधली का आरोप लगाकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने डॉक्टरों के पैनल का गठन करके दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की। सीओ मुन्ना उपाध्याय के आश्वासन पर परिवारीजन शांत हुए थे। मामले में सुशील के पिता शेषधर उर्फ प्रहलाद तिवारी की तहरीर पर थाना कौड़िया में हरखापुर गांव निवासी श्रीराम कौशिक, उनकी पत्नी, पुत्र अंकित, पुत्री व एक अन्य के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

कौड़िया थानाध्यक्ष मदनलाल गौतम ने बताया कि बुधवार को सुशील की पोस्टमार्टम रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर पूरे मामले की जानकारी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट डॉ. उज्ज्वल कुमार ने दोबारा पोस्टमार्टम कराने का आदेश जारी किया। इसके बाद डॉ. रामलखन, डॉ. कुलदीप व डॉ. आफताब आलम के पैनल ने सुशील का दोबारा पोस्टमार्टम किया।

# भोलू हत्याकांड में पूर्व प्रधान के पुत्र को दबोचा

**गोंडा।** ताबेपुर गांव के भोलू सिंह हत्याकांड में पुलिस ने बुधवार को पूर्व प्रधान के पुत्र व आरोपी विक्रम वर्मा उर्फ विक्की को गिरफ्तार किया है। छपिया थाना क्षेत्र के ताबेपुर की प्रधान ईश्वरवती के बेटे दुर्गेश उर्फ भोलू सिंह की रविवार दोपहर गांव में ही बाइक सवार तीन हमलावर गोलियां मारकर हत्या करके भाग गये थे। भोलू की पत्नी दामिनी सिंह चुनावी रंजिश में पति की हत्या का आरोप लगाते हुए पूर्व ग्राम प्रधान के बेटे विक्रम वर्मा उर्फ विक्की, बलजीत वर्मा, अवधेश वर्मा व एक अन्य के खिलाफ छपिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार रात पुलिस ने आरोपी विक्रम वर्मा उर्फ विक्की को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से वारदात में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद हुए हैं। मुख्य आरोपी बलजीत वर्मा की पत्नी सुभावती पटेल व सत्यराम वर्मा को पहले ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मुख्य आरोपी बलजीत वर्मा और अभियुक्तों को शरण देने वालों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। संवाद

# बाढ़ की भी दस्तक, दो तहसीलों में अलर्ट

**सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जाना हाल, तैयारियों की दी गई जानकारी**

**बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की 24 चौकियों पर हुई कर्मचारियों की तैनाती**

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** मानसून के साथ बाढ़ का खतरा भी मंडराने लगा है। करनैलगंज और तरबगंज तहसील के 24 से अधिक गांवों में बाढ़ के संभावित संकट से निपटने की तैयारी प्रशासन ने पूरी कर ली है। 24 बाढ़ चौकियों पर कर्मचारियों की तैनाती कर निगरानी बढ़ा दी गई है। 34 शरणालय बनाए गए हैं, जिससे बाढ़ आने पर प्रभावित लोगों को ठहराया जा सके। भोजन, पेयजल आदि की व्यवस्था का टेंडर भी करा दिया है। सीएम ने बुधवार को बाढ़ के संभावित संकट से निपटने की तैयारियों की एनआईसी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा किया।




गोंडा के एनआईसी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मौजूद डीएम व अन्य अधिकारी। -संवाद

बारिश के साथ ही नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ का संकट बढ़ जाता है। इस बार बारिश में देरी होने से बाढ़ का खतरा अभी तक नहीं रहा। दो दिन से रह-रहकर बारिश होने और नेपाल में पहाड़ी नालों से पानी आने के संकेत से प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। करनैलगंज व तरबगंज के अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्क किया है। सात जुलाई को बाढ़ क्षेत्र में मॉकड्रिल कराने की तैयारी की गई है। जिससे बचाव व राहत कार्य का अभ्यास भी लोगों को रहे। पशुपालन विभाग को बाढ़ चौकियों पर ड्यूटी दी गई है, जिससे संभावित बाढ़ के खतरे के समय पशुओं के चारे का इंतजाम हो सके और दवाओं की व्यवस्था हो। साथ ही सीएमओ को बाढ़ चौकियों पर दवाओं के इंतजाम करने को कहा गया है।

एडीएम सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि तीन सौ नावों को चिन्हित किया गया है, जिन्हें जरूरत पड़ने पर लोगों की मदद के लिए लगाया जाएगा। वीडियो कांफ्रेसिंग में सीएम ने जिले में तैयारियों की जानकारी की। साथ ही निर्देश दिया कि पूरी सर्तकता बरती जाए और बाढ़ के समय किसी को दिक्कत न होने पाए।

## ऐली बांध का निर्माण जल्द पूरा करने पर जोर

**भिखारीपुर** सकरौर बांध ऐली परसौली गांव तक बना है। इसमें कटान होने की जानकारी से रिंग बांध का निर्माण हो रहा है। बीते दिनों जिलाधिकारी ने बांध का निरीक्षण भी किया था और चल रहे कार्य को समय से पूरा कराने की हिदायत दी थी। चंदापुर किटौली के पास भी बाढ़ का ज्यादा खतरा रहता है। डीएम ने निरीक्षण कर जरूरी कार्य कराने के निर्देश दिए थे। डीएम ने बाढ़ खंड के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द बांध व अन्य निर्माण कार्य पूरे करा लिए जाएं। बांध से किसी तरह की दिक्कत लोगों को न हो।

“ बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया गया है और नियमित निगरानी की जा रही है। किसी तरह से बाढ़ प्रभावितों को परेशानी न होने पाए, इसके लिए तैयारी पूरी है। अभी फिलहाल बाढ़ की स्थिति नही है।

**- सुरेश कुमार सोनी,** एडीएम

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 30-06-2022

अवसर 30 जून सायं 5 बजे निश्चित है। (संवाद)

## रात्रि गश्त पर निकली पुलिस

**बलरामपुर।** एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देश पर मंगलवार की शाम जिले के सभी 15 कोतवाली व थानों की पुलिस ने गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शराब के दुकानों की चेकिंग की गई। रात में बेवजह घूमने वालों से पूछताछ की गई और उन्हें घर में रहने की सलाह दी गई। (संवाद)

## बेटियों व महिलाओं को किया जागरूक

## बेटियों व महिलाओं को किया जागरूक

**बलरामपुर।** जिले के सभी 15 कोतवाली व थानों में तैनात एंटी रोमियो टीम ने बुधवार को गांवों व नगरों का भ्रमण कर बेटियों व महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान के दौरान बेटियों व महिलाओं को सरकारी सेवाओं व हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई। एसपी राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में अभियान चलाया गया। (संवाद)

## चोरी के गहने व नकदी समेत आरोपी गिरफ्तार

**ललिया (बलरामपुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गत तीन जून को हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को चोरी के गहने व नकदी के साथ धर दबोचा है। आरोपी के एक अन्य साथी को पुलिस तलाश रही है। ललिया बाजार निवासी मनमोहन तिवारी ने गत चार जून को घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। (संवाद)

# रिजवान की 10.80 करोड़ की संपत्ति जब्त

## फिरोज हत्याकांड की साजिश के आरोप में जेल में बंद है पूर्व सांसद व दामाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** तुलसीपुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज अहमद पप्पू के हत्या की साजिश में जेल में बंद पूर्व सांसद रिजवान जहीर की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बुधवार को पुलिस ने रिजवान जहीर की पत्नी के नाम से लखनऊ में खरीदी गई 10.80 करोड़ रुपये कीमत की संपत्ति जब्त कर ली। इससे पहले भी तुलसीपुर तथा लखनऊ में रिजवान जहीर की करीब सात करोड़ की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि पूर्व सांसद रिजवान जहीर को यूपी के टॉप-10 गैंगस्टर अपराधियों में शामिल किया गया है। इसी के तहत रिजवान और उसके परिवारीजनों की संपत्तियां जब्त की जा रही हैं। बुधवार को लखनऊ में एसीपी गाजीपुर राजकुमार सिंह, गैसड़ी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश चौहान तथा मड़ियांव इंस्पेक्टर अनिल सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने मड़ियांव के ग्राम अल्लूनगर डिगुरिया में तीन स्थानों पर रिजवान जहीर की पत्नी हुमा रिजवान के नाम से खरीदी गई जमीन जब्त कर ली। इन भूखंडों का कुल क्षेत्रफल 0.967 हेक्टेअर है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 10 करोड़ 80 लाख रुपये है।

### गैंगस्टर की बेटी जेबा रिजवान रिहा



जेबा (फाइल फोटो) -संवाद

**बलरामपुर।** तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष फिरोज अहमद पप्पू की हत्या की साजिश में पिता व पूर्व सांसद रिजवान जहीर तथा पति रमीज के साथ जेल में बंद सपा नेता जेबा रिजवान को जमानत मिल गई है। बुधवार सुबह उसे जेल से रिहा कर दिया गया। विदित हो कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष फिरोज अहमद पप्पू हत्याकांड में पुलिस ने पूर्व सांसद रिजवान जहीर, उसकी बेटी जेबा रिजवान तथा दामाद रमीज को साजिश का आरोपी बनाकर गत नौ जनवरी को जेल भेजा था। इन लोगों के साथ ही वारदात में तीन और लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने जेल भेजने के बाद पूर्व सांसद रिजवान जहीर को यूपी के टॉप-10 गैंगस्टर की सूची में शामिल करके तुलसीपुर तथा लखनऊ स्थित उसके मकान, प्लॉट आदि के साथ ही बैंक खातों को जब्त कर लिया था। इसी बीच जिला प्रशासन ने रिजवान जहीर पर रासुका के तहत कार्रवाई भी कर दी। मई के आखिरी सप्ताह में जेबा को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। रिहाई के लिए सत्यापन की प्रक्रिया चल ही रही थी कि जिला प्रशासन ने जेबा के खिलाफ भी रासुका के तहत कार्रवाई कर दी। इससे उसकी रिहाई नहीं हो पाई थी। प्रदेश सरकार ने जेबा पर रासुका के तहत कार्रवाई को मंजूरी भी दे दी। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि जेबा पर रासुका की कार्रवाई को अभी गृह मंत्रालय से मंजूरी नहीं मिली है। इसी वजह से हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से मिली जमानत के आधार पर बुधवार को उसे जेल से रिहा कर दिया गया। उधर, जेबा की रिहाई से उसके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। उसके घर पर मिलने वालों का तांता लगा हुआ है। संवाद

# पॉक्सो एक्ट के दोषी को सजा

बलरामपुर। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश ने दोषी को छह वर्ष कठोर कारावास तथा आठ हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

उतरौला निवासी पीड़िता ने थाने में छह जनवरी 2022 को तहरीर दिया कि उसकी 10 वर्षीय पुत्री अपने नानी के यहां गई थी। वहां काल्पमजोत निवासी नंगे उर्फ अली बहादुर उसकी पुत्री को छेड़ता है। वह उसकी पुत्री को खेत में खींच कर ले जा रहा था हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों ने उसकी पुत्री को बचाया दोषी व्यक्ति ने उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दी।

# चोरी के जेवरात संग अभियुक्त गिरफ्तार



कार्यालय में पकड़े गए चोर के बारे में जानकारी देतीं एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव बाएं ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

**संसू, बलरामपुर :** ललिया निवासी मनमोहन तिवारी के घर में तीन जून की रात हुई चोरी का राजफाश पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने मंगलवार की रात शिवानगर के पास अभियुक्त गोरेलाल निवासी वीरपुर को गिरफ्तार कर लिया। अब पुलिस उसके साथ हिस्ट्रीशीटर अपराधी इंदर निवासी सुल्ताना विशेश्वरगंज बहराइच की तलाश कर रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि चार जून को ललिया निवासी मनमोहन तिवारी ने घर में 15 हजार रुपये नकद व लाखों रुपये के जेवरात चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुखबिर की सूचना पर ललिया प्रभारी निरीक्षक संतोष तिवारी ने अपनी टीम के साथ अभियुक्त गोरेलाल को शिवानगर के पास दबोच लिया। उसके पास सोने के दो मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठी, 11 चांदी के सिक्के व 930 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में गोरेलाल ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार हिस्ट्रीशीटर इंदर के साथ मिलकर पहले से रेकी कर रहा था। तीन जून की रात उसने मनमोहन तिवारी के घर में घुसकर नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित गृहस्वामी मनमोहन तिवारी ने जेवरात की पहचान कर ली है। एएसपी ने बताया कि इंदर के विरुद्ध विभिन्न थानों में तीन दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्त गोरेलाल के विरुद्ध ललिया थाना में पांच, देहात कोतवाली में एक व खरगूपुर गोंडा में एक मुकदमा दर्ज है। टीम में प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक अमरजीत यादव, कांस्टेबल संदीप कुमार व प्रदीप कुमार शामिल रहे।

# पाक्सो एक्ट के दोषी को छह वर्ष का कठोर कारावास, अर्थदंड भी लगा

**जासं, बलरामपुर :** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अपर सत्र न्यायाधीश महेंद्र नाथ ने दोषी को छह वर्ष कठोर कारावास और आठ हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अर्थदंड न अदा कर पाने पर दोषियों को तीन माह की अतिरिक्त साधारण सजा भुगतनी पड़ेगी। थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने थाने में छह जनवरी 2022 को तहरीर दिया कि उसकी नाबालिग बेटी अपनी नानी के यहां गई थी। वहां कायमजोत निवासी नंगे उर्फ अली बहादुर छेड़ता है। वह उसकी पुत्री को गन्ने के खेत में खींच कर ले जा रहा था हल्ला मचाने पर आसपास के लोगों ने उसकी पुत्री को बचाया दोषी व्यक्ति ने उसकी पुत्री को भद्दी भद्दी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। शासकीय अधिवक्ता पाक्सो पवन शुक्ल ने बताया कि न्यायालय ने छह माह में सुनवाई कर मुकदमे का निस्तारण करते हुए दोषी को छह साल की सजा सुनाई है।

# पूर्व सपा सांसद की संपत्ति कुर्क

## लखनऊ में 10.80 करोड़ की संपत्ति जब्त जेबा को मिली जमानत

**संवादसूत्र, बलरामपुर** : पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन फिरोज पप्पू की हत्या के आरोप में जेल में बंद पूर्व सपा सांसद रिजवान जहीर की मुश्किलें बढ़ती जा रहीं हैं। चार जनवरी को पूर्व चेयरमैन की हत्या के बाद पूर्व सांसद समेत छह लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। मंगलवार को लखनऊ में उनकी पत्नी हुमा रिजवान के नाम से दर्ज 10 करोड़ 80 लाख रुपये की भूमि पुलिस ने कुर्क कर दी है। अब तक पूर्व सांसद की तुलसीपुर व लखनऊ में 17.68 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। उधर जेल में बंद पूर्व सांसद की बेटी जेबा रिजवान को जमानत पर रिहाई मिल गई है।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि रिजवान जहीर का नाम प्रदेश के गैंगस्टर आरोपितों की टाप टेन सूची में है। बताया कि मंगलवार को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ के निर्देशन में एसीपी गाजीपुर राजकुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मड़ियाव अनिल सिंह, गैंसड़ी कोतवाल ओमप्रकाश चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम मड़ियाव पहुंची। यहां पूर्व सांसद की पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हुमा रिजवान के नाम से दर्ज तीन जमीनों क्रमशः 0.068 हेक्टेयर, 0.252 हेक्टेयर व 0.647 हेक्टेयर को कुर्क किया गया। तीनों जमीन की कीमत 10 करोड़ 80 लाख रुपये है। इससे पहले पूर्व सांसद की तुलसीपुर व लखनऊ में स्थित 6.88 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है।



लखनऊ के मड़ियाव गांव में पूर्व सपा सांसद रिजवान जहीर की संपत्ति कुर्क करते पुलिस अधिकारी ● फोटो पुलिस मीडिया सेल



जेबा रिजवान ● जागरण आर्काइव

**जेल से रिहा हुई जेबा** : पूर्व चेयरमैन हत्याकांड में जेल में पिता रिजवान जहीर व पति रमीज नेमत के साथ बंद जेबा रिजवान को हाईकोर्ट से जमानत मिलने पर रिहा कर दिया गया है। नौ जनवरी को जेबा रिजवान, पिता पूर्व सांसद समेत छह अभियुक्तों को जेल भेजा गया था। जिला प्रशासन ने पूर्व सांसद पर एनएसए की कार्रवाई भी कर दी। मई के आखिरी सप्ताह में जेबा को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। अभी रिहाई के लिए सत्यापन चल ही रहा था कि प्रशासन ने इनके ऊपर भी रासुका लगा दिया, जिससे रिहाई रुक गई। जेबा के ऊपर लगे एनएसए को केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय से मंजूरी नहीं मिली। इसी वजह से उनको हाईकोर्ट से मिली जमानत के आधार पर बुधवार को जेल से रिहा कर दिया गया है।

**अपने जिले और प्रदेश की अन्य खबरें पढ़ें www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर**

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 30-06-2022

# भू माफिया गब्बर पर एक और केस

## शिकंजा

**बहराइच, संवाददाता।** जिला कारागार में निरुद्ध भू माफिया देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। देहात कोतवाली में जिला अस्पताल के सीएमएस रहे डा. डीके सिंह ने गब्बर व उसके अन्य साथियों के विरुद्ध बलवा, धमकी, सम्पत्ति पर कब्जा व सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम में केस दर्ज कराया है।

जिला अस्पताल में सीएमएस रहे डा. डीके सिंह की देहात कोतवाली के जेल रोड पर केडिया हास्पिटल के पीछे 16 बिस्वां का प्लांट है। जिसे उन्होंने खरीदा और रजिस्टर्ड बैनामा कराया था। प्लाट के पास सार्वजनिक रास्ता था। स्थानान्तरण के बाद वह दूसरे जिले में चले गए। आरोप है कि लगभग दो वर्ष पूर्व गब्बर सिंह ने उनके प्लाट की भूमि व सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर कब्जा कर निर्माण करा लिया। जब इसकी जानकारी उन्हें हुई ।तब उन्होंने शहर आकर गब्बर सिंह से विरोध जताया। इस पर उनको बंधक बना लिया, और जानमाल की धमकी दी। उन्होंने इस मामले में कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाल सत्येन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बलवा,सम्पत्ति पर कब्जा अधिनियम के तहत देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह व उसके साथियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# सीओ महसी के खिलाफ पीड़ितों ने मोर्चा खोला

- कलेक्ट्रेट में आमरण अनशन शुरू किया
- विवेचना अन्य सीओ को सौंपने की मांग

बहराइच, संवाददाता। दहेज हत्या के मामले में 40 दिन के अंतराल पर भी एक भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। नामजद पति वारदात से पूर्व सऊदी अरब चला गया था। नाराज पीड़ितों ने शहर के कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर विवेचक बदलने, नामजदों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया है।

हरदी थाने के बैंकुठा के रानीपुरवा निवासी इश्हाक पुत्र अली रजा ने अपनी बेटी शरीफुन निशां की शादी पांच वर्ष पूर्व बौंडी थाने के नौबस्ता निवासी मेराज पुत्र मेंहदी से कई थी। शादी के बाद से ही दहेज में एक लाख नकदी, सोने की चेन, एक भैंस की मांग को लेकर शरीफुन को मारपीट कर उत्पीड़न किया जा रहा था। उसके तीन वर्ष का बेटा रेहान है। नौ मई को मेराज पत्नी को बिना बताए सऊदी अरब चला गया। 16 मई को इश्हाक को जानकारी हुई कि उसकी बेटी को ससुराल वालों ने पीट कर मार डाला है। वह तत्काल परिजनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचे, तो शरीफुन की लाश घर में पड़ी थी। उसका तीन वर्ष का बेटा रेहान मां के पास बैठा रो रहा था। पुलिस को सूचना दिए जाने पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा गया था। इस मामले में पति सहित चार के विरुद्ध दहेज हत्या का केस दर्ज कराया गया था। जिसकी विवेचना सीओ महसी को सौंपी गई थी।

# बाघ संरक्षित क्षेत्र सुजौली में तीन वन्यजीव शिकारी गिरफ्तार

## तीन कछुए व जीवित मछलियां व जाल बरामद, वन रेंज ने केस दर्ज कर जेल भेजा

**बहराइच, संवाददाता।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के संरक्षित वन इलाके में वन्यजीव शिकारियों की गतिविधियों में इजाफा हो रहा है। मंगलवार रात गश्त कर रही वन महकमे की टीम ने तीन वन्यजीव शिकारियों को दबोच लिया। उनके पास से जीवित कछुए, जीवित मछलियां व जाल बरामद हुआ। गहन पूछताछ के बाद बुधवार दोपहर उन्हें कोर्ट पर पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



सुजौली रेंज कार्यालय पर गिरफ्तार वन्यजीव शिकारी

डीएफओ आकाशदीप बधावन के निर्देश पर कतर्निया वन्यजीव प्रभाग के संरक्षित वन की सुजौली रेंज के सुजौली बीट कक्ष संख्या एक में संदिग्ध लोग देखे गए। मंगलवार रात गश्त पर निकले वन दरोगा शशिभूषण श्रीवास्तव, वन्य जीव रक्षक विजय पाल, चौकीदार दुलारे, बीट वाचर सूरज शुक्ला ने दबिश दी। वन महकमे की टीम ने तीन वन्यजीव शिकारियों को धर दबोचा। उनके पास से पांच जीवन कछुए, मछलियां, दो नायलान के जाल बरामद हुए। गिरफ्तार वन्यजीव तस्करों की पहचान थाना व मुकाम सुजौली निवासी रमेश, कामता व शिवलाल के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपियों को रेंज कार्यालय लाकर गहन पूछताछ की गई । तीनों को नामजद कर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट पर पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# पशु बाजार में खड़ी गाड़ियों का चालान

नवाबगंज। प्रत्येक बुधवार को नवाबगंज थाने के सामने राजा साहब की बाग में साप्ताहिक पशु बाजार लगती है। जिसे खरीदने के लिए क्षेत्र के तमाम लोग आते हैं, और अपने दुपहिया वाहनों को पशु बाजार में अतिक्रमण कर खड़ा करते हैं। एक माह के अंदर इसी पशु बाजार से दो बाइक एक रामनगर निवासी रशीद अहमद की एक सेमरा निवासी व्यक्ति की गायब हो चुकी है। थाना प्रभारी राम समुझ प्रभाकर ने बताया कि वहां पर बिना लाक के खड़ी 10 गाड़ियों का चालान किया गया।

# बंदरों के हमले में आधा दर्जन घायल

शिवपुर। खैरीघाट थाने के रामपुर धोबियाहार में बंदरों का आतंक है। मंगलवार रात छत पर सो रहे राम किशुन सहित छह लोगों को बंदरों ने काटकर घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी ले जाया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़े जाने की मांग की है।

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार हुआ

बहराइच। एसएचओ दद्दन सिंह, दरोगा राकेश कुमार सिंह, सिपाही मानवेन्द्र सिंह ने गोड़हिया नम्बर एक के मजरे जयराजसिंह पुरवा में दबिश दी। पुलिस ने इसी गांव निवासी मयंकर यादव को चाकू के साथ गिरफ्तार किया।

# एएसपी सिटी ने शराब की दुकानों का निरीक्षण किया

- भारी पुलिस बल की गश्त देख शराब दुकानों से गायब हुआ जमघट
- शोहदों, आपराधिक प्रवृति के लोगों में खलबली मची

बहराइच, संवाददाता। आपराधिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए एसएसपी केशव कुमार चौधरी के निर्देश पर मंगलवार रात एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की अगुवाई में भारी पुलिस बल गश्त पर निकला। टीम में सीओ सिटी विनय कुमार द्विवेदी भी शामिल रहे।

एएसपी सिटी ने मंगलवार रात गश्त के दौरान पुलिस बल के साथ शहर में पैदल भ्रमण करते हुए शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्हें शिकायतें मिल रही थीं कि शहर में शराब की दुकानों के आसपास मयकशों का जमघट लगता है। मंगलवार रात जैसे ही एएसपी पुलिस बल के साथ गश्त पर दिखे, तो भीड़ गायब हो गई। उन्होंने संदिग्ध लोगों की चेकिंग कराई। संभ्रांत लोगों से मुलाकात कर कड़ी सुरक्षा का भरोसा दिया।

एएसपी ने शराब की दुकानों पर निरीक्षण के दौरान सेल्समैनों को अवयस्क लोगों को शराब न देने, दुकानों पर भीड़ न लगाने, सार्वजनिक स्थलों पर शराब न पीने, शराब की दुकानों के आसपास सड़क पर अतिक्रमण कर ठेलों को न लगने देने के निर्देश दिए। गश्त के दौरान दरगाह एसएचओ मनोज कुमार सिंह, नगर कोतवाल शैलेश सिंह, देहात कोतवाल सत्येन्द्र बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण पर खुद चला रहे हथौड़ा

**खौफ**

- हाईवे की पटरियों पर खड़े 250 दुकाने व मकानों को नोटिस
- चार जुलाई तक कब्जा न हटाने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

**बहराइच, संवाददाता।** नानपारा-रुपईडीहा हाईवे स्थित बाबागंज में पटरियों पर बने पक्के अवैध निर्माण को हटाने के लिए एनएचआई ने दुकानदारों व मकान मालिकों को नोटिस भेजी है। पांच दिनों के अंदर स्वयं अवैध निर्माण न हटाने पर बुलडोजर से ढहाने की चेतावनी दी गई है। एनएचआई के कड़े रुख का नतीजा है कि लोग अपने अवैध निर्माण पर खुद ही हथौड़े चल रहे हैं।

नानपारा तहसील क्षेत्र का नवाबगंज भारत-नेपाल को जोड़ने वाला एनएच 927 बाबागंज से होकर गुजरा है। बाबागंज में हाईवे के दोनों तरफ लोगों ने पटरियों पर अतिक्रमण कर पक्का मकान व दुकाने बना रखी हैं। इससे आए दिन हादसे व जाम की स्थिति बनी रहती है। इसको देखते हुए एनएचआई ने अवैध कब्जेदारों को चिह्नित किया है। इनकी संख्या 250 से अधिक है। पांच दिन पहले सभी को



बाबागंज में हाईवे की पटरी पर बने अवैध निर्माण को तोड़ा गया।

नोटिस भेजकर खुद ही अवैध अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। ऐसा न करने पर चार जुलाई से बुलडोजर से मकानों व दुकानों को ध्वस्त करने का अल्टीमेटम भी दिया गया है। ढहाने के दौरान आने वाला खर्च भी अतिक्रमण करने वालों से ही वसूला जाएगा। इस आदेश ने लोगों की नींद उड़ा दी है। निर्धारित समय सीमा से पहले ही लोग अपने मकानों व दुकानों को तोड़ रहे हैं।

**हाईवे के बीच से 15 मीटर तक खाली होगी जमीन:** ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हाजी अनवर ने बताया कि हाईवे के बीच से 15 मीटर की दूरी ली जाएगी। दोनों तरफ नाप कर लोग दुकानों को हटा रहे हैं। पहले एनएच की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। कई सालों बाद सरकारी जमीन बताकर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## डीएम से बरसात के बाद तक मांगी मोहलत

बहराइच। रामकुमार शर्मा, ज्ञानेंद्र भूषण पाठक, असलम हुसैन, अमित गुप्ता, विवेक गुप्ता, अनूप सिंह, गुलजार अहमद, विनोद गुप्ता, प्रदीप जायसवाल ने कहा कि जिलाधिकारी व एनएचआई को पत्र भेजकर बरसात तक अवैध अतिक्रमण हटाने पर रोक की मांग की गई है।

## अगैय्या में हटाया गया अतिक्रमण

बहराइच। हाईवे से सटे अगैय्या में भी पटरियों पर बने अतिक्रमण को लेकर एनएच ने सख्त रुख अपनाया है। यहां अवैध अतिक्रमण को बलपूर्वक ढहाया गया है। बाबागंज के लोग बुलडोजर चलने के बाद की कार्रवाई से बचने के लिए खुद ही अपना निर्माण तोड़ रहे हैं।

# लगा रहे थाने के चक्कर, फिर भी मायूसी

## थाना लाइव

संसू, फखरपुर (बहराइच) : बुधवार सुबह 11:10 बजे। थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा कार्यालय में बैठे उपनिरीक्षकों के साथ लंबित विवेचनाओं की जानकारी ले रहे थे। विवेचना में लापरवाही पर उपनिरीक्षक ओमशंकर गुप्त को फटकार लगाते हुए जल्द निस्तारण का निर्देश दे रहे थे। जामुन पेड़ के पास कुछ फरियादी शिकायतीपत्र देने का इंतजार करते मिले।

सुबह के 11.20 बजे ततेहरा निवासी सीताराम गौतम जमीन के विवाद का शिकायतीपत्र लेकर थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनकी जमीन को गांव के ही एक व्यक्ति ने जोत लिया है। दोपहर 12 बजे पूर्व माध्यमिक विद्यालय उमरी दहलो के प्रधानाध्यापक मुहम्मद सिराजुद्दीन पहुंचे। बताया कि बीती रात स्कूल में रखा सिलिंडर, भगोना, चूल्हा, भट्ठी आदि सामान चोर उठा ले गए हैं। इसके पहले भी 16 जून व 27 मार्च को चोरों ने स्कूल में चोरी की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने से लगातार चोरी हो रही है।



फखरपुर थाने में शिकायत सुनते थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ● जागरण



सलमा ● जागरण



सीताराम गौतम ● जागरण



आरती ● जागरण



मुनीजर ● जागरण

दोपहर पौने 12 बजे चंगिया निवासी सलमा पहुंचती हैं। वह कहती हैं कि बच्चों के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने उन्हें मारापीटा है। पुलिस के बुलाने पर तीसरी बार थाने आए हैं। उन्हें न्याय नहीं मिला। दोपहर 12 बजे यहां आए बौंडी थाना क्षेत्र के बिसवां निवासी मुनीजर ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी सीमा की शादी भारतपुरवा बिबियापारा निवासी रामनिवास के साथ की थी। ससुराल पक्ष बेटी को लेकर नहीं आ रहे हैं। पुलिस के बुलाने पर दूसरी बार थाने पर आए हैं। घंटे भर से बैठे हैं। दोपहर के एक बजे चुके थे। मुनीजरपुरवा खोचकीपुर निवासी आरती ने बताया कि घर में वह अकेली थी। रंजिश के चलते दबंगों ने उसकी पिटाई कर दी। कार्रवाई नहीं हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि करीब आधा दर्जन शिकायती पत्र आए हैं। इसमें नसीम के स्थगनादेश का अनुपालन कराया गया है। सीताराम गौतम, रामकली का मामला तत्काल निस्तारण करा दिया गया है। विद्यालय की चोरी की सूचना मिली है। जांच की जा रही है। अन्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

# दहेज हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

**बहराइच।** हरदी थाना क्षेत्र के रमवापुर गांव निवासी दहेज हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने खारिज कर दी। इसी मामले में एक अन्य अभियुक्त की अर्जी पहले भी खारिज की जा चुकी है। एडीजीसी क्रिमिनल फिरोज अहमद खान ने बताया कि वादी करीमा ने बेटी असरुन की दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें सलमान व पहलवान नामजद थे। 27 मई, 2022 को सलमान की जमानत अर्जी निरस्त हो चुकी है। बुधवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राकेश कुमार ने दूसरे अभियुक्त पहलवान की जमानत अर्जी भी निरस्त कर दी। (संवाद)

# 200 लीटर अवैध शराब बरामद, तस्कर फरार

## लखीमपुर से लाई जा रही थी शराब, आबकारी विभाग की टीम ने गिरिजापुर बैराज के पास पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** आबकारी विभाग ने मंगलवार देर रात छापा मारकर 200 लीटर अवैध शराब बरामद की। इस दौरान तस्कर मौके से फरार हो गये। बताया जा रहा है कि इस शराब में कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल किया गया है।

आबकारी विभाग को बीते कई दिनों से पड़ोसी जनपद लखीमपुर से भारी मात्रा में अवैध शराब तस्करी कर जनपद के सीमावर्ती गांवों में लाने की सूचना मिल रही थी। इस पर जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने वेष बदलकर सीमा क्षेत्र का भ्रमण कर जानकारियां जुटाने के बाद एसएसबी जवानों के साथ मंगलवार की देर रात सीमा क्षेत्र पर घेराबंदी थी।

इस दौरान लखीमपुर से बहराइच आने वाले मार्ग पर गिरिजापुरी बैराज के पास कुछ लोग मोटरसाइकिल से अवैध शराब लेकर आते दिखे। एसएसबी जवानों को देखकर वे शराब मौके पर फेंककर भाग खड़े हुए। मौके से एसएसबी जवानों ने 200 लीटर अवैध शराब बरामद की। जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम ने दो सप्ताह पूर्व भी सौ लीटर अवैध शराब इसी स्थान पर बरामद की थी। उन्होंने बताया कि इस शराब में चूहे मारने की दवा व सल्फास भी मिलाई जा रही है। इसके सेवन से लोगों को जान से भी हाथ धोना पड़ सकता है। ऐसे में ग्रामीणों को भी इस शराब के सेवन से बचना होगा। नहीं तो कभी भी अनहोनी हो सकती है।

**एसएसबी के जवानों की मदद से की गई कार्रवाई**

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी जनपद लखीमपुर से प्रतिदिन भारी मात्रा में अवैध शराब जनपद के सीमावर्ती गांवों में लाकर खपाई जा रही है। इस शराब के उत्पादन में नौसादर व यूरिया के साथ ही भारी मात्रा में प्रतिबंधित कीटनाशकों का भी प्रयोग किया जा रहा है। इसका खुलासा मंगलवार की देर रात बरामद अवैध शराब की बरामदगी के बाद हुआ है। जहरीली शराब की तस्करी होने से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, लोगों का कहना है कि बिना पुलिस की मिलीभगत के यह संभव नहीं है।

# कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त दो सिपाही लाइन हाजिर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** लखीमपुर खीरी से जिले में कच्ची शराब की तस्करी में संलिप्तता मिलने पर एसपी ने दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। यह कार्रवाई एसपी ने आबकारी अधिकारी की शिकायत पर की है। चर्चा है कि एसपी काफी नाराज है। वह सुजौली थानाध्यक्ष पर भी गाज गिरा सकते हैं।

आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने एसएसबी के सहयोग से सोमवार देर रात सुजौली थाना क्षेत्र में छापा मारा था। इस दौरान दो सौ लीटर कच्ची शराब बरामद की थी। कार्रवाई के दौरान पता चला था कि सुजौली थाने के दो सिपाही अवैध कारोबार में संलिप्त हैं। आबकारी अधिकारी ने इस बात की शिकायत एसपी से की। इस पर एसपी ने तत्काल दोनों सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया।

### क्या पहले से ही पता था?

जिला आबकारी अधिकारी ने कार्रवाई में एसएसबी का सहारा लिया। स्थानीय पुलिस को भनक तक न लग सकी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या आबकारी विभाग को पहले से ही पता था कि स्थानीय थाने के सिपाही संलिप्त हैं। इसी कारण पुलिस के बजाय एसएसबी का सहारा लिया गया।

*गलत कार्य करने पर बख्शा नहीं जाएगा :* सुजौली थाने में तैनात दो सिपाहियों की शिकायत मिली थी। उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। जांच के निर्देश भी दिए गये हैं। जांच के बाद आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गलत कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। - **केशव चौधरी**, एसपी, बहराइच

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 30-06-2022

# अधिकारियों ने जेल में कैदियों का हाल देखा

श्रावस्ती। जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शीतला प्रसाद ने जिला कारागार बहराइच का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल में बंद श्रावस्ती के कैदियों से मिल कर बातचीत की और समस्याएं जानीं। इसके साथ ही जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि कैदियों को सरकार की ओर से दी जा रही सभी सुविधाएं दी जाए।

# सीओ सिटी ने किया फ्लैग मार्च

लक्ष्मणपुर। बुधवार सुबह सीओ नगर अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने बन्ठिहवा, लक्ष्मनपुर बाजार, जोखवा बाजार आदि प्रमुख स्थानों पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीओ ने लोगों से भाईचारा बनाए रखने की अपील की। वहीं सोशल मीडिया पर धार्मिक व सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। सिरसिया पुलिस ने पहलवान पुत्र सेवंश निवासी बदलपुर थाना सिरसिया को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पर मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने पैदल गश्त करके लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है।

# 48 वाहनों का चालान किया

श्रावस्ती। पुलिस की ओर से चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान में मंगलवार को 48 वाहनों का मोटरवाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया। इसके साथ ही 51 हजार रुपए जुर्माना भी वसूला गया। एसपी ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

# जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें

श्रावस्ती। एएसपी केसी गोस्वामी ने बुधवार को जनता दर्शन में लोगों की शिकायतें सुनीं। इसके साथ ही थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाय।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

श्रावस्ती। सिरसिया पुलिस ने 25 हजार के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पकड़े गए अपराधी पर गैगेस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी। एसपी अरविन्द कुमार मौर्य ने बताया कि पकड़े गए आरोपी संजय वर्मा उर्फ डाक्टर पुत्र राम स्वरूप वर्मा पर कई मुकदमें दर्ज हैं।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा गैंगस्टर एक्ट का फरार आरोपित

**जासं, श्रावस्ती :** सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान फरार चल रहे गैंगस्टर एक्ट के आरोपित को उसके घर से दबोच लिया है।

एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण व इसकी रोकथाम के लिए एएसपी केशव चंद गोस्वामी व सीओ नगर अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में सिरसिया थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर थे। इसी दौरान गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहा आरोपित जोखवा बाजार निवासी संजय वर्मा उर्फ डाक्टर को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

एसपी ने बताया कि आरोपित काफी दिनों से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।



सिरसिया थाने में पुलिस हिरासत में फरार इनामी गैंगस्टर आरोपित ● जागरण

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा जोखवा बाजार पुलिस चौकी प्रभारी योगेंद्र नाथ, आरक्षी विनोद कुमार, सत्यम शुक्ल, आशीष कुमार मौर्या व संजीव कुमार शामिल रहे।

# महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**जासं, श्रावस्ती:** महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल टीम व नारी सुरक्षा दल ने जिले के विभिन्न गांवों, कस्बों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाई। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा का एहसास कराते हुए विभिन्न कानूनों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

सिरसिया क्षेत्र के रानीपुर भेला, तकिया, चौबेपुरवा, बड़ईपुरवा, पिपरहवा गांव में महिला आरक्षी संज्ञा भारती, अर्चिता यादव व सोनी देवी ने गांवों व कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून व नियमों के संबंध में जानकारी दी।

इसी प्रकार भिनगा कोतवाली, श्रावस्ती, गिलौला, सोनवा, सिरसिया, मल्हीपुर, इकौना व महिला थाने की नारी सुरक्षा दल ने गांव व कस्बों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करते हुए पंफ्लेट व पोस्टर वितरित किया।

## कच्ची शराब बरामद

**श्रावस्ती:** सिरसिया पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बदलपुर निवासी पहलवान को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। (वि.)

## पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**श्रावस्ती:** बुधवार को एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने कई थाना क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग की जा रही है। (वि.)

# एएसपी ने सुनी शिकायतें

**श्रावस्ती:** एएसपी केसी गोस्वामी ने बुधवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।(वि.)

# शांतिभंग में 15 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर मंगलवार रात अलग-अलग स्थानों से 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित उप जिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# 10 लीटर कच्ची शराब संग एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने मंगलवार रात गश्त के दौरान बदलपुर निवासी पहलवान को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। संवाद